ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण कृष्ण पक्ष 15 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 17 जुलाई 2023 • वर्ष-24 • अंक- 164 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

आनंद देवरकोंडा की 'बेबी' देखकर रो ... पेज 12 पर



## दूसरी सोमवारी पर भक्तों की उमड़ेगी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इन दिनों सावन का पावन महीना चल रहा है। 17 जुलाई को इस महीने का दूसरा सोमवार है। इसके साथ ही सोमवती अमावस्या भी है। दूसरी सोमवार के साथ ही एक माह का मलमास भी प्रारंभ शुरू हो रहा है। ऐसे में भक्तों की भीड़ शिव मंदिरों में उमड़ेगी। बाबा नगरी देवघर के बाबा वैद्यनाथ के दरबार में भी कांवरियों का रेला उमड़ेगा। इसे लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। इधर, राजधानी रांची में भी पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर पुख्ता इंतजाम कर लिए है। अपनी मनोकामनाओं को भगवान शिव से मांगते हुए शिवभक्त सोमवार के व्रत के साथ उनकी पूजा अर्चना करते है। इसे



लेकर राजधानी के पहाड़ी मंदिर में शिवभक्तों का हुजूम देखते ही बनती है। सावन के दूसरे सोमवार पर सोमवती अमावस्या और हरियाली अमावस्या का खास संयोग भी बन रहा है। साथ ही रूद्राभिषेक के लिए शिववास और पुनर्वसु नक्षत्र भी है। आपको बता दें, इस बार का सावन दो महीने का है। कल यानी 17 जुलाई को सावन महीने की अमावस्या की तिथि है जिसे हरियाली अमावस्या के नाम से जाना जाता है। इसे सोमवती अमावस्या भी कहा जाता है।

**व्रत की पूजा विधि :** सुबह-सबेरे सबसे पहले उठने के बाद भक्त स्नान और ध्यान करें, बाबा भोलेनाथ के साथ इस दिन देवी पार्वती की भी पूजा-अर्चना की जाती है। स्नान-ध्यान करने के बाद शिव मंदिर जाएं जो आपके घर के आस-पास हो और वहां जाने के बाद भगवान शिव के साथ देवी पार्वती के सामने बैठकर सोमवार की पूजा और व्रत का संकल्प लें। इस दिन आप देवी पार्वती को मेहंदी, चुनरी और सोलह श्रृंगार भी अर्पित कर सकते हैं।

**सनातन धर्म में सोमवार के व्रत का है विशेष महत्व :** बता दें, सनातन हिन्दू परंपरा के अनुसार सावन के इस पवित्र महीने में सोमवार के व्रत का एक विशेष महत्व होता है। ऐसी मान्यता है कि सावन के हर सोमवार को व्रत रखने से बाबा भोलेनाथ और मां पर्वती की विशेष कृपा मिलती है।

## राज्य के जिलों में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मानसून की झमाझम बारिश के लिए आसमान की ओर टकटकी लगाए झारखंड के अन्नदाताओं के लिए मौसम केंद्र रांची ने थोड़ा सुकून देने वाली खबर दी है। मौसम केंद्र रांची के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद ने अपने ताजा पूर्वानुमान में अगले दो दिनों तक राज्य भर में अच्छी बारिश और झारखंड के दक्षिणी और मध्य भाग वाले जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश की भी बात कही है। मौसम केंद्र रांची के प्रभारी निदेशक के अनुसार, शनिवार को नार्थ बंगाल की खाड़ी और गंगेटिक वेस्ट बंगाल के ऊपर बना साइक्लोनिक सकुर्लेशन अब लो प्रेशर एरिया में बदल कर उत्तर-उत्तर पश्चिम दिशा में बढ़ रहा है।



इसका असर नार्थ ओडिशा, गंगेटिक वेस्ट बंगाल और झारखंड के ऊपर पड़ेगा। इसके प्रभाव से ही अगले दो दिनों तक राज्य में अच्छी बारिश होने की संभावना है।

**जुलाई महीने में सामान्य से 78 प्रतिशत कम हुई है बारिश :** कृषि निदेशालय से मिले 14 जुलाई तक के आकंड़े के अनुसार राज्य में जुलाई महीने में 319 मिमी वर्षा की जगह मात्र 71 मिमी वर्षा हुई है जो सिर्फ 22.23% है। सामान्य से लगभग 78% कम बारिश का प्रभाव खेती पर साफ दिखना शुरू हो गया है। राज्य में 18 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में धानरोपनी का लक्ष्य निर्धारित है, जिसमें से 14 जुलाई तक महज 01 लाख 47 हजार 625 हेक्टेयर (8.20%) में ही धान का आच्छादन हुआ है। इसी तरह कम बारिश शेष पृष्ठ 11 पर

### इन जिलों में बहुत भारी बारिश की संभावना

मानसून की स्थिति को बेहद अनुकूल बताते हुए मौसम केंद्र रांची ने सोमवार को पश्चिम सिंहभूम, गुमला और सिमडेगा में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, खूंटी और रांची जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

## NEWS इन ब्रीफ

### बासुकीनाथ ड्यूटी से लौट रहे डॉक्टर की सड़क हादसे में मौत

**दुमका।** जिले के जामा थाना क्षेत्र के दुमका देवघर मुख्यमार्ग पर असंथर गांव के पास रविवार को सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दुमका एसडीओ कौशल कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान डॉ. राकेश रंजन के रूप में हुई है। डॉ. राकेश रंजन शनिवार की रात बासुकिनाथ मंदिर के संस्कार मंडप में बने स्वास्थ्य शिविर में ड्यूटी पर थे। रविवार सुबह वे बाइक से दुमका आ रहे थे तभी असंथर गांव के पास उनकी बाइक एक ब्रेकर में असंतुलित होकर पलट गयी। डॉक्टर ने हेलमेट नहीं पहना था इस वजह से सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौत हो गयी। मृतक डॉक्टर गोड्डा जिले के मेहरमा थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। थाना प्रभारी जितेंद्र साहू ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### गोड्डा में नहाने के दौरान नदी में बहा किशोर

**गोड्डा।** जिले के महागामा अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत हनवारा थाना के विश्वासखानी गेरुआ नदी में शनिवार को नहाने गए एक 15 वर्षीय नाबालिग के तेज बहाव में बहने के बाद काफी खोजबीन करने के बाद भी शव बरामद नहीं किया जा सका था।इस संबंध में पुलिस को सूचना के बाद बाद रविवार देर शाम करीब 4 बजे घटनास्थल पर शव को खोजने एनडीआरएफ की टीम पहुंची। इसी बीच बिहार के अमडण्डा थाना क्षेत्र के गेरुआ नदी में एक शव मिलने की सूचना मिली। शव की पहचान सूरज स्वर्णकार के रूप में किया गया।उल्लेखनीय है कि साहेबगंज निवासी शंभु स्वर्णकार का 14 वर्षीय पुत्र सूरज स्वर्णकार नाना के घर हनवारा थाना क्षेत्र के विश्वासखानी गांव में श्राद्ध कर्म में शामिल होने आया था।

### नाबालिग लड़की को किया अगवा, पुलिस ने आरोपी को दबोचा

**रांची।** चुटिया थाने की पुलिस ने नाबालिग लड़की को अगवा करने के मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम रजनीकांत है और वह पलामू का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार आरोपी और नाबालिग लड़की के बीच फेसबुक के माध्यम से दोस्ती हुई। इसी दौरान शनिवार को आरोपी रांची पहुंचा और नाबालिग को अपने साथ लेकर फरार हो गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को डालटनगंज से दबोच लिया। साथ ही नाबालिग को भी पुलिस ने बरामद कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है।

### राजधानी में होटल के बाहर अंधाधुंध फायरिंग

## दो को मारी गोली, गंभीर

### बाइक सवार अपराधियों ने की अंधाधुंध फायरिंग

### जमीन कारोबारी का है होटल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के रातू थाना क्षेत्र के हाजी चौक स्थित एक होटल में अंधाधुंध फायरिंग की गई है, इस फायरिंग में दो लोगों को गोलियां लगी हैं। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। घायलों में 50 वर्षीय जब्बार अंसारी और 34 वर्षीय इलिहास अंसारी शामिल हैं। दोनों घायल होटल के ही कर्मचारी बताया जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मुख्तार होटल में अचानक एक बाइक पर




सवार दो अपराधी पहुंचे और होटल की तरफ निशाना करके फायरिंग शुरू कर दी, इस फायरिंग में होटल के बाहर चाय पी रहे दो लोगों को गोलियां लगी हैं। फायरिंग की वजह से होटल के आसपास भगदड़ मच गई लोग इधर-उधर भागने लगे जिसका फायदा उठाकर दोनों अपराधी मौके से फरार हो गए। आनन-फानन में दोनों घायलों को रांची के रिम्स अस्पताल भेजा गया है जहां दोनों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

होटल मुख्तार रातू इलाके में रहने वाले जमीन कारोबारी कमरुल का है। आपको बता दें कि एक सप्ताह पहले ही उग्रवादी संगठन टीपीसी के नाम पर। जमीन कारोबारी जमीन कारोबारी कमरुल हक से 50 लाख शेष पृष्ठ 11 पर

### फोन कर मांगी गई थी 50 लाख की रंगदारी

कमरुल हक ने रांची के रातू थाने में रंगदारी को लेकर प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। दर्ज प्राथमिकी में जमीन कारोबारी ने बताया था कि उनके मोबाइल पर आलोक जी नाम के एक व्यक्ति ने फोन कर खुद को तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) कमांडर बताकर संगठन के संचालन के लिए पैसे की मांग की है। तथाकथित कमांडर आलोक जी ने कमरुल हक को जल्द से जल्द 50 लाख रुपये का इंतजाम करने को कहा है। जमीन कारोबारी कमरुल हक ने रंगदारी मामले में 3 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करवाया था।

## संजय हत्याकांड : हत्या के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

### जेल से बाहर सादे लिबास में तैनात थे पुलिस वाले

### कमल भूषण को मारी थी गोली

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिल्डर कमल भूषण के अकाउंटेट संजय कुमार सिंह की हत्या के एक और आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया है। पुलिस आरोपी को उस समय गिरफ्तार की, जब वह जमानत पर जेल से बाहर निकलकर अपने घर जा रहा था। गिरफ्तार आरोपी का नाम सोनू यादव है और वह सुखदेवनगर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस आरोपी से लगातार पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी सोनू ने कोर्ट में सरेंडर करने से पहले अकाउंटेट संजय की हत्या



के लिए दोनों शूटरों को हथियार दिया था। साथ ही जेल जाने के बाद मुख्य आरोपी राहुल कुजूर और डब्लू कुजूर के साथ संजय की हत्या की पूरी प्लानिंग की थी। अकाउंटेट की हत्या के आरोपियों ने पूछताछ में आरोपी सोनू के बारे में पुलिस को जानकारी दी थी। गिरफ्तार शूटरों ने पुलिस को बयान दिया था कि सोनू ने ही अकाउंटेट को मारने के लिए हथियार दिया था। इधर, पुलिस सोनू से पूछताछ कर रही है। यह पता कर रही है कि उसे हथियार कहां से मिला था। गौरतलब हो कि संजय की हत्या के मामले में पुलिस ने संदीप कुमार प्रसाद उर्फ धाबूस, आकाश कुमार वर्मा उर्फ शिवा उर्फ बालकटी, विवेक कुमार शर्मा उर्फ गुड्डू, सुशीला कुजूर और सदर थाना क्षेत्र के रहने वाले साहिल बाड़ा गिरफ्तार कर जेल भेजा है। अकाउंटेट की हत्या में शामिल शूटरों ने पूछताछ शेष पृष्ठ 11 पर

## मुख्यमंत्री के सचिव का फर्जी पीए गिरफ्तार

### नौकरी लगाने के नाम पर की ठगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सचिव आईएएस अधिकारी विनय चौबे का पीए बनकर ठगी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शख्स को लालपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार ठग रवि वर्मा ने खुद को विनय चौबे का पिए बता कर दर्जनों लोगों से ठगी को अंजाम दिया है।

लालपुर थाने की पुलिस ने एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। इस शातिर ठग ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सचिव विनय कुमार चौबे का पीए बनकर उनका धौंस दिखाकर कई अधिकारियों को ठगी का शिकार बनाया है।ठग पुलिस की गिरफ्त में तब आया जब उसने लालपुर थानेदार ममता कुमारी को ठगी का शिकार बनाने का प्रयास किया। राशि देने से इंकार करने पर आरोपी ठग ने उसे शोकॉज करने तक की धमकी दे डाली।इस मामले में जब पुलिस ने तफ्तीश की तो पता चला कि आरोपी नगर विकास सचिव का पीए नहीं है। लालपुर पुलिस ने रविवार को आरोपी को मोरहाबादी से गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम रवि वर्मा है। मूलरूप से लोहरदगा का रहने वाला ठग रवि वर्तमान में मोरहाबादी इलाके में किराए का मकान लेकर रहा रहा है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह आइएएस समेत कई अधिकारियों को नगर विकास सचिव का धौंस दिखाकर उसने लाखों रुपए की ठगी कर चुका है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। आरोपी रवि वर्मा मोरहाबादी स्थित एक किराए के मकान में रहता है। आरोपी रवि ने कई युवक युवतियों को भी नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे एंठने का काम किया है।

## विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होंगे सीएम हेमंत

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 की बड़ी लड़ाई को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए और कांग्रेस तथा अन्य सामान विचारधारा वाले विपक्षी



दलों की रणनीतिक मोचाबंदी शुरू हो गयी है। ज्यादा से ज्यादा समान विचारधारा वाले दलों को अपने खेमे में करने की कवायद दोनों ओर से की जा रही है। सत्तापक्ष और विपक्षी दलों के द्वारा कोशिश की जा रही है कि लोकसभा चुनाव से पहले अपने खेमे को मजबूत किया जा सके। केंद्र सरकार के खिलाफ मजबूत विपक्ष का साझा गठबंधन बनाने की कोशिशें तेज हो गयी है। समान विचारधारा वाले दल एकजुट करने के लिए पटना में हुई 23 जून की बैठक के बाद अब 18 जुलाई को बेंगुलरु में बैठक होनेवाली है। इस बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी न्योता मिला है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री सह झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन इस बैठक में शामिल होंगे।

## झारखंड के लिए देह व्यापार एक अभिशाप : चीफ जस्टिस




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महिला उत्पीड़न और देह व्यापार की रोकथाम पर रविवार को राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस रांची के ज्यूडिशियल एकेडमी में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि चीफ जस्टिस झारखंड संजय कुमार मिश्र शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत महिला उत्पीड़न पर जागरुकता से जुड़े पुस्तक के विमोचन के साथ हुआ। इसके बाद झारखंड सहित दूसरे राज्य से आए न्यायाधीशों ने महिला उत्पीड़न की रोकथाम पर व्याख्यान दिए। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र ने कहा कि झारखंड के लिए देह व्यापार और महिला उत्पीड़न एक संवेदनशील विषय है। अक्सर यह घटना पीड़ित के नजदीकी द्वारा किया जाता है। घटना के बाद सबसे बड़ी जिम्मेदारी आरोपित को सजा दिलाने को लेकर है। इसमें पुलिस अधिवक्ता और न्यायाधीशों की अहम भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि झारखंड के लिए देह व्यापार एक अभिशाप है। इसे कम करने की आवश्यकता है और शेष पृष्ठ 11 पर

## जमीन घोटाला : विष्णु अग्रवाल से ईडी आज करेगी पूछताछ

**रांची।** रांची जमीन घोटाले की जांच में ईडी सोमवार को झारखंड- बंगाल के चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल से पूछताछ करेगी। चेशायर होम रोड में फर्जी कागजातों के जरिए जमीन की डील के बाद नामकुम अंचल के पुगड़ू मौजा में 9.30 एकड़ खासमहल जमीन की डील को लेकर विष्णु अग्रवाल से ईडी आज पूछताछ करेगी। ईडी ने अबतक तीन बार विष्णु अग्रवाल से चेशायर होम रोड की जमीन की डील को लेकर पूछताछ की है। सोमवार को ईडी ने विष्णु अग्रवाल को पुगडू की जमीन से जुड़े सारे दस्तावेज व बैंक से हुए पेमेंट की डिटेल्स के साथ बुलाया है। गौरतलब है कि विष्णु अग्रवाल के द्वारा खरीदी गई 9.30 एकड़ खासमहल जमीन की डील से जुड़े 17 लोगों को अब ईडी ने समन कर दिया है। 19 जुलाई के बाद इन लोगों से रोजाना ईडी पूछताछ करेगी। ईडी ने जून महीने में ही पुगडु जमीन डील से जुड़े सारे दस्तावेज जिला प्रशासन से हासिल किए थे। ईडी ने इस मामले में आशीष कुमार गांगुली समेत 17 लोगों को समन किया है। आशीष ने 9 अगस्त 2019 को विष्णु अग्रवाल को यह जमीन बेची थी।

### 'चंद्रयान-3' की सफल लॉन्चिंग के बाद जोश में इसरो

## 'गगनयान' प्रोजेक्ट ने पकड़ी रफ्तार

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) के निदेशक एस उन्नीकृष्णन नायर ने कहा इसरो ने मनुष्य को अंतरिक्ष में पहुंचाने के लिए गगनयान मिशन पर काम शुरू कर दिया है। यह मिशन अभी शुरूआती चरण में है। उन्नीकृष्णन ने कहा कि गगनयान के वर्तमान परीक्षण चरण को इसरो द्वारा 'जी' स्तरीय परीक्षण कहा जाता है। इस चरण का 'जी' नाम प्रारंभ में गगनयान के पहले अक्षर के रूप में दिया गया है। उन्होंने बताया कि 'जी' स्तर के प्रयोग 7 चरणों में आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत अंतरिक्ष में रॉकेटों का परीक्षण किया जाएगा। जी स्तर पूरा करने और एच स्तर तक परीक्षण पास करने के बाद




इसरो वास्तविक गगनयान मिशन की तैयारी शुरू कर देगा। इसके लिए विभिन्न इसरो केंद्रों पर भी अध्ययन और गतिविधियां जारी हैं।

उन्होंने कहा कि 'गगनयान मिशन' अब अपने प्रारंभिक चरण में है। गगनयान मिशन का लक्ष्य इंसानों को पृथ्वी के 400 किलोमीटर अंदर भेजना और उन्हें सुरक्षित वापस लाना है। गगनयान उसी एलवीएम 3 एम4 रॉकेट का उपयोग करेगा, जिसका उपयोग चंद्रयान 3 को लॉन्च करने के लिए किया गया है। इसरो एलवीएम 3 एम4 रॉकेट लॉन्च करने को लेकर आश्वस्त है, जिसने सभी 7 मिशन सफलतापूर्वक लॉन्च किए हैं।

उन्नीकृष्णन नायर ने बताया कि गगनयान मिशन में पेलोड के अलावा मानव जीवन भी शामिल है। इसलिए इसरो गगनयान अंतरिक्ष मिशन में सुरक्षा पर अधिक ध्यान केंद्रित करता है। मनुष्यों को शेष पृष्ठ 11 पर

### चंद्रयान-3 की सफलता मानवता के लिए शुभ : पीएम



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने रविवार को कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता पूरी मानवता के लिए शुभ संकेत है। मोदी ने चंद्रमा पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की तीसरी महत्वकांक्षी परियोजना के लिए शुभकामनाएं देने के वास्ते भूटान के अपने समकक्ष लोटे शेरिंग का शुक्रिया अदा किया। इसरो ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण किया, जिसका लक्ष्य चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग की दुर्लभ उपलब्धि हासिल करना है। भूटान के प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, मैं चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण को लेकर इसरो और पीएम मोदी की तरह ही बेहद खुश हूं। यह क्षितिज से परे विज्ञान को समझने और कुछ नया सीखते रहने की आपकी दृष्टि एवं प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। शेरिंग ने कहा, भारत और मानवता को इस मिशन से अत्यधिक लाभ हो। अपने भूटानी समकक्ष के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए मोदी ने लिखा, महामहिम, आपके गर्मजोशी भरे शब्दों के लिए धन्यवाद। चंद्रयान की सफलता यकीनन पूरी मानवता के लिए शुभ संकेत है।

## रांची : पार्किंग विवाद में अपार्टमेंट के गार्ड की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

### साथ पीते थे गांजा, फिर होता था विवाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची पुलिस ने तुपुदाना के बसारगढ़ स्थित ओम डेवलपर्स अपार्टमेंट के गार्ड विद्यानंद शर्मा की लोहे के चापर से मारकर हत्या कर दी गई। इस वारदात को अपराधी ने शनिवार की रात अंजाम दिया। हालांकि मामले की जानकारी मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी का नाम संजय कुमार मिश्रा है और वह बसारगढ़ रोड नंबर दो का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रत्युत किया गया चापर समेत अन्य चीजें बरामद की है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है। मामले का खुलासा करते हुए सिटी एसपी शुभांशु जैन ने बताया कि आरोपी संजय और गार्ड विद्यानंद शर्मा साथ बैठकर अपार्टमेंट में ही गांजा पीते थे। संजय अपनी ऑटो उसी अपार्टमेंट में रोज लगाया करता था। इसको लेकर दोनों के बीच हर दिन विवाद हुआ करता था। शनिवार की रात भी संजय ने अपार्टमेंट के पार्किंग में ऑटो लगाया। गार्ड विद्यानंद उस पर भड़क गया और ऑटो को लगाने से मना किया। इस बात को लेकर दोनों के बीच बकझक शुरू हो गयी। बात इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच हाथापायी होने लगी। इसी दौरान आरोपी संजय आक्रोशित होकर ऑटो से चापर निकालकर गार्ड के सिर पर मार दिया। जिससे गार्ड मौके पर गिर गया और उसकी मौत हो गयी।

### जमीयतुल एराकीन भवन में लाइब्रेरी व स्टडी सेंटर का हुआ उद्घाटन

# पुस्तकालय बनाना इबादतगाह के समान है : विस अध्यक्ष



**पुस्तकालय आपको वो मंजिल देगी जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने ने कहा कि ये संस्था की बड़ी पहल है**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** अध्यक्ष झारखंड विधानसभा रबीन्द्र नाथ महतो बतौर मुख्य अतिथि एवं राजसभा सांसद महुआ मांजी ने संयुक्त रूप से रविवार को बहु बाजार रोड, रांची स्थित जमीयतुल एराकीन भवन में लाइब्रेरी एवं स्टडी सेंटर का उद्घाटन किया। यह लाइब्रेरी एवं स्टडी सेंटर जमीयतुल एराकीन संस्था के द्वारा छात्र एवं छात्राओं को पुस्तकालय सुविधा उपलब्ध कराने के खोला गया है। इस अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल के छात्राओं अतिथियों के सम्मान में स्वागत गान गाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता हसीब अख्तर सेवानिवृत्त डीडीसी सह संस्था के अध्यक्ष ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर अब्दुल सुभान, पूर्व सर्वे ऑफिसर, शमीम अख़्तर अधिवक्ता, हाजी एनामुल हक, टेक्निकल ऑफिसर मौजूद रहे। मंच का संचालन जमीयत के प्रवक्ता मुस्तकीम आलम वरिष्ठ पत्रकार ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रबीन्द्र नाथ महतो ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की पुस्तकालय की स्थापना समाज के लिए एक नेक शगुन है, इससे शिक्षा का विकास होता है। हम इबादत गाहें बनाते हैं, लाइब्रेरी की स्थापना एक बड़ी इबादतगाह है। हम दूसरे का धन प्रतिष्ठा नहीं ले सकते हैं लेकिन दूसरों से ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयं को पुस्तकालय को समर्पित कर दीजिए, पुस्तकालय आपको वो मंजिल देगी जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने ने कहा कि ये संस्था की बड़ी पहल है। लाइब्रेरी समाज में प्रतिभाओं के लिए एक पुरुस्कार के समान है और स्टडी सेंटर बिखरी हुई प्रतिभाओं को एकत्रित करने का बेहतरीन पहल है। पुस्तकें जीवन को सुसज्जित करती है। उन्होंने अपने क्षेत्र नाला के प्रत्येक पंचायत में बेकार पड़े सरकारी भवनों को कैसे पुस्तकालय के रूप में तब्दील कराए इस पहल को भी विस्तृत रूप से कार्यक्रम में लोगों से साझा किया। माननीय राज्य सभा सदस्य महुआ माझी ने कहा कि जमीयतुल एराकीन के द्वारा स्थापित पुस्तकालय एक महान पहल है।

### खूंटी में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**खूंटी।** डीएवी स्कूल खूंटी के पीछे आश्रम टांड़ मैदान के समीप एक मकान से पुलिस ने सोमवार की सुबह एक युवक का शव बरामद किया। शव की पहचान खूंटी के बिरहू गांव निवासी चरण महतो के 18 वर्षीय पुत्र सुमित कुमार के रूप में हुई। इस संबंध में सुमित के स्वजनों ने हत्या की आशंका से संबंधित प्राथमिक खूंटी थाने में दर्ज कराई है। बिरसा कॉलेज खूंटी में इंटर की पढ़ाई कर रहे सुमित का शव जिस मकान से बरामद किया गया, उस मकान को हाल ही में सुमित के फूफा ने बनवाया है। फिलहाल वह मकान अभी खाली है। सुमित के फूफा अपने परिवार के साथ अपने कार्य स्थल में ही रहते हैं। ऐसे में इस नवनिर्मित मकान की देखरेख के लिए उसकी चाबी सुमित के घर में रहती है। पुलिस के अनुसार मकान का दरवाजा खुला था और अंदर किचन के समीप सुमित का शव जमीन में पड़ा था।

# तेली समाज का अपमान के खिलाफ होगा भाजपा का पुतला दहन : कुंज बिहारी साहू



**नवीन मेल संवाददाता। कांके** राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन रांची जिला के तत्वावधान में कार्यवाहक जिला प्रभारी कुंज बिहारी साहू की अध्यक्षता में कांके प्रखंड अंतर्गत भामाशाह नगर, सुकुरहुट्टू पंचायत सचिवालय सभागार में एक दिवसीय बैठक संपन्न हुआ। बैठक में भाजपा के गुमला जिला मीडिया प्रभारी के द्वारा तेली समाज के लोगों को छुटभैये , नकाबपोश और अवसरवादी शब्दों से सम्बोधित करके तेली समाज के साथ-साथ हमारे सम्मानित नेताओं को अपमानित किया था। इस अपमान के विरोध में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के पदाधिकारीगण लगभग सभी जिला से अखबार के माध्यम से भाजपा के खिलाफ नाराजगी जताया और भाजपा को मांफी मांगने को कहा था, परन्तु अभी तक भाजपा अड़ियल रुख अपनाए हुए हैं। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि महासंगठन के कार्यवाहक कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू उपस्थित रहें। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक भाजपा माफी नहीं मांगती है तब तक भाजपा के खिलाफ चरणबद्ध विरोध कार्यक्रम जारी रहेगा ! इसी क्रम में 18 जुलाई दिन मंगलवार को राँची के अल्वर्ट एक्का चौक पर भाजपा का पुतला दहन करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के कार्यवाहक उपाध्यक्ष संजीव साहू,डॉ दानेश्वर साहू, जिला अध्यक्ष संजय साहू, कार्यकारी जिलाध्यक्ष अजीत साहू, महामंत्री हीरा लाल साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह प्रभारी कुंज बिहारी साहू, रोशन कुमार साहू अशोक कुमार साहू, रौशन कुमार साहू सहित समाज के दर्जनों युवा एवं अगुआ प्रतिनिधिगण शामिल होकर अपना अपना विचार रखें।

### ओबीसी का विशाल प्रदर्शन 28 जुलाई को



**रांची।** राज्य के 7 जिले में ओबीसी आरक्षण शून्य किए जाने, ओबीसी आरक्षण बढ़ाने, ट्रिपल टेस्ट के लिए आयोग के अध्यक्ष, सदस्य नियुक्त करने, जातीय जनगणना कराने के मुद्दे को लेकर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा सभी दलों को मांग पत्र सौंपेगा और 28 जुलाई को विधानसभा सत्र के दौरान धरना प्रदर्शन भी करेगा। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रेस वार्ता में प्रदेश कार्यालय में कहीं। उन्होंने कहा कि ओबीसी के अधिकारों के प्रति सत्ता और विपक्ष दोनों निष्क्रिय हैं। राज्य सरकार धड़ाधड़ रिक्तियां निकाल रही है। और ओबीसी समुदाय के छात्रों को दरकिनार की जा रही है। ऐसी परिस्थिति में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा राज्य सरकार से मांग करता है कि वह अविलंब ओबीसी का आरक्षण जनसंख्या अनुपात में 50% बढ़ाएं, 7 जिले में ओबीसी का आरक्षण जो शुन्य है उसे वहां बढ़ाए नहीं तो आने वाले लोकसभा चुनाव में ओबीसी समुदाय इसका जवाब देगा।

### सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचे लोग



**मांडर।** मांडर मिशन एन एच-75 में रविवार को सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग बाल-बाल बचे। चान्हो थाना क्षेत्र से आ रही हाइवा जेएच-05 बीके/3566मिशन कठचाचो मोड़ पर रुकी और खीस्त कालोनी के लिए दाहिना मुड़ कर डिवाइडर कट के ओर बढ़ी ही थी कि पीछे से आ रही बोलेरो सामने आ गई। हाइवा के धक्के से बोलेरो जेएच 13 जे/9125 असन्तुलित होकर रोड किनारे बनी बाईं ओर नाली में जाकर रुक गई और सभी उसपर सवार स्त्री पुरुष व बच्चे लगभग 7-8 लोग बाल बाल बचे ।संयोग अच्छा था कि सड़क पर कोई वाहन अथवा यात्री नहीं थे अन्यथा और भयावह स्थिति हो सकती थी ।मांडर पुलिस के गश्ती दल ने सभी घायलों को अपने ही वाहन में मांडर रेफरल अस्पताल ईलाज के लिए पहुंचाया ।घायलों में चतरा सजना से बेड़ो गमी में जा रहे 65 वर्षीय बिगनी कच्छप,64 वर्षीय सुकरा सांगा,65वर्षीय अन्द्रीयश होरो,35वर्षीय दीप्ति डोडराय,30वर्षीय सुशिला सांगा को ईलाज के बाद घर भेज दिया गया ।हाइवा चालक भागने में सफल रहा तथा बोलेरो के बाकी यात्री सुरक्षित बच गए ।मांडर पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने संरक्षण में ले लिया है।

### 18 वर्षों की सेवा के बाद भी बीआरपी-सीआरपी का मानदेय 18 हजार भी नहीं : कृष्णा प्रसाद



**लापुंग।** बीआरपी सीआरपी एसएस संघ झारखंड प्रदेश की जिला कमेटी रांची की बैठक जिला शिक्षा परिसर में आयोजित की गई। इस बैठक में जिला के विभिन्न प्रखंडों से बीआरपी सीआरपी एवं एसएस उपस्थित हुए । बैठक की शुरूआत जिला अध्यक्ष जनक मुंडा, कोषाध्यक्ष कमल कांत मेहता, महासचिव वासुदेव प्रियदर्शी उपाध्याय, अरविंद मिश्र तथा अनिरुद्ध कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर बैठक की शुरूआत की गई। इस मौके पर झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद ने कहा कि विभाग के पदाधिकारी इस बात को संज्ञान में नहीं देंगे कि 18 वर्षों से कार्यरत बीआरपी सीआरपी की सेवा शर्त नियमावली अभी तक क्यों नहीं बनाई गयी। बिगत 5 वर्षों से बीआरपी सीआरपी के मानदेय में कोई बढोतरी क्यों नहीं हुई यह एक बड़ा सवाल है । इन्हे ईपीएफ का लाभ क्यों नहीं मिलता। इनके साथ नियुक्त बीपीओ जिनका मानदेय एक समय लगभग समान था आज दोनों के मानदेय में 25 हजार से ज्यादा का अंतर है।

### बेड़ो में भाजपा के टिफिन बैठक का हुआ आयोजन

# मिशन 2024 के लिए कार्यकर्ता बूथ स्तर को करें मजबूत : गंगोत्री



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** बेड़ो प्रखंड के नरकोपी मंडल के मुरतो गांव में टिफिन बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने ग्रामीणों के साथ मिलकर आवश्यक रणनीति बनाई। उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर टिफिन बैठक के दौरान सामूहिक भोजन में हिस्सा लिया। इस दौरान आपस में मिशन 2024 के तहत विचार विमर्श कर रणनीति बनाई। वहीं एक साथ सभी मिलकर भोजन किया। इस मौके पर भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री ने कहा कि गांव के लोगों को आपस में मिलजुल कर सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ समाज को आगे बढ़ाने के लिए मिलजुल कर काम करने की जरूरत है। वहीं भाजपा के प्रदेश कार्यालय प्रभारी भोगेन सोरेन ने टिफिन बैठक को समरसता बैठक बताया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष राजीव रंजन अधिकारी, रांची जिला ग्रामीण एस टी मोर्चा उपाध्यक्ष भीखा उरांव, मंडल अध्यक्ष सुखदेव कच्छप, महामंत्री राजेश साहु, चंद्रकिशोर उरांव कलिंदर साहु, पार्वती मिंज, मुनी देवी, संजय गोप, देवलाल गोप, विनोद गोप, भुनेश्वर साहु, हरि साहु एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन की वार्षिक आम बैठक संपन्न



**रांची।** झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन की आम बैठक रविवार को हिनू स्थित ओम एनक्लेव एयरपोर्ट रोड में संपन्न हुई बैठक में अध्यक्ष अर्चित आनंद की अध्यक्षता में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया बैठक में सर्वप्रथम राज्य ( स्टेट) चैंपियनशिप रामगढ़ में कराने का निर्णय लिया गया वही धनबाद में पति बरस फेंसिंग लिग का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया। भीमराव अंबेडकर ऑफिशियल प्रतियोगिता भी कराया जाएगा, इसके अलावा सत्र 2022 का लेखा-जोखा तथा 20:23 का बजट भी प्रस्तुत किया गया बैठक में सचिव जयकुमार सिन्हा ने गत वर्ष का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया इस अवसर पर विशेष रुप से मेजबान रांची के अलावा रामगढ़ हजारीबाग चतरा गुड्डा गढ़वा सराय किला खूंटी पूर्वी सिंहभूम पश्चिम सिंहभूम साहिबगंज गुमला पलामू चतरा आदि जिले के सचिव अध्यक्ष व अधिकारी उपस्थित हुए धन्यवाद ज्ञापन सुशीला कुजूर ने किया।

### श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट द्वारा आयोजित 11 निर्धन जोडों का आदर्श सामूहिक विवाह संपन्न

**रांची।** संत स्वामी सदानंद जी महाराज द्वारा संचालित एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान में संस्था के वरिष्ठ सदस्य एवं गुरु जी के परम भक्त शिष्य ओमप्रकाश मीरा देवी आडुकिया की शादी की 50 वीं सालगिरह के सुअवसर आज का 96वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण 11 जोड़ो का आदर्श सामुहिक विवाह के साथ सम्पन्न कराया श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट ने। 11 जोडों का शुभ विवाह आचार्य शंकर लाल शास्त्री, गौरव कुमार शास्त्री एवं उनके सहयोगीयों द्वारा संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम) में सम्पन्न कराया गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही वर-वधु उनके अभिभावक और शादी में विवाह के साक्षी होने के लिए बाराती अपने परम्परागत वस्त्रों में सज-धजकर ढोल नगाड़े बजाते नाचते खुशी मनाते हुए आने लगे थे।



# लगातार 21 वर्षों से जारी है महादानी मंदिर में भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** सावन के महीने में शाम होते ही बेडो.के ऐतिहासिक महादानी मंदिर में प्रत्येक शाम श्रृंगार पूजा के दौरान सुगंधित फूलों की महक, भजनों की मिस्त्री सी मिठास तथा भोलेनाथ के भक्तिमय वातावरण आकर्षण का केंद्र होता है। लगातार 21 वर्षों से बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर में समाजसेवी और भगवान भोलेनाथ के भक्त विजय टंडन के पहल पर जारी भगवान भोलेनाथ के श्रृंगार पूजा का सफर लगातार जारी है। विजय टंडन के साथ-साथ मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक पंडा तथा महादानी सत्संग समिति भजन कीर्तन दल की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। विजय टंडन व मुख्य पुजारी अशोक पंडा ने बताया कि 2002 में श्रृंगार पूजा महोत्सव का शुभारंभ किया गया था। आज भी प्रत्येक शाम को अलग-अलग दिनों में अलग-अलग भगवान भोलेनाथ के भक्तों के द्वारा महादानी बाबा मंदिर का विभिन्न प्रकार के सुगंधित फूलों से भव्य श्रृंगार किया जाता है। गुलाब, चंपा, चमेली, रजनीगंधा, गेंदा, केतकी, कनैल, धतुरा सहित विभिन्न प्रकार के फूलों से और बेलपत्रों से मंदिर सहित बाबा भोलेनाथ का श्रृंगार पूजा भगवान भोलेनाथ के प्रति भक्ति की मिसाल प्रस्तुति अद्भुत परिदृश्य से परिपूर्ण और आकर्षण का केंद्र होती है। श्रृंगार पूजा का शुभारंभ सत्यनारायण व्रत कथा से शुरू होती है। प्रत्येक दिन अलग-अलग भक्त श्रृंगार पूजा के दौरान श्रृंगार सहित भंडारा का पूरा खर्च वहन करता है। श्रृंगार पूजा के पश्चात रात्रि 9:00 बजे प्रत्येक दिन प्रसाद का वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाता है। इस वर्ष सावन महीने में अब तक विदेशी साहु, विजय कुमार सिंह, अर्चित विश्वास, राजकुमार साहु, मुरारी सेनगुप्ता, अनिल कुमार उर्फ रिंकु, राजेश ठाकुर, मनीता देवी, मुकेश साहु, प्रदीप कुमार राय, अशोक सोनी, महावीर साहु तथा राजकुमार गुप्ता के द्वारा अलग-अलग दिनों में श्रृंगार पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। श्रृंगार पूजा के दौरान जैसे-जैसे ढलती है भक्तों की भक्ति का परवान चढ़ता जाता है।

### उपकारा खूंटी में जेल अदालत सह कानूनी जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन

**खूंटी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी के तत्वावधान में रविवार को उपकारा खूंटी में जेल अदालत सह कानूनी जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कैदियों को डायन कुप्रथा के बारे में जानकारी दी और कहा कि कमजोर तथा असहाय महिलाओं को मानसिक यातना देकर उनकी संपत्ति हड़पने की साजिश रची जाती है। इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। यह एक अपराध है, जिसमें छह माह से एक साल तक जेल तथा दो हजार रुपये का जुमार्ना भी हो सकता है। उन्होंने बताया कि किसी को डायन कहे जाने पर किसी ओझा या वह व्यक्ति जो दावा करता वह डायन को नियंत्रित करने की क्षमता रखता और गुनी-सोखा या किसी भी नाम से जाना जाता है, उसकी बातों में न आएं और इसकी सूचना पुलिस को दें। कार्यक्रम में डालसा के पैनल अधिवक्ता मदन मोहन राम के अलावा काराधीक्षक सहित अन्य उपस्थित थे।

### रातू हुरहुरी के चिलदाग में लगा नया ट्रांसफॉर्मर

**रातू।** हाटिया विधनसभा क्षेत्र के अंतर्गत हुरहुरी पंचायत के ग्राम चिलदाग बस्ती में 15 दिनों से खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर 100 केवी का ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष इमरान खान के प्रयास से रविवार को गांव में रोशनी आई। श्री खान ने फीता काट कर इसका उद्घाटन किया। मौके पर ग्राम समुह की महिला रीता देवी, अशोक मुंडा, फिरोज अंसारी, कयूम अंसारी, जिला उपाध्यक्ष गौतम कुमार सहित बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### झारखंड तैलिक साहू सभा की बैठक आयोजित

**रातू।** झारखंड तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो के आवासीय परिसर पर रविवार को जमीन विवाद मामले में बैठक आयोजित की गई। महेश महतो की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जमीन विवाद में 50 साल से चल रहे जमीन विवाद को खत्म किया गया इस इस मुकदमे में प्रथम पक्ष शिव धन साहू वगैरह एवं शंकर साहू नगड़ी निवासी में विवाद था जिसमें बरसों से एक दूसरे पर कई मुकदमा चल रहे थे।जिसे समाज के द्वारा समाप्त कर दिया गया। इस बैठक में झारखंड तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो, महासचिव मदन कुमार, समाजसेवी उपस्थित थे।

**घटना** झारखंड में वर्ष 2019 से अब तक पॉक्सो एक्ट की 1324 वारदातें

# धनबाद में सबसे ज्यादा 54 मामले हुए हैं दर्ज




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड में वर्ष 2019 से अब तक प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन अगेंस्ट सेक्सुअल ऑफेंस (पॉक्सो) की 1324 वारदातें हुई हैं। पुलिस मुख्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019 में पॉक्सो एक्ट के 239 वारदातों को अंजाम दिया है। इनमें धनबाद में 42, गिरिडीह में 10, हजारीबाग में 12, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 18, पलामू में 18, रांची में 28, साहिबगंज में 6, दुमका में सात, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में चार, बोकारो में 27, लातेहार में चार, जामताड़ा में चार, सरायकेला में तीन, देवघर में 10, गोड्डा में चार,गुमला में पांच, लोहरदगा में चार, चतरा में छह, गढ़वा में 14, कोडरमा में दो, खूंटी में दो, रामगढ़ में पांच और पाकुड़ में चार शामिल हैं। वर्ष 2019 में पॉक्सो एक्ट की सबसे अधिक 42 घटनाएं धनबाद में हुई है। इसी प्रकार वर्ष 2020 में 306 पॉक्सो एक्ट की वारदात हुई है। इनमें धनबाद में 54, गिरिडीह में 22, हजारीबाग में चार, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 18, पलामू में 24, रांची में 36, साहिबगंज में 14, दुमका में सात, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में सात, बोकारो में 22, लातेहार में छह, जामताड़ा में आठ, सरायकेला में 12, सिमडेगा में चार, देवघर में चार, गोड्डा में छह,गुमला में पांच, लोहरदगा में चार,चतरा में 14, गढ़वा में 14, कोडरमा में पांच, खूंटी में चार, रामगढ़ में नौ और पाकुड़ में तीन शामिल है। वर्ष 2020 में सबसे अधिक धनबाद में 54 पॉक्सो एक्ट की घटनाएं हुई हैं। वर्ष 2021 में पॉक्सो एक्ट की 284 घटनाएं हुई है। इनमें धनबाद में 53, गिरिडीह में 12, हजारीबाग में 15, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 20, पलामू 15, रांची में 23, साहिबगंज में 11, दुमका में 9, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा ) में आठ, बोकारो में 33, लातेहार में सात ,जामताड़ा में तीन , सरायकेला में आठ, देवघर में 10, गोड्डा में आठ , गुमला में 11, लोहरदगा में दो, चतरा में आठ, गढ़वा में 13, कोडरमा में चार, खूंटी में तीन, रामगढ़ में पांच और पाकुड़ में तीन शामिल है। वर्ष 2021 में सबसे अधिक धनबाद में 53 पॉक्सो एक्ट की वारदात हुई है। इसी प्रकार 2022 में पूरे राज्य में 338 पॉक्सो एक्ट की वारदात हुई है। इनमें धनबाद में 45, गिरिडीह में 16 ,हजारीबाग में 23, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 22, पलामू में 14, रांची में 33, साहिबगंज में 12, दुमका में 17, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में 11, बोकारो में 23, लातेहार में सात, जामताड़ा में पांच, सरायकेला में चार, सिमडेगा में सात , रेल जमशेदपुर में एक ,देवघर में 19, गोड्डा में 9, गुमला में 16, लोहरदगा में तीन, चतरा में 9, गढ़वा में 22, कोडरमा में चार, खूंटी में चार, रामगढ़ में आठ और पाकुड़ में चार शामिल है। वर्ष 2022 में धनबाद में सबसे अधिक 45 पॉक्सो एक्ट की वारदात हुई है। वर्ष 2023 में अब तक पॉक्सो एक्ट की 157 घटनाएं घटी हैं। इनमें धनबाद में 18, गिरिडीह 9, हजारीबाग 12, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) से आठ, पलामू में 9, रांची में 9, साहिबगंज से 9, दुमका में दो, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में तीन, बोकारो में 14, लातेहार में चार, जामताड़ा में दो, सरायकेला में एक, सिमडेगा में तीन, रेल धनबाद एक, देवघर में चार,गोड्डा में नौ , गुमला में आठ, चतरा में एक, गढ़वा में 13, कोडरमा में आठ, खूंटी में चार, रामगढ़ में तीन और पाकुड़ में तीन शामिल है।

### पेट्रोल पम्प संचालक ने मैनेजर के ऊपर लगाया हेरा-फेरी का आरोप

**रातू ।** रातू थाना क्षेत्र के होचर स्थित मां देवड़ी फ्यूल के संचालक अनमोल कुमार तिर्की पिता अशोक तिर्की ने अपने ही मैनेजर रवि तिवारी पिता मिथलेश तिवारी के ऊपर पांच लाख रुपये गबन करने का आरोप लगाते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है। आरोपी रवि तिवारी भवनाथपुर गढ़वा का रहने वाला है। पेट्रोल पंम्प संचालक अनमोल तिर्की ने पुलिस को बताया कि आरोपी रवि उसके यंहा बतौर मैनेजर सारे लेन-देन कार्य देखा करता था। जब हिसाब में गड़बड़ी का संदेह हुआ तो 15 जुलाई को मैनेजर के सामने पूरे लेन-देन का हिसाब किया गया। जिसमें लगभग पांच लाख रुपये की गड़बड़ी पाई गई। पूछने पर रवि तिवारी ने गबन के पैसे अपने भाई, चाचा व पिताजी के खाते में भेजने की बात बताई। अनमोल तिर्की ने इस सम्बन्ध में आरोपी के पिता से फोन पर बात की तो उसने 16 जुलाई को पम्प आकर सारे रुपए लौटाने की बात बोली। लेकिन इससे पहले ही रविवार को मैनेजर रवि तिवारी काउंटर में रखे 70 हजार रुपए को लेकर भाग गया ।

# सीयूईटी की परीक्षा में नेशनल टॉपर्स होने पर खुशी सरावगी को मारवाड़ी समाज ने दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** जिला मारवाड़ी सम्मेलन के सदस्य श्याम सरावगी एवं शीतल सरावगी की सुपुत्री खुशी सरावगी के सीयूईटी 2023 की परीक्षा में नेशनल टॉपर्स होने पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी सहायक समिति एवं अग्रवाल सभा के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए खुशी सरावगी एवं उनके पूरे परिवार को बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने खुशी सरावगी को बधाई देते हुए कहा है खुशी रांची के डीपीएस स्कूल की होनहार छात्रा है जो कि सीयूईटी 2023 में राष्ट्रीय टॉपर बनी है। इसने अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए खुशी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट में नेशनल टॉपर्स की सूची में शामिल हुई है। ज्ञातव्य हो कि इस टेस्ट में पूरे देश से लगभग 23 लाख बच्चे शामिल हुए थे। खुशी ने 800 में से 799.64 अंक प्राप्त किए हैं। एवं देश की टॉपर बनी, रिजल्ट निकलने के बाद से पूरे देश की टॉप यूनिवर्सिटी से उन्हें अपने एडमिशन लेने के लिए बुलावा आ रहा है। यहां तक कि सिंगापुर की बिजनेस स्कूल से भी उसे बुलावा आया है। यह हमारे समाज के लिए गौरव की बात है कि हमारे समाज की बच्ची ने पूरे देश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। एवं समाज एवं झारखंड का नाम पूरे देश में गौरवान्वित की है। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं और आशा करते हैं कि अपने जीवन में वह और भी बहुत सी सफलताएं प्राप्त करेंगी। बधाई देने वालों में- ललित कुमार पोद्दार, कौशल राजगढ़िया, मनोज चौधरी, डॉ.ओम प्रकाश प्रणव, सज्जन पाड़िया, प्रमोद अग्रवाल, विनोद जैन,कमल कुमार केडिया, पवन पोद्दार, अनिल अग्रवाल, प्रेम मित्तल, कमल जैन, सुरेश जैन, किशोर मंत्री, आनंद दीपेश कुमार, सुनील केडिया, राजकुमार मित्तल, किशन पोद्दार, मनोज रूईया, भरत बगड़िया, प्रमोद बगड़िया, प्रकाश नाहटा, ललित पोद्दार, आकाश अग्रवाल, आदि शामिल है।

### रांची जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 'भारत जोड़ो अभियान आज से

# ‘सशक्त संगठन तैयार करने का हो रहा है प्रयास’



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत जोड़ों की बात आम जनों के साथ अभियान की शुरुआत सोमवार से की जा रही है। कार्यक्रम का समापन 5 सितंबर 2023 को शिक्षक दिवस के दिन शिक्षकों के सम्मान-समारोह के साथ संपन्न होगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक एक तपस्वी की तरह पूरे देश को जोड़ने की कवायद शुरू की, उसे जन-जन तक पहुंचाना है। यात्रा की शुरूआत से ही भाजपानीत केंद्र सरकार द्वारा इसे बाधित करने का प्रयास किया गया किंतु राहुल गांधी ना झुके, ना डरे, ना रुके बल्कि लगातार चलते हुए यात्रा को पूर्ण किया। कश्मीर पहुंचने से पहले सुरक्षा का हवाला देकर एक बार फिर उन्हें डराने का प्रयास किया गया किंतु राहुल गांधी जी अपने गंतव्य तक पहुंचे और जो भारत जोड़ो यात्रा का संदेश देना था उन्होंने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक लोगों तक पहुंचाने का काम किया। साथ ही साथ उनकी समस्याओं से रूबरू होने का काम किया। भारत जोड़ो यात्रा की सफलता को देखकर भाजपानीत केंद्र सरकार ने भारत की बुलंद आवाज को दबाने का प्रयास शुरू किया, परिणाम स्वरूप संसद की सदस्यता न्यायालय के निर्णय के बाद 24 घंटे के अंदर छीन ली गई ,जो स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार हुआ, उसके तुरंत बाद उनके आवास को खाली कराया गया जो राजनीतिक मर्यादाओं का घोर उल्लंघन है। राहुल गांधी जी की यात्रा देश की सबसे बड़ी पदयात्रा थी।भारत जोड़ो यात्रा सेआज लाखों लोगों से राहुल गांधी मिले एवं अपनी समस्याओं को रखा, बाद में जब इन्हीं बातों को राहुल ने मीडिया के माध्यम से केन्द्र सरकार के सामने रखा तो सरकार बौखला गई। नतीजा राहुल गांधी को जो परेशानी उठानी पड़ी,उस से पूरा देश अवगत है। तमाम झंझावत के बावजूद राहुल गांधी आज भी बगैर किसी बात की परवाह किए लगातार लोगों के बीच हैं और उनकी आवाज को बुलंद कर रहे हैं। आज इस अभियान के माध्यम से हम संकल्प ले रहे हैं कि राहुल जी की बातों को आम जनों तक पहुंचा कर, उन को ताकत देने का काम करेंगे। इस अभियान के तहत रांची जिला कांग्रेस कमेटी के तमाम पदाधिकारीगण एवं प्रखंड कमेटी के पदाधिकारीगण कांग्रेस जनों, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, शिक्षकों, मजदूरों, किसानों एवं पत्रकारों के घर जाकर भारत जोड़ो यात्रा की बात को रखेंगे एवं आम जनों से संबंधित जन मुद्दों की बात को करेंगे।

### दो दिनी कृष्णायण अखंड काव्यार्चन का आयोजन 29 से

**रांची।** साहित्योदय की ओर से 29 जुलाई से दो दिनी कृष्णायण अखंड काव्यार्चन का आयोजन किया जाएगा। ऑनलाइन अखंड काव्यार्चन में 24 घंटे तक तीन सौ से अधिक रचनाकार और कलाकार शामिल होंगे। कार्यक्रम का आयोजन भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित साझा महाकाव्य कृष्णायण और वृंदावन में प्रस्तावित बांके बिहारी अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव की सफल आयोजन की कामना को लेकर किया जाएगा। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष पंकज प्रियम ने बताया कि इसमें गीतकार डॉ बुद्धिनाथ मिश्र, हास्य सम्राट अरुण जैमिनी, अजय अंजाम, बेबाक जौनपुरी, गौरव चौहान, गौरी मिश्रा, अमित शर्मा, डॉ शोभा त्रिपाठी, वीणा शर्मा सागर, सरला शर्मा, प्राची मिश्रा, अनुराधा पांडेय समेत कई प्रतिष्ठ रचनाकार शामिल होंगे। अखंड काव्यार्चन का ऑनलाइन सीधा प्रसारण भी साहित्योदय चैनल पर होगा। आयोजन की तैयारी में संगठन के संजय करुणेश, किशोरी भूषण, सीमा सिन्हा, सुरेंद्र उपाध्याय, रजनी शर्मा, भारती यादव समेत अन्य जुटे हुए हैं।

# सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए भाजपा प्रतिबद्ध : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को गिरिडीह जिलांतर्गत तिसरी स्थित वर्णवाल धर्मशाला में मंडल एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक में भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए मरांडी ने कहा कि टिफिन बैठक हमारी कार्यपद्धति का अंग है। ऐसे ही छोटी-छोटी बैठकों में संपर्क, संवाद और समर्पण के माध्यम से भाजपा सर्व व्यापी,सर्वस्पर्शी ,सर्व समावेशी बनी है। समाज में समरसता को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि मजबूत भाजपा से ही विकसित झारखंड के स्वप्न को साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। देश की बुनियादी सुविधाओं में गुणात्मक सुधार हो रहे। अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही। स्वावलंबी भारत बनाने के लिए देश की युवाशक्ति को लगातार अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास के साथ देश के सांस्कृतिक विरासत को भी प्रतिष्ठित किया जा रहा। दुनिया भारत के सांस्कृतिक गौरव को फिर से महसूस करने लगी है। उन्होंने कहा कि एक तरफ भारत के सर्वांगीण विकास के लिए प्रधानमंत्री लगातार परिश्रम कर रहे वहीं झारखंड के सत्ताधारी नेताओं ने झारखंड को लूट खंड बना दिया है। हेमंत सरकार का लक्ष्य जनता की सेवा करना नहीं बल्कि झारखंड की संपदा को लूटना और लुटवाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ की मजबूती के साथ आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में देश और प्रदेश में मजबूत भाजपा सरकार बनाने के लिए संकल्पित होने का आह्वान किया। मरांडी ने मोदी सरकार की 9 वर्षों की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## बाबूलाल पहले भाजपा का तो दिल जीतें फिर दिल्ली की बात करें : डा. मनोज



**रांची।** भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा दिए गए उस बयान जिसमें उन्होंने कहा कि बूथ जीतो, झारखंड और दिल्ली जीतो पर प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के महासचिव सह प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि पहले रघुवर और मुंडा सहित भाजपा नेताओं का दिल जीतो फिर झारखंड, दिल्ली जीतने की बात करना चाहिए बाबूलाल मरांडी को चुकी उनके प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से भाजपा नेताओं में मायूसी छाई है और जेवीएम नेताओं के चेहरे पर चमक साफ झलक रही है। डॉ मनोज ने कहा कि श्री मरांडी आउट डेटेड नेता है झारखंड की जनता इनके चाल चरित्र और नीति को समझ चुकी है। प्रथम मुख्यमंत्री रहते डोमोसाइल के नाम पर कई लोगों की जान ले चुके हैं, इनके कथनी और करनी को राज्य की जनता जानती है। कुतुब मीनार से कूद कर जान देने वाला और भाजपा में नहीं जाने की बात करने वाले व्यक्ति को झारखंड की एक-एक जनता जानती है। भाजपा को मुगालते में नहीं रहना चाहिए की मरांडी के सहारे भाजपा का नैया पार होगी। जिस तरह से केंद्र की भ्रष्टाचारी और लुटेरी सरकार केंद्र में बनी है देश की जनता को पता है की केंद्र सरकार गरीब को गरीब और अमीरों को अमीर बनाने का काम कर रही है आज देश की आर्थिक हालात क्या है किसानों ,नौजवानों, की हालात क्या है आज देश की जनता मंहगाई के त्रस्त है और भाजपा नेता मस्त है इसे भी देश और राज्य की जनता समझ चुकी है।

## प्रेस क्लब में बच्चों ने सीखा क्ले से स्टेच्यू बनाना



**रांची।** द रांची प्रेस क्लब द्वारा संचालित फाइन आर्ट्स एकेडमी प्रत्येक रविवार को पत्रकार के बच्चों के लिए पेंटिंग क्लास आयोजित कराया जा रहा है। बच्चों में पेंटिंग के प्रति रुचि बढ़े इसके लिए झारखंड के मशहूर चित्रकार सह मूर्तिकार दिलेश्वर लोहरा विशेष रुप से बच्चों के बीच मिट्टी और क्ले से किस तरह से स्टेच्यू बना सकते हैं, इसकी जानकारी दिए। उन्होंने बच्चों के बीच क्ले के माध्यम से एक हाथी का स्टेच्यू बनाकर दिखाएं और बताया कि आसानी से छोटे-छोटे बच्चे क्ले से एनीमल्स, बर्ड, फ्लावर आदि बना सकते हैं । मौके पर बच्चों को क्ले से बनाने की प्रैक्टिस भी कराई गई। मौके पर मूर्तिकार दिलेश्वर लोहरा को प्रेस क्लब की ओर से कार्यकारिणी सदस्य सह आर्ट् टीचर परवेज कुरैशी ने उन्हें पौधा देकर सम्मानित किया। इस अवसर फाइन आर्ट्स एकडमी के आध्या प्रिया ,आस्था प्रिया, विवांश वत्स, शिवांश, आमया जयसवाल, आश्रिता,आर्या सभी ने क्ले से स्टेच्यू बनाया।

### दो दिवसीय स्वास्थ्य चिंतन शिविर का समापन

# मंच संचालक की भूमिका में दिखे बन्ना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उत्तराखंड के देहरादून में चल रहे दो दिवसीय राष्ट्रीय स्वास्थ्य चिंतन शिविर का रविवार को समापन हो गया। इस दो दिवसीय स्वास्थ्य चिंतन शिविर की खासियत यह रही कि देश के सभी राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों, अधिकारियों ने एक साझा मंच पर हेल्थ सिस्टम को बेहतर बनाने पर चर्चा की। विभिन्न राज्यों की ओर से अलग-अलग सुझाव भी आए, जिसपर स्वास्थ्य मंत्रालय बाद के दिनों में निर्णय लेगा। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय स्वास्थ्य चिंतन के समापन सत्र में झारखंड का मान तब और बढ़ गया जब कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन की जिम्मेदारी दे दी। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बतौर मंच संचालक, अपनी भूमिका बखूबी निभाई। इस बीच बन्ना गुप्ता ने कई राज्यों के स्वास्थ्य मंत्री, स्वास्थ्य सचिव को आमंत्रित कर परिचर्चा संपन्न करवायी। स्वास्थ्य मंत्री के मंच संचालन की बहुत से राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों और अधिकारियों ने मुक्तकंठ से सराहना भी की।स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य चिंतन शिविर के अंतिम दिन मंच संचालन करने का जो अवसर प्रदान हुआ है, उसकी यादें उनके जीवन के साथ हमेशा के लिए जुड़ गयी हैं। मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि झारखंड राज्य और मेरे लिए ये गौरव की बात है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को संचालित करने का उन्हें मौका दिया गया। पीसीपीएनडीटी एक्ट पर चर्चाः स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने फोन पर बताया कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए कठोर पीसीपीएनडीटी एक्ट और टीबी उन्मूलन पर वृहद चर्चा हुई। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि टीबी उन्मूलन और पीसी पीएनडीटी एक्ट का कठोरता से पालन कराने की जरूरत है। इसके लिए एक संयुक्त कार्य योजना बनाकर कार्य करने का सुझाव भी झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री दिया। मंत्री बन्ना गुप्ता ने चिंतन शिविर में सपने संबोधन के दौरान झारखंड राज्य को विशेष अनुदान देने, स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बनीं सहिया बहनों का मानदेय बढ़ाने, आधुनिक और आधारभूत संरचना को उपलब्ध कराने की मांग केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से की। 2024 में ही टीबी मुक्त झारखंड के संकल्प की सराहनाः केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि विश्व से टीबी को खत्म करने का संकल्प वर्ष 2030 है।

## रांची पुलिस 72 हूरें फिल्म को लेकर अलर्ट, हाई स्ट्रीट मॉल के बाहर सुरक्षा बढ़ाई




**रांची।** पुलिस 72 हूरें फिल्म को लेकर अलर्ट है। इसको लेकर मेन रोड स्थित हाई स्ट्रीट मॉल के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। इसके अलावा हिंदपीढ़ी थाने की पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल रही है। रिलीज के पहले ही 72 हूरें को लेकर विवाद चल रहा है। सात जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज फिल्म को लेकर एक विशेष धर्म समुदाय के लोगों ने नाराजगी जतायी है। ऐसे में सुरक्षा के मद्देनजर रांची के सिनेमा हॉल के बाहर 50 की संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। साथ हो मेन रोड स्थित हाई स्ट्रीट मॉल के बाहर भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ायी है। उल्लेखनीय है कि चार जून को फिल्म का टीजर रिलीज होने के बाद ही यह विवादों में आ गयी थी। यह फिल्म आतंकवाद, धर्म परिवर्तन और ब्रेन वॉश कर मासूमों से गलत काम करवाने पर आधारित है। सेंसर बोर्ड ने भी फिल्म 72 हूरें के ट्रेलर को सर्टिफाइड करने से इनकार कर दिया था और फिल्म के कुछ सीन्स में संशोधन करने को कहा था। फिल्म के डायरेक्टर संजय पूरन सिंह हैं। इसे अंग्रेजी सहित 10 अन्य भारतीय भाषाओं असमिया, बंगाली, भोजपुरी, कन्नड़, कश्मीरी, मलयालम, मराठी, पंजाबी, तमिल और तेलुगु में भी रिलीज किया गया है।

## झारखंड की जनता का भरोसा खो चुके हैं बाबूलाल : डॉ. एम तौसीफ



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ ने भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के ऊपर कटाक्ष करते हुए कहा है कि भाजपा टूटी हुई नाव के ऊपर सवार होकर दरिया को पार करना चाहती है। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले ही बाबूलाल जी भाजपा को बीच मझधार में डूबा देंगे। बाबूलाल के नेतृत्व में चुनाव जीतने की तो दूर की बात है भाजपा अच्छे से चुनाव भी नहीं लड़ पाएगी । उसकी कई वजह है, मरांडी जी ने पहले ही झारखंड की जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता को खो दी है। झारखंड की जनता उनके वक्तव्य को गाहे-बगाहे याद करती रहती है जब वे भाजपा को दिन रात कोसते रहते थे। उनका बयान है कि भाजपा में जाने से अच्छा है कुतुब मीनार से कूद जाना या फिर हरिद्वार जाकर गंगा के किनारे तपस्या करना जैसी बातों को लोग आज भी दोहराते रहते हैं। डॉक्टर तौसीफ ने कहा कि झारखंड की जनता ने पहले ही बाबू लाल पर विश्वास करना छोड़ दिया अब भाजपा के नेता बाबूलाल को साथ देने एवं नेता मानने को तैयार नहीं हैं। ऐसी स्थिति में 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता खोलना भी मुश्किल हो जाएगा। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि राज्य की जनता भाजपा के सांसदों से प्रश्न पूछ रही है कि सांसदों के द्वारा गांव को आदर्श गांव बनाना केंद्र सरकार के द्वारा हर साल 2 करोड़ युवा को रोजगार देना, महंगाई कम करना, किसानों से किए गए वादे को पूरा करना जैसे कई मुद्दों का क्या हुआ। अब तो भाजपा सांसद ऐसे सवालों के डर से अपने क्षेत्र में भी नहीं जाते हैं।

# गार्ड की बेरहमी से गला रेतकर कर हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी में तुपुदाना के बसार गढ़ में एक अपार्टमेंट गार्ड की हत्या हो गयी। बड़ी ही बेरहमी से गला रेतकर उसकी हत्या कर दी गई। हालांकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्यारे को गिरफ्तार भी कर लिया है, लेकिन हत्या की वजह बेहद चौंकाने वाले हैं। तुपुदाना ओपी क्षेत्र के बसारगढ़ में रहने वाले गार्ड विद्यानंद शर्मा की गला काटकर हत्या कर दी गई है। हत्या की वारदात को अपार्टमेंट के बेसमेंट में अंजाम दिया गया। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपी ऑटो ड्राइवर संजय मिश्रा को गिरफ्तार भी कर लिया है। पूछताछ में संजय ने पुलिस को यह बताया है कि



विद्यानंद शर्मा को नशा करने के दौरान उसी ने मार डाला। हत्या के पीछे दो वजह बताई है, पहली वजह विद्यानंद शर्मा के द्वारा फेनुस का दूध गिरा देना और दूसरी वजह ऑटो पार्क करने पर झगड़ा करना। विद्यानंद शर्मा और संजय मिश्रा शनिवार की रात अपार्टमेंट के

**हत्या के पीछे दो वजह बताई है, पहली वजह विद्यानंद शर्मा के द्वारा फेनुस का दूध गिरा देना और दूसरी वजह ऑटो पार्क करने पर झगड़ा करना**

बेसमेंट में बैठकर नशा कर रहे थे। इसी दौरान दोनों के बीच पुरानी बातों को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। मामला इतना बढ़ा कि संजय ने बेसमेंट में ही पड़े भुजाली से विद्यानंद शर्मा के गले में ताबड़तोड़ वार कर दिए। संजय के वार इतने घातक थे कि मौके पर ही विद्यानंद शर्मा की मौत हो गई।वारदात को अंजाम देकर संजय फरारः विद्यानंद की चीख-पुकार सुनकर जब अपार्टमेंट के कुछ लोग बेसमेंट में आए तो उन्होंने देखा कि विद्यानंद शर्मा खून से लथपथ जमीन पर पड़ा हुआ है। वहीं उसके पास ही संजय मिश्रा हाथ में भुजाली लेकर खड़ा है। लोगों को देखकर वह भाग खड़ा हुआ जिसके बाद अपार्टमेंट में रहने वाले कुछ लोगों ने तुपुदाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। मामले की जानकारी मिलते ही हटिया डीएसपी तुपुदाना ओपी प्रभारी मौके पर पहुंचे और मामले की तफ्तीश के दौरान ही उन्हें जानकारी मिली की संजय ने ही हत्या को अंजाम दिया है। जिसके बाद लगभग दो घंटे बाद ही आरोपी संजय मिश्रा को दबोचा लिया गया।

**कार्यक्रम**

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में ग्रैंड पैरेंट्स डे ‘वात्सल्यम’ संपन्न

# भारत के लिए जी-20 शिखर सम्मेलन एक बड़ा अवसर : अश्विनी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रविवार को सरला बिरला पब्लिक स्कूल में कक्षा द्वितीय के छात्रों द्वारा ग्रैंड पैरेंट्स डे, ‘वात्सल्यम’ का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों के दादा-दादी एवं नाना-नानी उपस्थित हुए। इस वर्ष भारत की जी-20 प्रेसीडेंसी की भावना, उत्साह और उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए स्कूल ने ग्रैंड पैरेंट्स डे समारोह के लिए सतत विकास लक्ष्यों की थीम को चुना, समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जैप-4 कमांडेंट अश्विनी कुमार सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। अगला कार्यक्रम कक्षा द्वितीय-ई के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा भूमि पर जीवन के संरक्षण की आवश्यकता पर आधारित कार्यक्रम प्रतिध्वनि प्रस्तुत किया गया। कक्षा द्वितीय- बी के बच्चों ने जल तारिणी नामक प्रस्तुति से जल संरक्षण का संदेश दिया। समत्वम नामक अगली प्रस्तुति बेहद आकर्षक थी, क्योंकि इस कार्यक्रम में कक्षा द्वितीय-सी के छात्र गढ़वाली लोक धुनों पर थिरक रहे थे। लैंगिक समानता का संदेश देने के लिए छात्रों ने अर्धनारीश्वर की प्रस्तुति दी। कक्षा द्वितीय-डी के छात्रों ने अपना प्रदर्शन रिदमिक स्कॉलर्स प्रस्तुत किया, जिसमें यह संदेश दिया गया कि शिक्षा एक मौलिक अधिकार है और सभी की पहुंच शिक्षा तक होनी चाहिए। अच्छे स्वास्थ्य और स्वस्थ दिमाग के महत्व को प्रोत्साहित करने के लिए, कक्षा द्वितीय- ए के छात्रों ने अपने प्रदर्शन, डिवाइन ब्लिस का मंचन किया। शांति दूत कार्यक्रम में द्वितीय-एफ के विद्यार्थियों ने आशावादी वातावरण को बढ़ावा देने के लिए शांति की प्रस्तुति दी। विद्यालय के हेड बॉय श्रीजय सिन्हा ने शैक्षिक और सह-शैक्षिक दोनों क्षेत्रों में स्कूल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। बाल विकास और मानसिक स्वास्थ्य संस्थान, दीपशिखा के बच्चों एवं शिक्षको को अपनी राखियां और अन्य हस्तनिर्मित वस्तुओं को प्रदर्शित करने और बेचने के लिए आमंत्रित किया गया था। आज का यह कार्यक्रम बेहद सफल रहा। उपस्थित दादा-दादी एवं नाना-नानी, समारोह की यादें संजो कर एवं बच्चों और शिक्षकों को ढेर सारा आशीर्वाद देकर लौटे। मुख्य अतिथि अश्विनी कुमार सिन्हा ने तीन पीढ़ियों के दर्शकों को संबोधित करना अपना सौभाग्य समझा और ऐसे आयोजनों के लिए स्कूल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए जी-20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता के साथ विशेष रूप से गरीबी उन्मूलन, भूख उन्मूलन, लैंगिक समानता, मानसिक कल्याण और अच्छे स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी क्षमता साबित करने का एक बड़ा अवसर है। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने हर साल ऐसे प्रासंगिक विषयों पर इस कार्यक्रम के संचालन के लिए छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत व समर्पण की सराहना की साथ ही अभिभावकों के सहयोग की भी सराहना की। उन्होंने यह भी गर्व से बताया कि हमारा देश जी-20 शिखर सम्मेलन का अध्यक्ष होने के नाते विश्व का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल भविष्य के ऐसे नेता तैयार करने की कल्पना करता है जो हमारी समृद्ध विरासत को और आगे बढ़ा सकें। उन्होंने छात्रों को ऐसे टिप्स भी दिए जिससे वे पुरानी पीढ़ी के साथ अपने संबंधों को मजबूत कर सके।

## भाजपा की टिफिन बैठक में कार्यकर्ताओं को दी गई चुनावी तैयारी की जानकारी

**अनगड़ा।** भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान के तहत रविवार को भाजपा रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र महतो की अध्यक्षता में अनगड़ा मंडल की गोंदलीपोखर में खिजरी विधानसभा स्तरीय टिफिन बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने चुनाव तैयारियों का टिप्स देते हुए कार्यकर्ताओं से मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कहा। इसके साथ ही पार्टी की मजबूती पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी जो गरीबों और बेकसों की सहायता करती आ रही है। लॉक डाउन के समय जितना भाजपा के कार्यकर्ताओं ने लोगों की मदद की है वह किसी पार्टी ने नहीं की है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, कार्यक्रम प्रभारी कामेश्वर सिंह, रितेश उरांव, पिंटू सिंह, नवीन कुमार, मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, महामंत्री सुनील महतो, राजेंद्र महतो, दुर्गा महतो, धनीराम महतो, राजू प्रमाणिक, जागेश्वर महतो, अजय महतो, हिमांशु शेखर चौधरी, अमित मिश्र, विष्णु महतो, विशेश्वर महतो और गाजू महतो आदि मौजूद थे।

## सुकुरहुटू गौशाला में फलदार पौधों का पौधरोपण



रांची। गौशाला सुकुरहुट्ट प्रखंड कांके में आवरण संस्थान के मुरारी अग्रवाल एवं सरोज अग्रवाल ने रविवार को अपने जन्मदिन व बहन सुमन बजाज के विवाह वर्षगांठ पर राकेश सुलतानिया, विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय सेवा विभाग प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल, रांची के सेवा विभाग प्रमुख राजेन्द्र प्रसाद सिंह मुंडा, विहिप रांची महानगर अध्यक्ष कैलाश कुमार केशरी, नीलेश अग्रवाल, हेमलता अग्रवाल, निखिल अग्रवाल,श्रद्धा अग्रवाल, विनोद पोद्दार, पुष्पा पोद्दार, नरेन्द्र कुमार, प्रसेनजित सरकार ने 50 फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण नरेन्द्र कुमार के देख-रेख किया। सेवा विभाग विश्व हिन्दू परिषद झारखंड के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि सभी उपस्थित लोगों ने यह संकल्प लिया की हम रोज प्रकृति से सब कुछ पाते हैं अतः हमारा भी कर्तव्य है कि पर्यावरण सुरक्षा के लिए हम जगह-जगह वृक्ष लगाएं. हमारे पूर्वजों ने वृक्ष लगाए, उनकी सुरक्षा की और आज हम सब उनसे फल प्राप्त कर रहे हैं. पर्यावरण की सुरक्षा और वृक्षारोपण आनेवाली पीढ़ियों को न केवल प्राकृतिक आपदाओं से बचाएगी वरन शुद्ध हवा और जल संरक्षण के साथ साथ मधुर फल भी प्राप्त होगे, कैलाश केसरी ने कहा कि हिन्दू समाज सदैव प्रकृति का उपासक रहा है. इस परम्परा को सबल बनाने के लिए आज के समय की आवश्यकता है कि हम सब अपने व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक पर्वो उत्सवों पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें और प्राकृतिक संतुलन बनाने में सहयोग करें,पर्यावरण संरक्षण से ही मानव जाति की सुरक्षा है।

NEWS इन ब्रीफ

### तालाब में नहाने के दौरान डूबने से युवक की मौत

**जमशेदपुर।** गोविंदपुर थाना अंतर्गत थीम पार्क के पास स्थित तलाब में रविवार दोपहर एक बजे एक युवक की डूबने से मौत हो गई. मृतक की पहचान धुंआ कॉलोनी निवासी 24 वर्षीय शिवचरण किस्कू के रूप में की गई. स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी. इधर, सूचना पाकर गोविंदपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक के शव को बाहर निकालने के प्रयास में जुट गई. शिवचरण दिहाड़ी मजदूरी कर जीवन यापन करता था. बताया जाता है कि दोपहर एक बजे वह तालाब में नहाने के लिए गया था. इसी दौरान तालाब के गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा. स्थानीय लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया पर बचा नहीं पाए.

### जमशेदपुर : कोवाली में कंरट की चपेट में आने से युवक की मौत

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के कोवाली थाना अंतर्गत नारगा निवासी राजेश सीट कंरट की चपेट में आकर घायल हो गया. घटना के बाद उसे आनन-फानन नें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए एमजीएम रेफर कर दिया गया. एमजीएम में इलाज के दौरान राजेश की मौत हो गई. घटना शनिवार देर शाम की है. बताया जाता है कि बारिश के कारण उसके घर की दीवारों में करंट आ गया था. इसी दौरान वह करंट की चपेट में आकर बुरी तरह घायल हो गया

### गुड़ाबांदा : गांव को स्वच्छ रखने के लिए चौपाल में ली शपथ

**जमशेदपुर।** गुड़ाबांदा प्रखंड अंतर्गत सिंहपुरा गांव में स्वच्छता को लेकर शनिवार की रात को रात्रि चौपाल आयोजित की गई. इसमें गांव को स्वच्छ रखने पर विचार-विमर्श किया गया. चौपाल में ग्रामीणों को गांव को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई गई. चौपाल में सिंहपुरा पंचायत के मुखिया कन्हाई लाल माहली, पंचायत समिति सदस्य पुष्पा महतो और अतिथि के रूप में उपस्थित बालीजुड़ी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सिनगो हांसदा शामिल थे.

### लूट मामले में फरार आरोपी के घर पुलिस ने चस्पाया इश्तेहार

**जमशेदपुर।** जादूगोड़ा थाना अंतर्गत रंकणी मंदिर के पास एक युवक से हथियार के बल पर बाइक लूट का आरोपी अमन कुमार उर्फ गौरी फरार चल रहा है. रविवार को पुलिस ने फरार आरोपी के घर पर इश्तेहार चस्पा किया. जादुगोड़ा थाना के एसआई सकलदेव महतो और एएसआई जयदेव दास बागबेड़ा कॉलोनी रोड नंबर 2 स्थित अमन के आवास पहुंचे और ढोल-नगाड़ों के साथ उसके घर पर इश्तेहार चस्पाया. पुलिस ने बागबेड़ा चौक पर भी इश्तेहार चस्पा किया. पुलिस ने बताया कि अमन के कोर्ट में प्रस्तुत नहीं होने पर उसके घर की कुर्की भी की जा सकती है. बता दें कि 3 अप्रैल 2022 को रंकणी मंदिर घुमने गए एक प्रेमी जोड़े से बाइक सवार तीन अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर लूट की घटना को अंजाम दिया था.

# शिक्षा प्रशासकों ने किया स्किल विकास और शिक्षा में नवाचार के महत्व पर विचार विमर्श



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, राँची के विवेकानंद प्रेक्षागृह में शिक्षा प्रशासकों और विशेषज्ञों की एक ज्ञानवर्धक बैठक में, स्किल विकास और शिक्षा में नवाचार के महत्व पर विचार विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन डीपीएस के प्राचार्य और डॉ. एस. राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कम्प्लेक्स के अध्यक्ष डॉ राम सिंह ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने प्रगतिशील दृष्टिकोण साझा किए, शिक्षा के विकासशील परिदृश्य और भविष्य के लिए छात्रों को उचित कौशल प्रदान करने की महत्ता को उजागर किया। शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव, सीबीएसई, श्री आर.पी. सिंह ने आज की दुनिया में कौशलों की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने डीपीएस के छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की और 21वीं सदी के कौशलों में सहयोग और सहभागिता को महत्वपूर्ण माना। उन्होंने कहा कि प्राइमरी और माध्यमिक विद्यालय के अध्यापक स्कूल के संगठन में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। शिक्षक अब संचालक हैं और छात्र अनुशरणकर्ता हैं। शिक्षा का महत्व अब केवल अकादमिक नहीं है, बल्कि कौशल पर आधारित है। उन्होंने विद्यालयों में नवाचार की जगह बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। पहले रिसोर्स पर्सन सुश्री सपना बिस्त - युवा कार्यक्रम की प्रशिक्षक थी। उन्होंने ग्लोबल नौकरी भूमि के बदलते परिदृश्य की जानकारी साझा की, मानव एवं मशीन की साझेदारी, मानव बुद्धिमत्ता का एआई द्वारा उपयोग, एआई के साथ नए नौकरी श्रेणियां - प्रशिक्षक, स्पष्ट करने वाले, बनाए रखने वाले, इंटेल ने सीबीएसई के साथ पार्टनरशिप में पांच कार्यक्रम शुरू किए - नागरिकों के लिए एआई, युवा के लिए एआई, वर्तमान और भविष्य के कार्यबल के लिए एआई ,उन्होंने डेटा गोपनीयता की महत्वता, कृषि, स्वास्थ्य, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में एआई की भूमिका पर चर्चा की। सीबीएसई एआई को पाठ्यक्रम में एकीकृत करने पर काम कर रहा है। उन्होंने एआई को एक शिक्षात्मक उपकरण के रूप में कैसे उपयोग किया जा सकता है पर चर्चा की।

सीयूईटी 2023

## डीपीएस की खुशी सरावगी बनी नेशनल टॉपर

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए डीपीएस रांची की खुशी सरावगी ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) 2023 में नेशनल टॉपर्स की सूची में से एक बनी। खुशी सरावगी ने सीयूईटी (यूजी) परिणाम 2023 में 800 में से 799.64 अंक प्राप्त किए। उन्हें 05 विषयों (अंग्रेजी,



अकाउंटेंसी, बिजनेस स्टडीज, अर्थशास्त्र और गणित) में 100 परसेंटाइल अंक मिले। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में डीपीएस रांची की अपूर्वा गोयनका, पायल सिन्हा, आयशा रमानी, कल्याणी नायर और शिवांगी सुषमा ने भी सफलता हासिल की है (लिस्ट जारी है)। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने विद्यार्थियों के सराहनीय प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

# सुपारी देकर पत्नी को मरवाई थी गोली, अवैध संबंध का था शक

**चार अपराधी गिरफ्तार, देशी कट्टा, मोबाइल व बाइक जब्त**



नवीन मेल संवाददाता

गिरिडीह। सरिया थाना क्षेत्र के केसवारी में गत 30 मई 2023 की रात एक महिला अन्नू देवी, पति रामजी पासवान को दो अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी थी. इस हमले में घायल महिला को गंभीर अवस्था में हजारीबाग ले जाया गया था. डॉक्टरों ने महिला के पेट से गोली निकालकर उसकी जान बचा ली थी. उसके बाद महिला के फर्द ब्यान पर सरिया थाना में कांड संख्या 83/23 के तहत मामला दर्ज किया गया था. इस मामले का 16 जुलाई को सरिया पुलिस ने खुलासा कर दिया. शनिवार को सरिया एसडीपीओ नौशाद आलम, इंस्पेक्टर नवीन कुमार, थाना प्रभारी संतोष कुमार मौर्य व एएसआई विमलेश महतो ने प्रेसवार्ता की. एसडीपीओ नौशाद आलम ने बताया कि शनिवार को सरिया पुलिस ने घायल अन्नू देवी के पति रामजी पासवान से कड़ाई से पूछताछ की तो पूरे मामले का खुलासा हुआ. रामजी पासवान ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी अन्नू देवी का किसी अन्य व्यक्ति से अवैध संबंध होने का शक था, जो कई वर्षों से चल रहा था. इससे आक्रोशित होकर वह पत्नी से छुटकारा पाने के लिए अपराधियों को 1 लाख 30 हजार की सुपारी दी. सुपारी लेनेवाला सुरेश पासवान, पिता छोटू पासवान डांडीडीह थाना मुफ्फसिल गिरिडीह ने घटना के दिन अपने साथ अनिकेत कुमार तांती मंगरोडीह व ज्योति साव झरियागादी गिरिडीह के साथ मिलकर अन्नू देवी को गोली मारी थी. एसडीपीओ ने बताया कि इन अपराधियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक देशी कट्टा, एक टीवीएस बाइक व दो मोबाईल जब्त कर लिया गया है. पकड़े गए चारों अपराधियों को गिरिडीह जेल भेज दिया गया.

### नाबालिग से तीन नाबालिग लड़कों ने किया दुष्कर्म, तीनों गिरफ्तार

**बोकारो।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत सिक्स यूनिट कॉलोनी में 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ तीन नाबालिग लड़कों ने उसके ही घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तीनों नाबालिग लड़कों को सिक्स यूनिट कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया है. दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले तीनों ही लड़कों की उम्र 12 से 14 वर्ष के बीच की है. इसमें एक लड़का पांच, दूसरा सात और तीसरा आठ क्लास का छात्र है. घटना शनिवार शाम पांच बजे की है। गिरफ्तार तीनों नाबालिकों को चास स्थित बाल सुधार गृह भेज दिया गया है. पीड़िता के बहन के आवेदन पर महिला थाना में कांड संख्या 19/23 के तहत मामला दर्ज किया गया है. बताया जाता है कि पीडिता और आरोपित चारों अगल-बगल के रहने वाले है. एक साथ सुबह-शाम खेलते है. यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है.

### चाकुलिया : 15 हाथियों के झुंड ने घर का दरवाजा तोड़ा, धान का बिचड़ा किया बर्बाद

**जमशेदपुर।** चाकुलिया प्रखंड के कालियाम पंचायत में रविवार की अहले सुबह करीब 3 बजे 15 हाथियों के झुंड ने कालियाम गांव निवासी सुनील महतो के घर का दरवाजा तोड़ दिया. इसके बाद हाथियों ने घर की सामग्रियों को क्षतिग्रस्त कर दिया. हाथियों के झुंड में सुनील महतो, भवतोष महतो, सुनील महतो के खेत में धान के बिचड़ों को बुरी तरह रौंद दिया. इससे सारा बिचड़ा बर्बाद हो गया. सूचना पाकर कालियाम पंचायत के मुखिया दासो हेम्ब्रम ने सभी क्षतिग्रस्त जगहों का निरीक्षण किया. मुखिया ने सभी पीड़ितों की वंशावली बनाकर मुआवजा हेतु आवेदन को फॉरेस्ट ऑफिस में जमा करने का निर्देश दिया. ज्ञात हो कि विगत एक साल से कालियाम पंचायत के ग्रामीण हाथियों के आतंक से भयभीत हैं. हाथियों के भय से ग्रामीण अंधेरा होते ही अपने घरों में दुबक जाते हैं.

### 19 से 22 तक छोटा गोविंदपुर ग्रामीण जलापूर्ति योजना से बंद रहेगी पानी सप्लाई

**जमशेदपुर।** छोटा गोविंदपुर ग्रामीण जलापूर्ति योजना से 19 से 22 जुलाई तक जलापूर्ति बंद रहेगी. इस संबंध में कार्यपालक अभियंता ने नोटिस जारी किया है. नोटिस के अनुसार छोटा गोविंदपुर ग्रामीण जलापूर्ति योजना अंतर्गत मेन पाइपलाइन लीकेज की मरम्मत का कार्य किया जायेगा. इसके कारण क्षेत्र में जलापूर्ति बाधित रहेगी. प्रतिदिन काम बंद होने के बाद जलापूर्ति की जाएगी. उल्लेखनीय है की लगातार न्यूज में छोटा गोविंदपुर ग्रामीण जलापूर्ति योजना अंतर्गत मेनपाइप लाइन लीकेज और दूषित पानी की सप्लाई से संबंधित खबर जारी की गई थी. वहीं उपायुक्त के जनता दरबार में इस संबंध में शिकायत की गई थी. इसके बाद उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को समस्या का त्वरित निष्पादन करने का आदेश दिया था. इसके लिए एसडीओ धालभूम की अध्यक्षता में चार सदस्यीय टीम गठित की गई थी.

### गिरिडीह : भाजयुमो जमुआ प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप का निधन, शोक की लहर

**गिरिडीह।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा (भाजयुमो) के जमुआ प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप का 16 जुलाई रविवार की सुबह निधन हो गया. 45 वर्षीय सुरेंद्र प्रताप की अचानक तबीयत खराब होने पर परिजन इलाज के लिए उन्हें रांची ले जा रहे थे. रास्ते में हजारीबाग के पास उनकी मौत हो गई. भाजयुमो नेता का शव जमुआ के हरला स्थित आवास पहुंचते ही शुभचिंतकों की भीड़ उमड़ पड़ी. उनका अंतिम संस्कार हरला के श्मशान घाट पर किया गया. शवयात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए. सुरेंद्र अपने पीछे पत्नी समेत दो बेटे व दो बेटियां छोड़ गए हैं. परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. सूचना मिलते ही जमुआ विधायक केदार हाजरा सुरेंद्र प्रताप के घर पहुंचे और परिजनों को ढांढ़स बंधाया. भाजपा अनुसूचित मोर्चा के रणबहादुर पासवान, जमुआ प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव, आजसू जिला अध्यक्ष शंकर यादव, मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह, हरला मुखिया प्रतिनिधि उमेश यादव, माले के असगर अली, विजय पांडेय पंसस प्रतिनिधि पंकज यादव, प्रतापपुर मुखिया शुकदेव यादव, रोहित दास सहित विभिन्न पार्टि के कई नेताओं ने घर पहुंच कर शोक जताया.

### सीआरपीएफ जवानों ने लगाए 1100 पौधे

**गिरिडीह।** गिरिडीह के खुखरा में सीआरपीएफ-154वीं बटालियन ने 16 जुलाई को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया. कमांडेंट अच्युता नंद के निर्देश पर पौधरोपण अभियान खुखरा के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया. बटालियन के अधिकारियों व जवानों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर सीआरपीएफ कैंप, खुखरा डिग्री कॉलेज, खुखरा थाना परिसर व आसपास में करीब 1100 पौधे लगाए. सहायक कमांडेंट विजय सिंह मीणा ने पेड़ों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन के लिए पेड़ बहुत जरूरी हैं. पेड़-पौधों से हमें स्वच्छ हवा, पानी सुरक्षित पर्यावरण मिलता है. उन्होंने स्थानीय लोगों से लगाए गए पोधों की देखरेख करने की अपील की. साथ ही अपने सगे-संबंधियों को भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित करने की सलाह दी. ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातारण मिल सके. मौके पर खुखरा थाना प्रभारी अजीत कुमार महतो, पंचायत समिति सदस्य केशव पाठक, उपमुखिया गोवर्द्धन रजक, नीरज कुमार, राजेन्द्र ठाकुर, हीरामन साव सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे.

### सिंदरी में तीन दुकानों में चोरी

**धनबाद।** सिंदरी थाना से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित रोहडाबांध न्यू मार्केटिंग काम्प्लेक्स में.चोरी की घटना को अंजाम देकर अपराधियों ने पुलिस को खुली चुनौती दे दिया है. अज्ञात चोरों ने शनिवार 15 जुलाई की देर रात न्यू मार्केटिंग काम्प्लेक्स के तीन दुकानों से छह हजार नगदी समेत लगभग चालीस हजार के सामानों की चोरी कर ली. दुकानों की छतों पर लगे एस्बेस्टस शीट को तोड़कर दुकानों में दाखिल हुए. चोरों ने इलेक्ट्रिक गुड्स की दुकान में घुस कर बिजली तार का क्वायल, एंकर ब्रांड के दर्जनो स्वीच और एलईडी बल्ब की चोरी कर ली गई है. दुकान संचालक राजू शर्मा ने बताया कि लगभग चालीस हजार रुपए के सामान और 900 रुपये नगद गायब है. कन्हाई के फास्टफूड दुकान से खाने के सामान सहित 350 रुपए नगद और मनु पंडित की दुकान से 5 हजार रुपए नगदी की चोरी हुई है. सूचना पर सिंदरी पुलिस पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया. थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि दुकानदारों से अब तक लिखित शिकायत नहीं मिली है. अपनी देखरेख में वो इसकी जांच कर रहे हैं.

### धनबाद : रोटरी क्लब ऑफ धनबाद मिडटाउन ने लगाए एक हजार पौधे

**धनबाद।** रोटरी क्लब ऑफ धनबाद मिडटाउन ने रविवार 16 जुलाई को सीआरपीएफ के जवानों के सहयोग से सीआरपीएफ के 154बीएन प्रधानखंता कैंप में 1000 पौधे लगाए. रोटरी क्लब ऑफ धनबाद मिडटाउन के अध्यक्ष राहुल गोयल ने कहा कि रोटरी और सीआरपीएफ दोनों ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं. उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन को बनाये रखने का सबसे आसान तरीका अधिक से अधिक पौधे लगाना ही है. बताया कि रोटरी धनबाद मिडटाउन और सीआरपीएफ पिछले 7 वर्षों से अधिक समय से पौधरोपण अभियान से जुड़े हैं. इस दौरान पांच हजार से ज्यादा पौधे लगाये जा चुके हैं. जिनमें कई पौधों में फल भी आ गये हैं.

## सेल के 20 सीजीएम को ईडी में पदोन्नति देकर किया स्थानांतरण

नवीन मेल संवाददाता

**चाईबासा।** सेल प्रबंधन ने कई सीजीएम स्तर के पदाधिकारियों को पदोन्नति देकर कार्यपालक निदेशक (ईडी) बना दिया है. प्रबंधन ने सभी का स्थानान्तरण भी विभिन्न इकाइयों व प्लांटों में किया है. जिन अधिकारियों को पदोन्नति मिली है उनमें एस स्वरूप, सीजीएम प्रभारी (खान एवं रावघाट), बीएसपी को पदोन्नति कर ईडी (रावघाट), बीएसपी बनाया गया. इसी तरह एसके कर, सीजीएम (गुणवत्ता), बीएसपी को ईडी, आरडीसीआईएस, रांची भेजा गया है. टी मिश्रा, सीजीएम प्रभारी (वर्क्स), एएसपी को ईडी (जीडी) बनाया गया है. आलोक वर्मा, सीजीएम (एचएसएम), बीएसएल को ईडी (खान), आरएसपी बनाया गया है. बीके गिरि, सीजीएम (खान), बीएसएल को ईडी (खान), बीएसपी बनाया गया है. बीएस पोपली, सीजीएम प्रभारी (नगर प्रशासन), बीएसएल को ईडी (पी एंड ए) सीओ बनाया गया है. एमआर गुप्ता, सीजीएम (एसएमएस-क्क), बीएसएल को ईडी (संचालन), आईएसपी बनाया गया है. वेद प्रकाश, सीजीएम (सीआरएम-क्क्क), बीएसएल को ईडी (डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन), रांची बनाया गया है. एके बेहुरिया, सीजीएम प्रभारी (एफ एंड ए), आरएसपी को ईडी (एफ एंड ए), आरएसपी बनाया गया है. देबब्रत दत्ता, सीजीएम प्रभारी (सेवाएं), आरएसपी को ईडी (ईएमडी), कोलकाता बनाया गया है. अभिक डे, सीजीएम (यातायात एवं आरएम), आईएसपी को ईडी (एमएम), आईएसपी बनाया गया है. के रामकृष्ण, सीजीएम प्रभारी (इस्पात), आईएसपी को ईडी, सीएफपी चंद्रपुर बनाया गया है. पवन कुमार, सीजीएम प्रभारी (पी एंड ए), आईएसपी को ईडी (पी एंड ए), बीएसपी भिलाई बनाया गया है.

### केंद्रीय कारा में जेल अदालत का आयोजन

**गिरिडीह।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से 16 जुलाई को केंद्रीय कारा में बंदियों के बीच जेल अदालत-सह-कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में प्राधिकार के सचिव सौरव कुमार गौतम के मार्गदर्शन में सैयद नजमुल, रविकांत शर्मा, पुरुषोत्तम कुमार, रंजीव कुमार रंजीव आदि उपस्थित थे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सैयद नजमुल ने बंदियों को दी जाने वाली कानूनी सहायता की विस्तार से जानकारी दी. बताया कि प्राधिकार के माध्यम से बंदियों को कानूनी मदद देने के उद्देश्य से पारा लीगल वॉलिंटियर्स की नियुक्ति की गई है, जो बंदियों की समस्याओं को कारा प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार तक पहुंचाते हैं. गरीब बंदियों के लिए अधिवक्ताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो बंदियों के केस में पैरवी करते हैं.

## मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर हटाया गया अतिक्रमण



नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** केबी उच्च विद्यालय के मैदान में 19 जुलाई को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर अनुमंडल प्रशासन, डुमरी प्रखंड व अंचल प्रशासन एवं स्थानीय पुलिस तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं. रविवार 16 जुलाई को पुलिस-प्रशासन की ओर से वनांचल चौक के आसपास एवं सड़क से अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया और साफ-सफाई कराई गई. मौके पर एसडीएम प्रेमलता मुर्मू, बीडीओ सोमनाथ बंकिरा, सीओ धनंजय गुप्ता, डुमरी थाना प्रभारी पवन कुमार, निमियाघाट थाना प्रभारी साधन कुमार सदल बल मौजूद थे. वनांचल चौक एवं आसपास बनी झुग्गी-झोपड़ियों को जेसीबी से हटा दिया गया. फुटपाथ पर लगे अतिक्रमण को भी हटा दिया गया. स्थानीय दुकानदारों द्वारा जमा किए गए कचरे एवं गंदगी को साफ कर सड़क किनारे कचरा जमा नहीं करने की हिदायत दी गई. वनांचल चौक से कार्यक्रम स्थल तक जाने वाले रास्ते की भी सफाई एवं समतलीकरण किया गया.

**मुख्य बातें** भाजपा के टिफिन पे चर्चा कार्यक्रम में हुए उपस्थित पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय व अन्य

# ‘पीएम ने अपने कार्यों से देश को दिलाई नई पहचान’

नवीन मेल संवाददाता

**बोकारो।** भारतीय जनता पार्टी का गोमिया विधानसभा स्तरीय टिफिन पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन 16 जुलाई रविवार को गोमिया के बैंक मोड़ में किया गया. पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उत्कृष्ट कार्यों से विश्व में भारत को एक नई पहचान दिलाई है, जिससे देश के लोग गर्व महसूस कर रहे हैं. केंद्र की भाजपा सरकार गरीबों व आमलोगों के हित में कार्य कर रही है. उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2024 में केंद्र में भाजपा गठबंधन की सरकार बनेगी. लक्ष्मण कुमार नायक ने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं और इन



योजनाओं से जरूरतमंद लाभान्वित भी हो रहे हैं. उन्होंने दावा किया कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड में भी पुनः एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी.भाजपा ओबीसी मोर्चा के केंद्रीय सदस्य देवनारायण प्रजापति ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गों के लोगों का ख्याल रखती है. जिला उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र राज ने कहा कि भाजपा पूरे विश्व में सबसे बड़ी पार्टी है और इस पार्टी का सदस्य होना काफी गर्व की बात है. मौके पर भाजपा साड़म मंडल अध्यक्ष शिवशंकर दुबे, गोमिया मंडल अध्यक्ष नारायण महतो, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मोहन कुमार, रामजी प्रसाद,चंदना डे, राजकुमार प्रसाद, दीपक ठाकुर, विजयानंद प्रसाद, दरबारी मांझी, रामभरत सिंह, धनेश्वर प्रसाद, जितेंद्र त्रिपाठी, प्रमोद स्वर्णकार, योगेंद्र प्रसाद, राजेश पांडेय, राजन स्वर्णकार आदि उपस्थित थे.

### गोमिया स्वास्थ्य केंद्र में घंटों तड़पता रहा मरीज, डॉक्टर नदारद

**बोकारो।** बोकारो जिला के गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 16 जुलाई को एक मरीज घंटों तड़पता रहा, लेकिन डॉक्टर नदारद थे. बाद में पहुंचे डॉक्टर ने अस्पताल से उस मरीज को रेफर कर दिया. बता दें कि गोमिया प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित चिपरी गांव का सुखलाल महतो (67) गंभीर हालत में जब गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा तो वहां एक भी चिकित्सक नहीं थे. नर्स ने अपने स्तर से जांच की. स्थिति नाजुक होने के कारण परिजन उसे बाहर ले जाने के लिए परेशान थे, लेकिन चिकित्सक नहीं रहने के कारण रेफर नहीं हो पा रहा था. इस संबंध में अस्पताल के प्रभारी डॉ रंजन ने बताया कि रविवार को सुबह 9 बजे से डॉ प्रियंका की ड्यूटी थी. यदि समय पर वह नहीं मिलीं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी. वहीं दूसरी ओर डॉ प्रियंका ने कहा कि उनकी गाड़ी खराब हो गई थी।

### रामगढ़ विधानसभा में हुई टिफिन पर चर्चा, दर्जनों कार्यकर्ता हुए शामिल, बोले

# कार्यकर्ता संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करें




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहें महा जनसंपर्क अभियान के तहत रविवार को टिफिन पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन होटल लॉ मेरिटल के सभागार हुआ। विधानसभा स्तरीय इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने एवं मंच संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम के जिला संयोजक राजू चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम का विषय प्रवेश करवाते हुए जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने पार्टी के झारखंड के नवनयुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं द्वारा रामगढ़ जिले हेतु तय कार्यक्रमों को भव्यता के साथ संपन्न करवाने पर मिले निर्देश को साझा करते हुए कहा की अब आगामी चुनाव को देखते हुए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट करने के लिए हीं ही टिफिन पर चर्चा जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।ताकि पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करें। कार्यक्रम में सभी नेता एवं कार्यकर्ताओं ने अपने घरों से लाए टिफिन को आपस में बांटते हुए मंचासीन नेताओं का संबोधन सुना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पाडेय ने कहा की प्रदेश द्वारा भेजे गए सभी कार्यक्रमों में एकजुटता के साथ सभी कार्यकर्ताओं को जुट जाना चाहिए । वहीं, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह रामगढ़ विधानसभा पूर्व प्रत्याशी एवं कार्यक्रम के आयोजनकर्ता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने कहा की प्रदेश से भेजे गए सभी कार्यक्रम हम सभी कार्यकर्ताओं के अंदर जोश भरने के लिए होता है। इन्ही कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने वाले कार्यकर्ताओं को प्रदेश एवम केंद्र के नेता आगे के कुछ बड़े दायित्व के लिए चुनते हैं। सांसद प्रतिनिधि रंजीत पांडे ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को प्रदेश से मिले आजीवन सदस्य निधि जैसे कार्यक्रमों को संपन्न करवाने के गुर भी दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रो.संजय सिंह, कैंट मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो, मंत्री दिलीप सिंह, वसुध तिवारी,जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय जयसवाल, कैंट मंडल नगर मंत्री, पाठक, महामंत्री सूर्यवंश श्रीवास्तव, शीतल सिंह, सुबोध सिंह, अरविंद सिंह, जग्गी, रणधीर सिंह, तरुण साव, सत्यजीत सिंह, सुरजीत सिंह होरा, सैयद किरमानी, बबलू साव ब्रजेश पाठक, अजीत गुप्ता आदि मौजूद थे।

# अपराधियों ने सीसीएल कर्मचारी को मारी गोली

### गंभीर अवस्था में रांची किया रेफर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रजरप्पा थाना क्षेत्र में रविवार को अपराधियों ने एक सीसीएल कर्मचारी को गोली मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद गंभीर अवस्था में कर्मचारी को सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के सिल्वर जुबली अस्पताल पहुंचाया गया ।उसके बाद रामगढ़ सदर अस्पताल रेफर किया गया है। जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए कर्मचारी को रांची रेफ र कर दिया। इस संबंध में बताया जाता है की रजरप्पा थाना क्षेत्र के सीसीएल रजरप्पा के आवासीय कॉलोनी के सरना स्थल के समीप रविवार 2:00 बजे के करीब सीसीएलकर्मी आशीष कुमार बनर्जी पर बाइक से पहुंचे दो अपराधियों ने गोली चलायी । घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी वहां से भाग निकले। जिसके बाद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने पहुंचने के बाद घायल अवस्था में आशीष कुमार बनर्जी को सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के सिल्वर जुबली अस्पताल पहुंचाया । जिसके बाद उन्हें सदर अस्पताल भेज दिया गया। जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची रेफर कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक सीसीएल कर्मी आशीष कुमार बनर्जी को दो गोली लगी। घटना की जानकारी पर एसडीपीओ किशोर कुमार रजक घटनास्थल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। उन्होंने कहा की घटना में शामिल अपराधियों की धर पकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। एसडीपीओ ने कहा की घटना में शामिल अपराधी शीघ्र पकड़े जाएंगे।

### पानी के अभाव में पूरा प्रखंड सुखाड़ की ओर अग्रसर

# सूखने लगे हैं बिचड़े, खेतों में पड़ी लगी है दरार









**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** प्रखंड के अधिकांश पंचायत एक बार फिर से सुखाड़ की ओर बढ़ता दिख रहा है. खोड़ाहर, करियातपुर, धनवार, बरसोत, दुलमहा, गौरियाकरमा सहित अन्य सभी पंचायतों में खेती शून्य है. पानी के अभाव में खेत में दरार फटने लगे है. बिचड़े सूखने लगे है. एक बार फिर किसान को मॉनसून दगा देने वाला है. पंचमाधव के गणेश रविदास ने बताया कि दस कट्ठा में मक्का के बीज लगाए गए थे, परंतु पानी के अभाव में पूरा पौधा सूखने लगा है. कर्ज लेकर मडुआ और धान का बीज लिया गया है. परंतु पानी के अभाव में सब शून्य हो गया है. वही कुंडवा के रंजीत टोप्पो ने बताया कि उनका मुख्य धंधा खेती है, परंतु वर्षा नही होने से खेत में धूल उड़ रहे है. यही स्थिति कमोबेश प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में देखने में मिल रहा है.

**क्या कहते है कृषि विशेषज्ञ व अधिकारी :** क्षेत्र में वर्षा को लेकर सभी चिंतित है. आईसीएआर के विशेष पदाधिकारी वी एन पांडेय ने बताया कि दो से तीन दिन में पानी होने के आसार है. अभी भी खेती के समय है. जब तक वारिस नही होती है तब तक किसानो को बिचड़े को बचाने की आवश्यकता है. बिचड़े कम क्षेत्र में होते है जिसे सिंचित किया जा सकता है. प्रखंड कृषि पदाधिकारी आजाद सिंह ने बताया कि मॉनसून एक बार फिर किसान को साथ नही दे रहा है. प्रखंड में कृषि नही के बराबर हुई है. पूरा प्रखंड सूखे की चपेट में नजर आ रहा है. अब तक अधिकांश किसानो ने बिचड़े भी नही किए है. अब खेती का समय भी निकलता जा रहा है. प्रखंड तकनीकी पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि वारिस नही होने के कारण कृषि नही के बराबर हुई है. किसान जो भी बीज ले गया है उसका उपयोग नही कर पा रहा है. पैक्स गोदाम में बीज पड़े हुए है. उन्होंने बताया कि आगामी 25 जुलाई को जिला में इस बाबत बैठक होने वाली है. स्थिति को देखते हुए विभाग वैकल्पिक व्यवस्था पर भी विचार कर रहा है. अभी भी पानी के आसार है. किसानो को तैयार रहने की आवश्यकता है.

### चाणक्य आईएएस एकेडेमी में निःशुल्क करियर काउंसिलिंग, शंकाओं को किया जाएगा दूर

**हजारीबाग।** कौशल्या प्लाजा स्थित चाणक्य आईएएस एकेडेमी की हजारीबाग शाखा में रविवार को दिन के 11 बजे से निःशुल्क काउंसिलिंग का आयोजन किया गया है. मोटिवेशनल स्पीकर और चाणक्य आईएएस एकेडेमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा व संस्थान की जनरल मैनेजर रीमा मिश्रा बतौर मुख्य वक्ता शिरकत करेंगी. यूपीएससी व जेपीएससी के साथ मैट्रिक, इंटर, स्नातक, इंजीनियरिंग, मेडिकल, बैंकिंग, रेलवे, एसएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए यह सेमिनार उपयोगी साबित होगा. विशेष बातचीत में संस्थान की जीएम रीमा मिश्रा ने बताया कि बेहतर करियर व भविष्य को लेकर विद्यार्थियों के मन में कई तरह के सवाल उठते रहते हैं. वे उलझन में रहते हैं कि क्या करें. कुछ ऐसे भी विद्यार्थी हैं, जो सिविल सेवा की तैयारी तो कर रहे हैं, लेकिन मन में निराशा भरी होती है. ऐसे ही शंकाओं को दूर करने और उज्वल भविष्य की राह आसान बनाने के लिए यह सेमिनार आयोजित किया गया है.

# राष्ट्रीय सेवा सेवक संघ ने किया गुरुपूजन महोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** धनबाद रोड स्थित यादव धर्मशाला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने श्री गुरु पूजन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया. जिसमें संघ परिवार के कई सदस्य शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार ने करवाया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से संघ परिवार की ओर से भगवा झंडे को बतौर गुरु पूजन किया गया. बताया गया कि संघ का कार्य ईश्वरीय कार्य है. राष्ट्र निर्माण के लिए कार्यकर्ता निर्माण संघ की सतत प्रक्रिया है. भगवा ध्वज सनातन धर्म के श्रद्धा के प्रतीक हैं. मानव अपूर्ण हो सकता है, इसमें विकार आ सकते हैं परंतु हमारे भगवा ध्वज में किसी भी प्रकार का विकास नहीं हो सकता है. यही कारण है कि संघ परिवार ने इस भगवा ध्वज को अपना गुरु माना है. उक्त विचार गुरु पूजनमहोत्सव में अपने बौद्धिक के दौरान संघ प्रमुखों ने कही. कार्यक्रम खंड कार्यवाह प्रभु राणा की निगरानी में आयोजित हुई. जिसमें मुख्य रुप से क्षेत्रीय कार्यवाह त्रिवेणी साहू, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर, डॉ कृष्ण केसरी, सुरेंद्र रजक, राजू प्रसाद केसरी, अमित कुमार गौरव, राजकुमार यादव, अशोक यादव आदि सहित कई लोग उपस्थित थे.

### खतरा | बेड़ोकला से चांदगढ़ जानेवाली पुल जर्जर, विधायक ने किया निरीक्षण, कहा

# जल्द ही पुल निर्माण की आधारशिला रखी जाएगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** बेड़ोकला से चांदगढ़ जाने वाली गोंदासिंगा नाला पर स्थित जर्जर पुल बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। ज्ञात हो इस मार्ग से सैकड़ों छोटी- बड़ी वाहनों का आवागमन होता है। यह पुल तिलैया एवं हजारीबाग को जोड़ती है। वहीं पुल का निरीक्षण करने पहुंचे बेड़ोकला मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र पांडेय ने कहा, पुल का छड़ साइड से और नीचे से लगभग निकल चुका है जो खतरे की घंटी बजा रहा है ।बताया कि कुछ वर्ष पहले यज्ञ हेतु चंदा लेने कमांडर वाहन से आए लोगों की गाड़ी इस पुल के नीचे गिर गई थी जिसमें 3 लोगों की मौत व कई घायल हुए थे। कहा कि पुल से बड़ी वाहनों का आवागमन नहीं हो पाता है ।लेकिन जान जोखिम में डालकर कुछ चालक गाड़ी पार कर लेते हैं ।वहीं विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में पुल पुलिया का निर्माण तथा अन्य योजनाएं जोरों से चल रही है । आवश्यकतानुसार निर्माण हेतु आधारशिला भी रखी जा रही है। बताया कि इस पुल का पुनर्निर्माण जल्द ही किया जाएगा ।इसके लिए हमने विभाग से पत्राचार किया है। संभवतः इस वर्ष ही इसके निर्माण की आधारशिला रखी जाएगी। वहीं उपस्थित ग्रामीणों ने विधायक से शीघ्र पुल निर्माण कराने का आग्रह किया। मौके पर पंसस रामचंद्र साव, वार्ड सदस्य वासुदेव पासवान, शेखावत अंसारी, शिक्षक रामेश्वर यादव, धीरेंद्र बैठा, राजू पासवान, देवी लाल यादव ,कारू पासवान समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### संदिग्ध अवस्था में किशोरी का शव मिला पुलिस द्वारा जांच की जा रही है

**रामगढ़।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के बीचा गांव में संदिग्ध अवस्था में अपने ही घर में 16 वर्षीय किशोरी की शव मिला है। मृतका सरकारी स्कूल में 9वीं कक्षा की छात्रा थी। इस संबंध में बताया जाता है की बीचा गांव निवासी मदन मोहन सिंह और उनकी पत्नी शनिवार को सुबह काम करने निकल थे। शाम को वापस लौटने पर बड़ी पुत्री मनीषा कुमारी को मृत पाया। इस संबंध में छोटी बेटी ने बताया कि वह कुछ काम से घर से बाहर गई थी। लौटने पर पाया कि मनीषा बेसुध पड़ी हुई है। रविवार को मामला प्रकाश में आने पर ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोरी के मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### हजारीबाग : सर्पदंश से महिला की मौत

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड के नचले गांव में गिरधारी भोक्ता की पत्नी चांदो देवी की मौत सर्पदंश से हो गई. वह जमीन पर सोई हुई थी और शनिवार की रात लगभग 2:00 बजे विषैला सांप ने उसे काट लिया. उसके बाद महिला ने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी. परिजन गांव के ही एक जड़ी-बूटी देने वाले और झाड़-फूंक करने वाले पोखन सिंह भोक्ता को बुला कर ले आए. दो घंटे झाड़-फूंक करने के बाद महिला की तबीयत बिगड़ने लगी. उसके बाद उसे अस्पताल भेज दिया. लेकिन रास्ते में ही महिला की जान चली गई. इस संबंध में वार्ड सदस्य परमेश्वर सिंह ने बताया कि महिला को करैत सांप ने डंसा था. समय पर अस्पताल ले जाया जाता, तो महिला की जान बच सकती थी.

### पूर्व उप विकास आयुक्त के निधन पर शोक



**रामगढ़।** लंबे समय से बीमार चल रहे रामगढ़ जिले के पूर्व उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा का रविवार की सुबह निधन हो गया। इसकी सूचना प्राप्त होने पर उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा सहित जिले के वरीय अधिकारियों एवं कर्मियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। वहीं, उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि इस दुख की घड़ी में जिला प्रशासन रामगढ़ पूर्व उप विकास आयुक्त के परिजनों के साथ है।

### बरही :सुमन हत्याकांड के सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग, दी गयी श्रद्धांजलि



**बरही ।** बीते दिन मलकोको की 22 वर्षीया नवविवाहिता बेटी सुमन को उसके ससुराल वालो ने दहेज के लालच में गला घोंटकर हत्या कर दी थी. इस मामले में सरिया पुलिस ने मृतिका के पति और सौतेली सास को गिरफ्तार कर मामले को स्थानीय मस्केडीह थाना को सौप दिया. परंतु स्थानीय थाना ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है. अभी भी शेष अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त से बाहर है. मामले को लेकर मलकोको के युवा समाजसेवी और एआईएमआईएम के बरही विधानसभा प्रभारी सूरज कुमार दास ने प्रशासन से शेष अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी और हत्यारों को फांसी के तख्त तक पहुंचाने की मांग की है. जिससे भविष्य में कोई दहेज दानव इस प्रकार का कुकृत्य करने से परहेज करे. उक्त बाते मृतिका के श्राद्ध कर्म कार्यक्रम पर उन्होंने कहा. सजा की मांग करने वालो में गुलाब कु० दास प्रधानाध्यापक डॉ० भीम राव अम्बेदकर पब्लिक स्कूल मलकोको, शिक्षक शंकर दास, लक्ष्मण दास, ग्रामीण प्रभु रविदास, यमुना दास, रामसुंदर दास, हेमलाल दास, अमित कुमार दास, किशोर दास, नारायण दास,पंकज दास सहित कई महिलाएं भी शामिल थीं.

### बरकट्ठाः प्रेमी प्रेमिका ने सुरक्षा को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल किया वीडियो



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के ग्राम बरवां, पोस्ट सलैया निवासी रामु कुमार, पिता महावीर प्रसाद ने अपनी प्रेमिका अंजली कुमारी, पिता महेंद्र मंडल, ग्राम नगर केसवारी थाना सरिया से प्रेम विवाह कर अपनी सुरक्षा के लिए एक वीडियो जारी किया है ।यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। जिसमें युगल प्रेमियों ने अपनी सुरक्षा को लेकर गुहार लगाई है। उन्होंने वीडियो के माध्यम से बताया कि हम दोनों जहां भी हैं सुरक्षित हैं। हमारे माता-पिता को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। वही प्रेमिका अंजली कुमारी ने 6 माह के गर्भवती होने की बात कही है। कहा कि हम दोनों का 2 वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वही प्रेमी रामू ने बताया कि लड़की के पिता हमारे संबंध के खिलाफ है अतः हमें सुरक्षा दी जाए। वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रिया आई है, जिसमें एक व्यक्ति ने लिखा है इन्हें जेड सुरक्षा दी जानी चाहिए क्योंकि इन्होंने काबिले तारीफ काम किया है। कुछ ने बच्चों को सही संस्कार व परवरिश न देने का अंजाम लिखा है ।बहरहाल जो भी हो ऐसी घटनाएं पाश्चात्य देशों की संस्कृति को बढ़ावा दे रही है तथा यह भारत देश या सनातन धर्म की संस्कृति से बिल्कुल मेल नहीं खाती है।

### बरकट्ठा पुलिस ने चोरी के आरोपी को भेजा जेल

**बरकट्ठा।** पुलिस ने चोरी करने के एक आरोपी को पकड़ कर जेल भेजा है। थाना कांड संख्या 138/23 के प्राथमिक अभियुक्त आदित्य केशरी, पिता प्रदीप प्रसाद केशरी, ग्राम करियातपुर थाना बरही निवासी को गिरफ्तार कर मेडिकल जांच कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### बोलेरो की चपेट में आने से चार महिलाएं घायल

हजारीबाग। विष्णुगढ़-गोमिया एसएच स्थित सदारो में चार महिलाएं बोलेरो की चपेट में आने से जख्मी हो गईं. घटना शनिवार रात की है. सूचना पर पहुंची विष्णुगढ़ थाना की पुलिस ग्रामीणों के सहयोग से घायल महिलाओं को इलाज के लिए विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई. वहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें हजारीबाग रेफर कर दिया गया. जानकारी मिली कि नरकी की शुकरमुनी देवी, मंझली देवी, सुरजमुनी देवी एवं बुधनी देवी डोरी (महुआ दाल) की पेराई कर घर लौट रही थीं. इसी क्रम में सड़क किनारे चल रही इन महिलाओं को एक बोलेरो ने अपनी चपेट में ले लिया. महिलाओं को धक्का मारकर चालक बोलेरो लेकर फरार हो गया.

### विष्णुगढ़ में बालू लोड चार ट्रैक्टर जब्त

**हजारीबाग।** विष्णुगढ़ में पुलिस ने बालू लदे चार ट्रैक्टर को जब्त किया है. हालांकि कारोबारी फरार हो गए. दरअसल बालू के कारोबारियों के खिलाफ पुलिस सख्ती पर उतर आयी है. अंचल अधिकारी इस मामले में पूरी तरह सख्त हैं. इधर ट्रैक्टर मालिकों का कहना है कि उन्हें किस्त चुकाने में भारी फजीहत हो रही है. ट्रैक्टर मालिकों को किस्त के रूप हर महीने पंद्रह हजार रुपए चुकाने होते हैं. इनकी कमाई का मुख्य जरिया नदियों से बालू उठाव कर बेचना है. धर पकड़ से बालू की कीमतों में भारी इजाफा हुआ है. साथ ही निर्माण कार्यों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है.

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में चेस, कैरम और टेबल टेनिस प्रतियोगिता



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में इंटर हाउस लूडो, चेस और कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता बालक और बालिका दोनों वर्गों के बीच हुई। प्रतियोगिता के पहले रांड में लूडो के बालिका वर्ग में पवन हाउस को प्रथम, आकाश हाउस को द्वितीय और पानी है उसको तृतीय स्थान मिला। वहीं बालक वर्ग में पवन, आकाश और धरती हाउस क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। जबकि कैरम प्रतियोगिता के बालक वर्ग में पवन, आकाश, धरती, बालिका वर्ग में पवन, धरती, आकाश को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला में बालक वर्ग में पवन हाउस के आदित्य राज, धरती हाउस के जय कुमार, पानी हाउस के रौनक भारती, आकाश उसके सौरभ कुमार, बालिका वर्ग में आकाश हाउस की स्नेहा कुमारी, धरती हाउस की रितिका गुप्ता, पवन हाउस की नैंसी कुमारी, पानी हाउस की दीप शिखा गुप्ता, टेबल टेनिस बालक वर्ग में आकाश हाउस के आभाष जेठवा, पवन हाउस के प्रियांशु सिंह, पानी हाउस के रॉबिन कुमार, धरती हाउस के रौशन कुमार तथा बालिका वर्ग में पवन हाउस की घटिका जैन और पानी हाउस की रिया रानी को प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के सफल संचालन में पीटीआई राकेश पांडेय और कुंदन राणा का विशेष योगदान रहा। इस बारे में विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा ने कहा कि खेल-कूद भी शिक्षा का अभिन्न अंग है। इस क्षेत्र में भी बच्चे अपना भविष्य बना सकते हैं। छात्रों का सर्वांगीण विकास स्कूल की प्राथमिकता है। वहीं प्राचार्य नवीन कुमार ने सफल प्रतिभागियों को बधाई और कहा कि खेलकूद से बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। इसमें हार और जीत कोई मायने नहीं रखता है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेना अपनेआप में बड़ी बात होती है। मौके पर एकेडमिक कोर्डिनेटर प्रवीण कुमार, पायल सिंह समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# जिला स्तरीय खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर के लिए चयन प्रतियोगिता



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा जिले में इसी वर्ष बाघीटांड स्टेडियम कोडरमा में खुलने वाले जिला स्तरीय खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर हेतु खिलाड़ियों का चयन किया जाना था जिसके लिए 15 जुलाई को प्रतिभागियों का चयन प्रतियोगिता सम्पन्न किया गया। इस चयन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का फिजिकल टेस्ट लिया गया। फिजिकल टेस्ट में प्रतिभागियों का कद, वजन, वर्टिकल जम्प, मेडिसिन बॉल थ्रो, 6.10 मीटर शटल रन, 30 मीटर फ्लाइंग स्टार्ट, प्लैंक, पुशअप, हैंड पावर, 100 मीटर दौड़ में उनके प्रदर्शन के अनुसार उनको चुना जाएगा। एवं तीरंदाजी के लिए सबसे महत्वपूर्ण बो हैंड एलाइमेंट, आई साइट जैसे कुछ जरूरी टेस्ट लिए गए। इस चयन प्रतियोगिता में मुख्य रूप से तीरंदाजी में एन. आई. एस. क्वालिफाइड कोच एवं कोडरमा डिस्ट्रिक्ट आर्चरी एसोसिएशन के सचिव विशाल सिंह सीनियर तीरंदाज श्रेया कुमारी, आदर्श कुमार, आदित्य कुमार, सहयोगी विल्सन पॉल, सोनाली कुमारी, संदीप कुमार, रॉकी कुमार, सोनल पाण्डेय, नयन कुमार, प्रिंस कुमार समेत ताइकवांडो डे-बोर्डिंग सेंटर के मुख्य कोच अशोक कुमार ने ऑफिशियल की भूमिका निभाई।

# क्षमता विकास पर चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

## प्राथमिक शिक्षा के माध्यम से गांव-गांव में निरक्षरता दूर करेंगे : पवन राय



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** एकल अभियान का प्राथमिक शिक्षा क्षमता विकास वर्ग का चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शिव शक्ति धाम नावाडीह डोमचांच में शुरू हुआ। जिसमें हजारीबाग, कोडरमा और चतरा जिले के 39 संच प्रमुख हिस्सा ले रहे हैं। प्रशिक्षण वर्ग में प्रभाग 3 के अभियान प्रमुख पवन कुमार राय ने पंचमुखी शिक्षा पर कहा कि प्राथमिक शिक्षा के माध्यम से ही गांव में निरक्षरता को दूर करेंगे, आरोग्य शिक्षा के माध्यम से बीमारी मुक्त बनाएंगे। गांव के विकास में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए एकल अभियान लगा हुआ है। वही मुखिया ममता देवी ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जो मनुष्य के जीवन को सार्थक बनाता है। सावित्री फुले बाई शिक्षा देने के लिए निकलती थी तो उनके ऊपर ईट, कीचड़, गोबर फेंकते थे, इतने परिश्रम के बाद माता फूलों बाई के संघर्ष का परिणाम है कि आज की नारी शक्ति शिक्षा की ओर अग्रसर है। प्रशिक्षण को पंचायत समिति की सदस्य देवंती देवी, एकल अभियान के उत्तर झारखंड संभाग प्रमुख जीतलाल हसदा, संभाग प्राथमिक शिक्षा प्रमुख धनंजय दास, हजारीबाग अभियान प्रमुख रूद्रदेव पांडे, ग्राम स्वरोजगार योजना प्रमुख अरविंद कुमार, आरोग्य प्रशिक्षण संभाग प्रमुख नरेंद्र प्रसाद, भाग प्रशिक्षण प्रमुख प्रेम राम, ग्राम स्वरोजगार योजना प्रमुख भरत सिंह, भाग आरोग्य प्रशिक्षक रामनिवास पांडे, अंचल अभियान प्रमुख विनोद कुमार ने पंचमुखी शिक्षा, प्राथमिक शिक्षा, आरोग्य योजना, ग्राम विकास योजना, ग्राम स्वरोजगार योजना, श्री हरि कथा संस्कार योजना के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस अवसर पर संच अध्यक्ष डोमचांच दिलीप मेहता, उपाध्यक्ष रामपुकार मेहता, संच युवा अध्यक्ष जगदीश भारती, उप मुखिया नावाडीह लक्ष्मण महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## फोरलेन निर्माण के दौरान पेयजलापूर्ति का पाइपलाइन टूटा, तीन दिनों तक जलापूर्ति ठप



**झुमरी तिलैया।** फोरलेन निर्माण कार्य के दौरान शहरी जलापूर्ति योजना का पाइप लाइन टूट जाने से झुमरीतिलैया के विभिन्न इलाकों में अगले 3 दिनों तक जलापूर्ति नहीं हो सकेगी। इस बारे में पीएचइडी के जेल सुनील कुमार ने बताया कि चंदवारा रेलवे ओवर ब्रिज के निकट पाइपलाइन टूट गया है। उन्होंने बताया कि आरकेएस कंपनी के द्वारा मेन वाटर लाइन में शटडाउन लेने के लिए अनुरोध किया गया है ताकि रिपेयरिंग वर्क किया जा सके। उन्होंने बताया कि 18 जुलाई से दो टंकी पुराना टंकी और सीएच स्कूल स्थित टंकी से 3 दिनों के लिए जलापूर्ति बाधित रहेगी। इन 3 दिनों के बीच में एक दिन बाइपास करके जलापूर्ति करने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने बताया कि बाकी टंकियों से अन्य दिनों की तरह जलापूर्ति सामान्य रूप से चलती रहेगी। बता दें कि फोरलेन का निर्माण कार्य बिहार के नवादा तक किया जाना है। इस क्रम में कई बार पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जा रहा है, जिससे जलापूर्ति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हालांकि विभागीय तत्परता के कारण शीघ्र ही जलापूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त कर आपूर्ति को पुनः बहाल किया जा रहा है।

## पार्षद पिंकी ने जरूरतमंद को दिया व्हील चेयर




**झुमरी तिलैया।** निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन ने रविवार को जरूरतमंद निशक्त को व्हीलचेयर दिया। वार्ड नंबर 28 मडवाटांड निवासी रविंद्र शर्मा ने अपने पुत्र पप्पू शर्मा के लिए व्हीलचेयर की मांग की थी। उसने कहा उनका पुत्र निशक्त और लाचार है। जिसके कारण उसे बहुत परेशानी होती थी। व्हीलचेयर रहने से उसे इधर-उधर ले जाने में दिक्कत नहीं होगी। पिंकी जैन ने कहा कि मानवता की सेवा ही सच्ची सेवा है। हर मनुष्य के दिल में जरूरतमंदों के प्रति संवेदना और मदद की भावना अवश्य होनी चाहिए। यदि हम अपने प्रयास से किसी जरूरतमंद के काम आए वही सच्ची सेवा है। जैन समाज मूलचंद छाबड़ा सेवा फाउंडेशन के द्वारा हमेशा समाज सेवा के क्षेत्रों मे सहयोग प्रदान किया जाता है।

## संयुक्त प्रतिपक्षी मोर्चा की बैठक 19 को

**झुमरीतिलैया।** संयुक्त प्रतिपक्षी मोर्चा की एक बैठक 19 जुलाई को शिव वाटिका में दिन 1 बजे से आहूत की गई है यह जानकारी संयुक्त प्रतिपक्षी मोर्चा के उदय द्विवेदी ने दी उन्होंने बताया कि बैठक में शहीद- ऐ-आजम भगत सिंह की जयंती 28 सितंबर को मनाने पर चर्चा होगी। उन्होंने बैठक में कार्यकताओं व सदस्यों से शामिल कि अपील की है।

## बंदरचुवा के कई लोगों ने जेएमएम थामा दामन



**कोलेबिरा।** जिला के कोलेबिरा प्रखंड के अंतर्गत बन्द्चूवाँ ग्राम के चौरापानी के कई लोगों ने थामा झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का हाथ। वही झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के सदस्यता ग्रहण मुल्यानी डांग, जिरेन लुगुन, नामलेन होरो , अणिमा सुरिन ,सेवानि बुढ़, अन्ज्रेन केरकेट्टा, विमला लुगुन, अनिल मिन्ज ,सुदर्शन सुरिन, रैदाण डांग, पर्भु दान लुगुन , गाबरियल सुरिन, नथियल केरकेट्टा, याकुब हेम्ब्रोम, नैमन हेम्ब्रोम आदि लोगो ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। मौके पर फुलकुमारी समाद जेएमएम प्रखंड सचिव सचिव वकील खान,जेएमएम के डोमटोली पंचायत अध्यक्ष प्रकाश बागे, अभिसेक समद और मेराज अकरम के नेतृत्व में सदस्यता ग्रहण कराया गया।

# सर्पदंश से एक व्यक्ति की मौत, एक की हालत गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा में लगातार सर्पदंश के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं रविवार की सुबह सदर अस्पताल में 52 वर्षीय व्यक्ति की सर्पदंश की वजह से मौत हो गई जबकि दूसरा व्यक्ति की हालत गंभीर है। मृतक की पहचान बीरु जामटांड निवासी मुटु मांझी के के रूप में हुई । घटना के संबंध के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मुटु अपने घर में सोया हुआ था इसी दौरान करीब शनिवार की रात 1:00 बजे उसे जहरीले सांप ने डसा था और उसकी हालत बिगड़ने लगी उसकी बिगड़ती हालत को देख परिवार वालों ने उसे झाड़-फूंक के लिए ले गए और लंबे समय तक झाड़-फूंक चलता रहा लेकिन जब किसी प्रकार की कोई भी सुनवाई नहीं हुई तब जाकर परिजनों ने उसे सदर अस्पताल सिमडेगा लाया इधर सदर अस्पताल सिमडेगा में इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया एवं पोस्टमार्टम करवाने के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया। वही दूसरा मामला केरसई के गोरारजोर गांव की है जहां पर 24 वर्षीय सागर मिंज नामक युवक को जहरीले सांप ने डसा जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ी। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा लाया जहां उपचार चल रही है। सिविल सर्जन डॉक्टर नवल कुमार ने कहा कि लोग झाड़-फूंक और अंधविश्वास के चक्कर में पड़ जाते हैं जिसकी वजह से मरीजों की जान चली जाती है।

## सिमडेगा में विश्व आदिवासी दिवस पर 14 आदिवासी समुदाय होंगे शामिल

**सिमडेगा।** विश्व आदिवासी दिवस 2023 के आयोजन समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष श्री हरिशचंन्द्र भगत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विशेष रुप से तय किया गया कि आदिवासी दिवस का कार्यक्रम शहीद अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में किया जाने का निर्णय लिया गया है। जिसकी तैयारी शुरू की जा चुकी है। इस आयोजन में सिमडेगा के सभी 14 आदिवासी समुदाय के आदिवासी शामिल होंगे और धूमधाम से कार्यक्रम किया जायेगा। समिति द्वारा अगला बैठक 18 जुलाई मंगलवार को दिन के 2 बजे किया जाना तय किया है ताकि विश्व आदिवासी दिवस की तैयारियों को गति दिया जाए ।इस मौके पर अगुस्टीना सोरेंग, रोशन डुँगडुँग, अमन नियेल सोरेंग , पाहन बिरसा मुंडा, सक्रिय समाजसेवी मतियस सोरेंग, सोहन बडाईक, प्रो. अंजलि टोप्पो, अनुप लकडा, मारकुस कुजूर, प्रफुल्ल किंडो, विवेक आदि उपस्थित रहे।

# लुड़गी एवं मेरोमडेगा में मना ऑटोनोमी पर्व



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा के जीईएल चर्च बुड़गी एवं मेरोमडेगा में रविवार को धूमधाम के साथ ऑटोनॉमी पर्व मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का झापा जिलाध्यक्ष मतीयस बागे,युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का शामिल है। सर्वप्रथम आए हुए अतिथियों का स्वागत गान के साथ स्वागत की गई एवं माला पहनाकर उन्हें कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा ऑटोनॉमी पर्व ईसाई धर्म और कलीसिया समुदाय एक विशेष अंग है। 10 जुलाई को मनाया जाता है लेकिन यहां पर आज मनाया जा रहा है इसलिए यहां के सभी लोगों को इस की शुभकामनाएं देता हूं।यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि हम ऑटोनॉमी प्राप्त कलीसिया के अंग है। 10 जुलाई 1919 को हमारी कलीसिया को ऑटोनॉमी घोषित किया गया। हमें ज्ञात है कि 1914 को प्रथम विश्वयुद्ध के समय जर्मन मशीनरियों को देश छोड़ने पर बाध्य कर दिया गया। कलीसिया की देखरेख का भार छोटानागपुर के बिशप वेस्टकॉट को सौंपा गया। जर्मन मिशनरियों के चले जाने से कलीसिया अनाथ सी हो गई कलीसिया के समक्ष जो शर्तें रखी गई, उस आधार पर उसके सामने दो ही विकल्प थे। अर्थात एसपीजी कलीसिया में विलय हो जाए या कलीसिया का संपूर्ण भार अपने कंधे पर लेने को तैयार हो जाए। दोनों विकल्पों को नहीं चुनने पर सारी संपत्ति कमीशन को चली जाती। इस पर विचार करने के लिए नेशनल मशीनरी काउंसिल की कार्यकारिणी की ओर से एक जांच कमीशन गठित कर जीईएल कलीसिया छोटानागपुर एवं असम के लोगों का विचार जानने को भेजा गया। कलीसिया के लोगों ने अपने विचार में स्पष्ट कर दिया कि वह कलीसिया का कठिन भार अपने ऊपर लेने को तैयार हैं। अतः 10 जुलाई 1919 को कलीसिया को ऑटोनॉमी घोषित कर दिया गया।

## जवान के पार्थिव शरीर पहुंचा सिमडेगा, नम आंखों से दी गई विदाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जम्मू कश्मीर में तैनात बीएसएफ जवान सलीम टोप्पो का पार्थिव शरीर रविवार को उनके पैतृक गांव कोचेडेगा महुआटोली पहुंचा। जहां बीएसएफ जवानों एवं पुलिस जवानों की मौजूदगी में राष्ट्रीय सम्मान के साथ दिवंगत जवान को अंतिम विदाई दी गई। पादरी की अगुवाई में पूजा का आयोजन कर अंतिम संस्कार किया गया। मौके पर पूर्व मंत्री एनोस एक्का, मुखिया शिशिर टोप्पो, मतियस बागे, संदेश एक्का सहित पूरे गांव के लोग मृतक जवान को अंतिम विदाई देने के लिए पहुंचे थे। सभी ने नम आंखों से जवान सलीम टोप्पो को विदाई दी। सलीम के परिजनों ने बताया कि वर्ष 1990 में सलीम ने बीएसएफ ज्वाईन की थी। सलीम वर्तमान में जम्मू कश्मीर में तैनात थे। लगभग चार माह पूर्व ही ड्यूटी के दौरान सलीम गिर कर घायल हो गए थे। गिरने के दौरान उनके सिर में गंभीर चोटें आई थी। सलीम ब्रेन हेम्ब्रेज का शिकार हो गए थे। जिसके बाद उनका इलाज आईसीयू में चल रहा था। रविवार को बीएसएफ के स्पेशल बिमान से जवान का पार्थिव शरीर रांची एयरपोर्ट तक लाया गया। जहां से शव को बीएसएफ के वाहन से महुआटोली स्थित सलीम के घर तक ले जाया गया। जवान सलीम का शव घर पहुंचते ही उनकी पत्नी, मां, दो भाई और 14 वर्षीय बटे का रो रोकर बुरा हाल था। पूर्व विधायक बसंत लोंगा भी जवान के पार्थिव शरीर पर पुष्प चढ़ाते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अंतिम विदाई देने पहुंचे बीएसएफ के जवानों ने जवान सलीम की पत?नी को आर्थिक सहयोग दिया। साथ ही आगे भी हर संभव मदद करने का भरोसा जताया। बीएसएफ जवानों ने सलीम का विधवा पत्नी को तिरंगा और सलीम की वर्दी देकर उन्हें सम्मानित किया।

## स्थापना दिवस

## मारवाड़ी युवा मंच मंच और प्रेरणा शाखा ने किया पौधरोपण

# पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता जरूरी : राज



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के 22 वें स्थापना दिवस को लेकर राज्यव्यापी पौधारोपण कार्यक्रम के तहत मारवाड़ी युवा मंच झुमरी तिलैया एवं प्रेरणा शाखा ने झरना कुंड में मंच के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण गोयल के सम्मान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन कियो 17 जुलाई को पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर जी अग्रवाल के सम्मान में राज्यव्यापी रक्तदान के कार्यक्रम के तहत कोडरमा में दोनों शाखाएं रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन करेगी इधर 22 जुलाई तक मंच के द्वारा शिक्षा,खेलकूद, नारी चेतना,गो आहार जैसे कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगो इधर झरना कुंड में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में मंच के द्वारा 50 आम के पेड़ का पौधा रोपण किया गयो मंच के अध्यक्ष राज पच्चीसिया ने कहा कि मंच ने आज अपने कार्यक्रम के तहत 501 पौधे लगाने का संकल्प भी पूरा कर लियो उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता भी जरूरी है, मानव जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को साल में कम से कम 5 पौधे लगाने और साथ-साथ उसकी रक्षा का संकल्प लेना चाहिऐ ताकि आने वाली पीढ़ी को भी पर्यावरण के वजह से कोई कठिनाई न हो, पेड़ पौधे के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती वही नप के सिटी मैनेजर प्रशांत भारती ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच समाज सेवा का जो बीड़ा उठाया है यह अद्वितीय है और भविष्य में भी नगर परिषद मंच को सहयोग प्रदान करेगा `सचिव आशीष जोशी ने चारों ओर हरियाली की हरियाली नजर आए इसके लिए मंच सार्थक प्रयास कर रहा है मौके पर स ह सचिव शिवेश पच्चीसिया, कोषाअध्क्ष चिंटू अग्रवाल, महावीर खेतान, आशीष केडिया व अन्य सदस्य मौजूद थे वहीं दूसरी ओर प्रेरणा शाखा ने भी 8 दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें आम,अमरूद, बेल, नीम, गुलमोहर के पौधे झुमरी तिलैया नगर परिषद और वन विभाग के सहयोग से किया गयो मौके पर अध्यक्ष श्रेया केडिया ने कहा वृक्ष प्रकृति का अनमोल रत्न है इसकी रक्षा सबका दायित्व है वही सचिव सारिका लड्ढा ने कहा कि शाखा का मुख्य उद्देश्य बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान, अमृतधारा सहित कई योजनाएं पर कार्य किए जा रहे हैं। प्रेरणा शाखा ने अभी तक 704 पौधे अलग-अलग क्षेत्रों में लगाए हैं मौके पर उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया स्वेता गुटगुटिया नीतू अग्रवाल रश्मि शर्मा सुनीता गुटगुटिया, ज्योति अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## धान बकाया पैसा मिलने पर किसानों में खुशी, भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा का जताया आभार

**सिमडेगा।** भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा के द्वारा विगत दिनों पत्रांक न.06/126, तिथि 26 मई 2023 को जिले के किसान भाइयों के धान खरीदी का 50% बकाया पैसा नहीं दिए जाने संबंधी समस्या के समाधान हेतु उपयुक्त महोदया जी को एक आवेदन पत्र सौंपा गया था।दिए गए आवेदन का प्रभाव से विभाग के द्वारा लैम्पसों से धान उठावा होने लग गया , और किसानों को उनकी बकाया राशि भी मिलने लगा।उक्त बातें कुछ किसानों ने श्री बेसरा को व्हाट्सएप के जरिए जानकारी दिए। श्री बेसरा ने सिमडेगा जिला खाद्य आपूर्ति शाखा के पदाधिकारियों से फोन द्वारा बात चीत कर उक्त संबंध में जानकारी लिए। विभाग द्वारा जानकारी दिया गया कि धान , उठाव का काम एवं साथ ही साथ किसानों को उनकी बकाया राशि का भुगतान भी कर दिया जा रहा है। किसान भाई बकाया राशि की भुगतान होने पर बहुत खुश हैं। श्री बेसरा जी ने जिला खाद्य आपूर्ति शाखा सिमडेगा को ज़िले की सभी किसानों बन्धुओं की ओर से आभार व्यक्त किया है।

## मिलाप मेडिकल सेंटर व लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम ने किया आयोजन

# स्वास्थ्य शिविर में 110 मरीजों का निःशुल्क इलाज

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
गढ़वा प्रखंड के प्रतापपुर पंचायत स्थित उर्दू मध्य विद्यालय में मिलाप मेडिकल सेंटर एवं लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ महजबीं, जेनरल फिजिशियन डॉ पियूष प्रमोद व डॉ असजद अंसारी के द्वारा कुल 110 मरीजों का निःशुल्क जांच किया गया।

इस शिविर का शुभारंभ प्रतापपुर के मुखिया सफीक खान द्वारा किया गया। इस मौके पर मिलाप मेडिकल सेंटर के डायरेक्टर सह लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के उपाध्यक्ष लायन डॉ असजद अंसारी ने कहा कि उक्त शिविर



आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के साथ ही जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि इस शिविर में मरीजों को निःशुल्क जांच के साथ साथ दवा वितरण भी किया गया। इस मौके पर प्रतापपुर पंचायत के मुखिया सफीक खान उर्फ भुट्टो खान ने कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण लोगों को पूरा लाभ मिलता है। इस तरह का आयोजन समय समय पर होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मिलाप मेडिकल सेंटर काफी कम समय मे काफी प्रगति की है। यहां सभी तरह के बीमारियों का इलाज किया जाता है। जिसका लाभ यहां के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यहां मरीजों के इलाज के लिए हर तरह की आधुनिक मशीन उपलब्ध है। वहीं हर तरह की सुविधा भी है। उन्होंने कहा कि मिलाप मेडिकल सेंटर के द्वारा प्रत्येक महीना के 30 तारीख को चिनिया रोड स्थित अस्पताल परिसर में उक्त शिविर का आयोजन किया जाता है जो सराहनीय है। मौके पर रिजवान खान, चांद शाह, जहांगीर खान, वसीम खान और मिलाप मेडिकल सेंटर के यूसुफ अंसारी, एएनएम सेजल, अंजली, नीलम, चंद्रशेखर आदि उपस्थित थे।

# चिनिया ब्लॉक के अनुबंध कर्मी आज से तीन दिन रहेंगे सामूहिक हड़ताल पर

## पीएम आवास के कोऑर्डिनेटर के हत्यारे की दो दिन में गिरफ्तारी की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**
प्रधानमंत्री आवास कोऑर्डिनेटर सिराज अहमद के हत्या के विरोध में अनुबंध कर्मचारी संघ जिला गढवा एवं राज्य आवास कर्मी संघ झारखंड के द्वारा 17 जुलाई से 19 जुलाई तक तीन दिवसीय हड़ताल करने का निर्णय किया है। इसकी लिखित सूचना उपायुक्त गढ़वा को दे दी गयी है। अनुबंध कर्मचारी संघ जिला इकाई गढ़वा द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि जब तक मोहम्मद सिराज के हत्यारे की गिरफ्तारी नहीं हो जाती सामूहिक रूप से कार्य का बहिष्कार करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। कर्मचारियों ने हत्यारों को अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं राज्य आवास कर्मी संघ ने भी संयुक्त रूप से सामूहिक



हड़ताल करने का आह्वान किया है तथा हत्या की घोर निंदा की है। संघ के माध्यम से मांग किया गया है कि अपराधियों को पुलिस प्रशासन पकड़ कर अविलंब कड़ी कार्रवाई करें। मोहम्मद सिराज अंसारी की हत्या से सभी आवास कार्यों में डर और भय व्याप्त है। आवास कर्मियों की भविष्य की सुरक्षा हेतु ग्रामीण विकास मंत्री के माध्यम से 6 माह पूर्व संचिका में स्वास्थ्य बीमा मिलने के बावजूद अब तक विभाग ने इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की है। हत्यारे को दो दिन के अंदर गिरफ्तार किया जाए। सिराज अहमद के आश्रित को भरण पोषण हेतु 2000000 रुपये की राशि दी जाए। सभी अनुबंध कर्मियों को गृह प्रखंड विशेष परिस्थिति में अनुमंडल स्तर पर पदस्थापना की जाए व सभी अनुबंध पर कार्यरत क्षेत्रीय कर्मियों को बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए। बताते चलें कि 14 जुलाई को आवास को कोऑर्डिनेटर सिराज अहमद भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय से अपने घर जा रहे थे तभी तुलसी दाम और घाटी में अज्ञात अपराधियों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## पत्नी व बच्चों के नाम राशन कार्ड बनवा उठाता है चावल व गेहूं

# डंडाई प्रखंड के पारा शिक्षक सरकार को लगा रहे चूना

## अपने नाम पर प्रत्येक वर्ष पैक्स में बेचता है 56 क्विंटल 60 किलो धान

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**
प्रखंड के पारा शिक्षक दिन के उजाले में सरकार को चूना लगाने का काम कर रहे हैं। वहीं प्रखंड से लेकर जिला तक के विभागीय पदाधिकारी उस ओर मुकदर्शक बन बैठे हैं। शिक्षक अपने वेतनमान की राशि की परवाह न कर जहां पत्नी व बाल बच्चों के नाम से राशन कार्ड बनवा प्रत्येक माह डीलर की दुकान से फ्री में चावल व गेहूं का उठाव करा रहे हैं, वहीं उनकी ओर से स्वयं प्रखंड क्षेत्र के पैक्सों पर प्रत्येक वर्ष समर्थन मूल्य की राशि पर भारी मात्रा में धान विक्रय करने का भी काम किया जा रहा है।

एक सोची-समझी नीति के तहत उनकी ओर से दो तरफ से सरकार को चूना लगाने का काम किया जा रहा है। मामला प्रखंड मुख्यालय के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला डंडई में कार्यरत पारा शिक्षक दीनानाथ प्रसाद से जुड़ा



है। उक्त शिक्षक एक मानदेय भोगी है। उसे हर माह सरकार की ओर से 15000 से 18000 रुपये की मानदेय राशि दी जाती है। अब तक प्रसाद द्वारा 19 क्विंटल 20 किलो ग्राम से भी अधिक खाद्यान्न का उठाव डीलर की दुकान से किया जा चुका है जो आज के बाजार मूल्य के अनुसार 57600 रुपये का खाद्यान्न है। उनका राशन कार्ड संख्या 20 2000 10 9181 है। इसी तरह उक्त शिक्षक के द्वारा स्वयं के नाम पर प्रत्येक वर्ष प्रखंड के विभिन्न पैक्सों पर 5 टन 660 किलोग्राम समर्थन मूल्य की राशि पर धान विक्रय किया जाता है। धान विक्रय निबंधन संख्या 20 34 600 1556 है। मामले में प्रभारी डीएसओ राज महेश्वरम ने कहा कि यह मामला बहुत ही संदिग्ध है। पारा शिक्षक एक मानदेय भोगी व्यक्ति होता है। उसे सरकार की किसी दूसरी योजना का लाभ नहीं लेना चाहिए। बावजूद पारा शिक्षक गरीब बनकर पत्नी के माध्यम डीलर की दुकान से कैसे राशन का उठाव करा रहा है। साथ ही जमींदार बनकर भी कैसे पैक्स पर हर वर्ष धान की बिक्री कर रहा है। डीएसओ ने कहा कि मामले की जांच कर संबंधित पारा शिक्षक के खिलाफ नियम संगत कार्रवाई होगी।

# बाजार में विद्युत आपूर्ति के लिए अलग फीडर की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
खरौंधी बजार/टाऊन क्षेत्र में बिजली आपूर्ति के लिए खरौंधी बिजली सब स्टेशन में अलग फीडर की मांग खरौंधी उप प्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य के नेतृत्व में बाजार क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने की है। रविवार को बिजली की समस्या को लेकर खरौंधी बिजली सब स्टेशन में उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य ने खरौंधी विद्युत सब स्टेशन से प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में फीडरों से हो रही विद्युत आपूर्ति का जायजा लिया। इस दौरान बाजार क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं ने मांग किया कि खरौंधी टाऊन/बाजार क्षेत्र में अलग से फीडर लगाया जाय, जिससे बिजली ठीक से मिल सके।



सब स्टेशन में बिजली रहने के बावजूद भी बाजार के लोग को बिजली ठीक से नहीं मिल पा रही हैं। उपप्रमुख ने कहा कि अमरेश गुप्ता जो सब स्टेशन में रहते हैं ने बताया की सेफ्टी किट और रैन कोट नहीं रहने के कारण रात में हमलोग काम नहीं कर पाते हैं। जिसके कारण रात में जो भी फॉल्ट होता है। उसको ठीक नहीं कर पाते। उप प्रमुख ने कहा कि विद्युत सब स्टेशन में काम कर रहे कर्मी हाई रिस्क जोन में काम करते हैं। ऐसे में इनके पास सुरक्षात्मक उपकरण नहीं होना अधिकारियों की घोर लापरवाही को दशार्ता है। अलग फीडर की मांग करने वालों में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर, झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हिफाजत अंसारी, इंदल पासवान, रामसुभाग राम, पंसस प्रतिनिधि अजय बैठा, उमा, जाकिर अंसारी, जितेंद्र शर्मा, रफी अंसारी, बिरंन्द्र राम आदि उपस्थित थे।

# वन विभाग ने कोयला लोड हाईवा किया जब्त

## ट्रांसपोर्टिंग कंपनी समेत दो पर प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
बालूमाथ वन विभाग की विशेष जांच टीम ने 13 जुलाई को वन क्षेत्र अंतर्गत बुकरू बालूमाथ मुख्य मार्ग स्थित रेलवे अंडरपास के समीप एक कोयला लोड हाईवा वाहन को जब्त किया है। डीएफओ को मिली गुप्त सूचना पर विशेष टीम बनाकर बसिया के समीप रेलवे अंडरपास के पास कोल वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में एक कोयला लोड हाईवा बुकरू के रास्ते बालूमाथ की तरफ आ रहा था। वनकर्मियों ने जब हाईवा को रुकने का इशारा किया तो कोयला लोड हाईवा तेज रफ्तार से चकमा देकर निकल गया। वन कर्मियों ने जब हाईवा का पीछा किया तो चालक बीच सड़क पर गाड़ी छोड़कर भाग गया। टीम ने कोयला लोड हाईवा को जब्त कर वन विभाग परिसर में लाकर कोयले के कागजात की प्रारंभिक जांच शुरू की। प्रथम



दृष्टया अवैध कोयला प्रतीत होने पर ट्रांसपोर्ट कंपनी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कंपनी के प्रतिनिधि विवेक से संपर्क करने पर उन्होंने कोयले को वैध बताते हुए समय पर कागजात प्रस्तुत करने की बात कही। छापेमारी में वन विभाग के मनिका रेंज के रेंजर बीरबल पासवान, वनरक्षी भारत भूषण शहवादी, अजय पांडे सहित कई वन कर्मी मौजूद रहे।

## यूवती ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**बारियातु।** थाना क्षेत्र के गोनिया पंचायत अंतर्गत छाताबर निवासी बलराम गंझु की पुत्री तन्नू कुमारी 20 वर्षीय घर में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। मिली जानकारी के मुताबिक मृतिका युवती के साथ घर में किसी तरह का कोई विवाद नहीं हुआ था। सभी परिवार मौसमी खेती के कार्य मे अपने-काम मे लगे हुए थे। अचानक घर कुंडी बंद देखकर परिजनों ने तन्नू तन्नू कहकर दरवाजा खोलने के लिए कहा गया लेकिन घर से किसी तरह की कोई आवाज नहीं आयी तो परिजन किसी प्रकार से घर के अंदर प्रवेश किए। युवती को फंदे से लटका हुआ देखकर परिजन हैरान रह गए। घटना की जानकारी बारियातु थाना को दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज कर घटना की विभिन्न बिंदुओ पर बारीकी से जांच कर रही है।

# ह्वाइट बेल्ट की परीक्षा में खिलाड़ियों नें मारी बाजी



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
लवालौंग प्रखंड मुख्यालय स्थित डीएवी शिक्षा दीप के परिसर में चतरा ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा बेल्ट ग्रेडिंग को लेकर ह्वाइट बेल्ट फाइनल टेस्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हैपकिडो के प्रदेश अध्यक्ष सह ताइक्वांडो के जिला सचिव विकास केसरी, लावालौंग प्रखंड ताइक्वांडो एसोसिएशन के डायरेक्टर अमित कुमार मिश्रा, कोच आदित्य कुमार, रेड बेल्ट के सदस्य दीप ज्योति एवं शुभम कुमार सिंह ने भूमिका निभाई। फाइटिंग टेस्ट के दौरान बच्चों नें जबरदस्त प्रदर्शन कर ह्वाइट से येलो बेल्ट के लिए अपना मुकाम हासिल किया। परीक्षा में गौतम कुमार, रोहित कुमार, सुषमा कुमारी, सोनाली कुमारी, बादल कुमार, राधिका कुमारी, आनंद राज, मोहित कुमार, ऐंजल कुमारी, पायल कुमारी, उर्मिला कुमारी, वरुण कुमार एवं राधिका कुमारी आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्णा कुमार पाठक, मो. साजीद, उमेश प्रसाद केसरी एवं प्रमोद नें भूमिका निभाई।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर स्थित लाधुप के समीप हुई सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों की पहचान राजु उरांव 25 वर्ष व चारो उरांव 25 वर्ष दोनों उरूमुरु थाना कुडू (लोहरदगा) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जँहा दोनों की गंभीरता को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक चंदवा प्रखंड के हुटाप से मेहमानी कर वापस अपने घर लौट रहे थे इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों युवकों के हाथ पैर में गंभीर चोट लगी है।

## संक्षिप्त

### बिजली का झटका लगने से तीन बच्चियां घायल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एकमहुआ में फुटबाल मैच देखने गई तीन बच्चियां बिजली का झटका लगने से घायल हो गई। तीनों बच्चियां अपने गांव में ही चल रहे फुटबॉल मैच देखने के लिए क्रशर के समीप टीले के उपर बैठी थीं और ऊपर से गुजर रहे बिजली के नंगे तार से तीनों बेखबर थी। जीत की खुशी में ताली बजाने के लिए जैसे ही खड़ी हुई की तार की चपेट में आ गई। एक दूसरे को बचाने के क्रम में तीनों करंट की चपेट में आ गईं। तीनों को आनन फानन में ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। बचियों की पहचान प्रेरणा कुमारी (8), लक्ष्मी कुमारी (12), आभा कोंगाड़ी के रूप में हुई हैं।

### अचानक आए तेज बुखार से महिला की मौत

**केतार।** थाना के क्षेत्र के ताली आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका आरती देवी उम्र 47 वर्ष पति अवधेश विश्वकर्मा की शनिवार की रात्रि में अचानक आये तेज बुखार से मेदिनीनगर में मौत हो गई। रविवार की अहले सुबह शव भवनाथपुर के ढेकुलिया टोला पहुंचते ही परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। परिजनों ने बताया कि सेविका के कमर में दर्द की शिकायत पर जयपुर इलाज कराने के लिए ले गए थे, लेकिन जांच में किसी भी प्रकार की कोई बीमारी नहीं निकलने की स्थिति वापस घर लौटने के दौरान सेविका के मायके मेदिनीनगर रुक गए थे कि शनिवार की रात्रि में अचानक तेज बुखार आया। अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे कि उसकी मौत हो गई। अंतिम संस्कार रविवार की दोपहर में स्थानीय रजदहवा नदी के तट पर सैकड़ों लोगों के उपस्थिति में किया गया। वे अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। घटना की सूचना पर पंचायत की मुखिया बेबी देवी, पंसस चंदन कुमार ठाकुर, व्यवसायी संघ के रामलाल गुप्ता, वेदप्रकाश आर्य, संजय गुप्ता, भाजपा नेता रामपवन विश्वकर्मा, राकेश कुमार रवि, बबन पासवान, विनोद पासवान, चंदन विश्वकर्मा, बंधन विश्वकर्मा, नंदन कुमार सहित कई लोग पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

### भाजपाइयों ने किया टिफिन कार्यक्रम आयोजित

**मनिका।** प्रखंड क्षेत्र के स्थित नामुदाग पंचायत के मनिकेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में आज दिन रविवार को भाजपा के मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार के नेतृत्व में टिफिन कार्यक्रम का आयोजित किया गया। रविवार को मनिका में भी भाजपा की टिफिन बैठक हुई। भाजपा के पूर्व विधायक हरे कृष्ण सिंह व जिला अध्यक्ष ने कहा मोदी सरकार के 9 वर्ष सेवा पूरा होने के गरीब दलित मध्यम वर्ग परिवारों सहित किसानों के लिए कल्याण कई महत्वपूर्ण कार्य किये हैं। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष हरे कृष्ण सिंह, भाजपा नेता रघु पाल सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा, जिला मीडिया प्रभारी पंकज यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी यादव, जिला महामंत्री बंसी यादव, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष, बबन पासवान, मंडल महामंत्री, मनदीप कुमार, जिला सोशल मीडिया प्रभारी, अमरदीप कुमार, ग्राम प्रधान सेठा यादव, बिरजू सिंह, पूर्व उप प्रमुख उमेश यादव, अनिल यादव, गंगा सिंह, मुनेश्वर सिंह, हीरा सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

### अधिग्रहित भूमि का उचित मुआवजा मांगा

**मनिका।** प्रखंड स्थित लोहिया भवन में दिन रविवार को एनएच 39 में बनने वाला फोरलेन सड़क से प्रभावित रैयतों की बैठक कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सह स्थानीय नेता सुरेंद्र पासवान की अध्यक्षता में हुई। उक्त बैठक में मनिका प्रखंड से गुजरने वाला फोरलेन सड़क से प्रभावित रैयतों ने जमीन के मुआवजा पर कड़ा ऐतराज जताया। वहीं कांग्रेसी नेता ने कहा कि सड़क निर्माण में अधिग्रहित की जा रही भूमि का मुआवजा जो सरकार दे रही है उससे लोगों में नाराजगी है। सरकार भूमि रैयतों को भूमि का उचित मुआवजा दे। सरकार यहां के लोगों को मुआवजा तो दे रही है पर उतनी नहीं दे रही जिससे वे पुनः कहीं जमीन खरीद कर अपना जीविकोपार्जन कर सके। ऐसे में उनकी सरकार से मांग है की फोरलेन बनाने के दौरान जितनी भूमि सरकार अधिग्रहण कर रही है उसका मुआवजा सरकारी दर के आठ गुणा ज्यादा प्रभावित लोगों को दे। यदि सरकार उचित मुआवजा नहीं देती है तो हम सभी लोग लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करेंगे। इस मौके पर भूमि रैयत जितेंद्र प्रसाद यादव, हरिहर प्रसाद यादव, जितेंद्र प्रसाद यादव, सीताराम यादव, केश्वर पासवान, नरेश यादव, अजय कुमार गुप्ता, मुनेश्वर यादव, आनंद प्रजापति, सेठा यादव, विशाल पासवान, राजन पासवान, गणेश सिंह आदि उपस्थित थे।

### अमरनाथ यात्रा के लिए जत्था हुआ रवाना



**गढ़वा।** अमरनाथ धाम में बाबा बफार्नी के दर्शन करने के लिए गढ़वा से 12 लोगों की एक जत्था शनिवार को रवाना हो गई। मौके पर भाजपा नेता बजेंद्र पाठक, संजय पांडे, विजेंद्र तिवारी, विकी कुमार, अभिमन्यु पाठक, कृष्णा नंद पांडेय, मनु उपाध्याय, उदय गुप्ता सहित एक दर्जन लोग शामिल हैं।

## धरना भाकपा माले भ्रष्टाचार के खिलाफ आज करेगा प्रदर्शन

# 'मनरेगा की धज्जियां उड़ा रहा केंद्र'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिननवादी के जिला कमेटी के सदस्य कामेश्वर विश्वकर्मा ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि भाकपा माले धुरकी प्रखंड मे व्याप्त भ्रष्टाचार घुसखोरी महंगाई और बिचौलियागिरी के खिलाफ एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन करेगी। विश्वकर्मा ने बताया की केंद्र सरकार की सबसे महत्वकांक्षी और मजदूरों के हक अधिकार और उनके लिए मजदुरी एवं रोजगार के लिए बनाई गई मनरेगा कानून की खुलेआम



धज्जियां उड़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि धुरकी प्रखंड में मनरेगा योजनाओं में मजदूर की जगह मशीन से काम कराकर लाखों रुपये की मजदूरी का वारा-न्यारा किया जा रहा है। वहीं गायसेड बकरीसेड और कुआं निर्माण कराए बिना सामाग्री मद के करोड़ों रुपये की राशि की निकासी मिलीभगत कर बंदरबांट कर लिया जा रहा है। विश्वकर्मा व रामसरन सिंह ने कहा कि अंचल कार्यालय में जमीन म्युटेशन अपग्रेडेशन और उससे संबंधित किसी भी कार्य में बिना पैसा लिए कार्य नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धुरकी प्रखंड कार्यालय में भ्रष्ट अधिकारी कर्मी अपनी मनमानी करते हैं। यहां के गरीब दलित आदिम जनजाती आदिवासी मजदुर किसानों को काम के लिए बार-बार प्रखंड सह अंचल कार्यालय का चक्कर करवाया जाता है। जिला कमेटी सदस्य ने कहा कि अगर इसपर रोक नहीं लगाई जाएगी तो माले गरीब, किसान, मजदूर के साथ धरना प्रदर्शन और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

# प्रखंड क्षेत्र में अवैध तरीके से चल रहीं फर्नीचर दुकानें

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**
प्रखंड क्षेत्रों में बेरोकटेक के अवैध तरीके से कई फर्नीचर दुकानों का संचालन हो रहा है। उस ओर न तो पुलिस प्रशासन की नजर है और ना ही विभागीय पदाधिकारियों की। उक्त काला व्यवसाय से जहां पर्यावरण पर प्रभाव पड़ रहा है, वहीं राज्य को राजस्व की भी भारी क्षति हो रही है। प्रखंड क्षेत्र से सटे जंगलों में लकड़ी की कटाई कर उसे वहीं पर फर्नीचर का रूप दे दिया जा रहा है। उसके बाद वाहनों के माध्यम दुकानों में ला उसे भारी भरकम दरों पर बेचने का काम किया जा रहा है। इसी तरह जंगल मे बने फर्नीचर को बाजारों में भी लाकर बेंचा जा रहा है। दिन पर

**न तो पुलिस प्रशासन की नजर है और न ही विभागीय पदाधिकारियों की, राज्य को राजस्व की भी भारी क्षति हो रही**

दिन जंगली लकड़ियों की कटाई होने से धीरे धीरे उसका अस्तित्व के साथ साथ सुदंतरता भी गायब होते जा रहा है। वहीं विभागीय पदाधिकारी अगर उस ओर ततपरता नही दिखाते हैं तो एक दिन जंगल पूरी तरह नेसनाबद हो जाएगा। लकड़ी माफिया और उक्त ब्यवसाय में लगे ब्यक्तियों के सांठ गांठ से यह रोजगार वर्षों से प्रखंड क्षेत्र में फल फूल रहा है।

'हर इंसान में कुछ कमियां होती हैं लेकिन उन कमियों के साथ कुछ ऐसी खूबियां भी होती हैं जो जिंदगी के बड़े से बड़े मुकाम को हासिल करवा सकती हैं।' - अज्ञात



# भ्रष्टाचार बना शिष्टाचार

**पूरे** देश में भ्रष्टाचार आज शिष्टाचार का रूप ले चुका है। ऐसे में हमारा राज्य झारखंड भी पीछे नहीं है। पिछले दिनों भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विशेष भू -अर्जन कार्यालय के प्रधान लिपिक को 12 हजार रूपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर ली। प्रधान लिपिक सिंचाई परियोजना में अधिग्रहित भूमि के मुआवजे की फाइल बढ़ाने के नाम पर भूमि मालिक से घूस ले रहे थे, तभी मौके पर घात लगाये एसीबी की टीम ने उन्हें दबोच लिया। इस बाबत एसीबी के पलामू एसपी ने बताया कि पाटन थाना के इमली गांव निवासी सुरेश सिंह के पुत्र सुनील सिंह ने आवेदन देकर काम करने के बदले प्रधान लिपिक द्वारा घूस मांगे जाने की शिकायत की थी। अपने आवेदन में सुनील ने बताया था कि बरकुड़वा बितरणी नहर में करीब एक एकड़ उनकी जमीन सिंचाई विभाग विशेष भू -अर्जन विभाग ने अधिग्रहित की है, लेकिन उन्हें भूमि का मुआवजा अब तक नहीं मिला है। आवेदन में बताया गया है कि विशेष भू -अर्जन कार्यालय द्वारा धारा 37(1) की नोटिस उन्हें दी गयी है। नोटिस के बाद उन्होंने पाटन अंचल कार्यालय से निर्गत एलपीसी व भूमि से सम्बंधित अन्य कागजात विशेष भू -अर्जन पदाधिकारी के कार्यालय में जमा कर दिये हैं। सुनील सिंह ने आवेदन में बताया है कि पैसा निकासी की फाइल बढ़ाने के लिए कार्यालय के प्रधान लिपिक 12 हजार रुपये मांग रहे हैं। काफी मिन्नत के बाद भी बिना घूस की रकम दिए फाइल बढ़ाने को तैयार नहीं हैं। एसीबी के एसपी के अनुसार सुनील सिंह के आवेदन में लगाये गये आरोपों को सत्यापन में सही पाये जाने के बाद एसीबी पलामू थाना अनुसंधान शुरू की। इसी क्रम में प्रधान लिपिक घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। ऐसे में यह एक पहली घटना नहीं है,ऐसे सैकड़ो मामले मिलते रहते हैं। अब सवाल उठता है कि यह शिष्टाचार की पाठशाला कब बंद होगी। आज हर आदमी परेशान है। बगैर घूस लिए कोई भी कार्य होना मुश्किल है। चारो तरफ भ्रष्टाचार का बोल-बाला है। राष्ट्रीय परिदृष्य पर भी देखा जाये तो करोड़ो अरबो के भ्रष्टाचार और घोटाले में हमारे नेता डूबे हुए हैं। घोटालों की बाढ़ आ गयी है। ऐसे में कहा जा सकता है कि जिसे जहां मौका मिला लूट की छूट मची हुई है। यह एक बीमारी है। जिसका इलाज जरूरी है। अगर इस बीमारी को शल्य चिकित्सा की जरूरत है तो वह भी होना चाहिए। कारण जब घाव में मवाद भर जाता है,उस स्थिति में बगैर ऑपरेशन उसे ठीक करना मुश्किल है। भ्रष्टाचार का दीमक देश को बर्बाद कर रहा है। इसे रोके बिना विकास की परिकल्पना बेकार है। अगर देश को विश्व गुरू बनाना है तो भ्रष्टाचार और घोटाले पर अंकुश लगाना जरूरी है। यह तभी संभव है जब लोगों में जागरूकता आयेगी। भ्रष्टाचार को जो मंच आज मिला है,वह हम-सब की देन है। इस स्थिति में इसे समाप्त करने की दिशा में कारगर कदम उठाने की जरूरत है। साथ ही एक जवाबदेह नागरिक की भूमिका में प्रबुद्ध लोगों को आना चाहिए। कारण भ्रष्टाचार और घोटाले देश को कमजोर कर रहा है। लोगों को इस बात का भान होना चाहिए कि भ्रष्टाचार से जहां उनके परिवार का बौद्धिक विकास अवरुद्ध होगा, वहीं देश को भी एक बड़ी क्षति हो रही है। ऐसी बात नहीं है कि यह अराजकता एक दो दिन में हुई है। इसे फलने फूलने में वर्षो लगें हैं।

**इसी क्रम में प्रधान लिपिक घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। ऐसे में यह एक पहली घटना नहीं है,ऐसे सैकड़ो मामले मिलते रहते हैं। अब सवाल उठता है कि यह शिष्टाचार की पाठशाला कब बंद होगी। आज हर आदमी परेशान है। बगैर घूस लिए कोई भी कार्य होना मुश्किल है।**

# सफल जीवन के लिए जोश भी चाहिए और होश भी





ललित गर्ग

**सफल** लोगों को गौर से देखें तो पायेंगे कि वे देर तक किसी बात पर अटकते नहीं। क्या मिला, क्या नहीं- हमेशा इसकी शिकायत नहीं करते, संतुलित एवं समतामय बनकर सीखते रहते हैं। अपने लक्ष्य को नहीं भूलते। दूसरों की सुनते हैं, पर उनके डर को खुद पर हावी नहीं करते। अच्छी बात यह है कि हम मनुष्यों में ही यह क्षमता है कि हम अपनी कमियों को देख सकते हैं। उन्हें सुधार सकते हैं। इसलिए अर्श से फर्श पर गिरने के बाद भी फिर से संभल जाते हैं। इसलिये सफल जीवन के लिये समता, संतुलन एवं सहिष्णुता का अभ्यास जरूरी है। इनके बिना किसी का भविष्य उज्ज्वल नहीं हो सकता। जीवन की रक्षा के लिए भी इनकी जरूरी है। जीव-विज्ञान बॉयोलोजी के अनुसार जीव-जंतुओं की वे ही प्रजातियाँ अपना अस्तित्व सुरक्षित रख सकती हैं जिनमें हर परिस्थिति और चुनौती को झेलने की क्षमता एवं समता होती है। 'सरलाईवल ऑफ दि फिटेस्ट' डार्विन के इस सिद्धांत का भी यही तात्पर्य है। चिंतक खलील जिब्रान का कहना है, 'हम जब प्रकृति की शीतल छांव में बैठकर हरियाली और शांति को महसूस करें, तब अपने दिल को चुपके से कहने दें-प्रभु विवेक में बसते हैं। और जब बारिश और तूफान हमें हिला रहे हों तो कहें-प्रभु, जोश में बढ़ते हैं। आप भी विवेक के साथ आराम करिये और जुनून के साथ आगे बढ़ते रहिए।' हर व्यक्ति को अपने जीवन में कठिनाइयों और समस्याओं का सामना करना होता है। यह एक सार्वभौम नियम है। इसमें किसी का अपवाद नहीं है। समय और परिस्थिति के अनुसार समस्याओं का रूपांतरण होता रहता है, पर जिंदगी के साथ उनका अटल संबंध है। वे पहले भी थी, आज भी हैं और आगे भी रहेंगी। जो सहिष्णुता का कवच धारण कर लेते हैं उनके लिए समस्याएँ भी समाधान बन जाती हैं, जो प्रगति के बाधक तत्त्व हैं, वे भी साधक और सहयोगी बन जाते हैं। जो सुविधाएँ सहज रूप से सुलभ हैं उनका उपयोग करने में कठिनाई नहीं हैं। पर उन्हें दिमाग पर हावी नहीं होने देना चाहिए। जिनकी मनोवृत्ति सुविधावादी हो जाती है उनके लिए छोटी-सी प्रतिकूलता को सहना कठिन हो जाता है। कहते हैं कि आपका काम, रबड़ की गेंद है, जिस पर जितना जोर देते हैं, वह उतना ऊंचा उठता है। पर आपका परिवार, दोस्त, सेहत और व्यवसाय कांच की गेंदें हैं, जो हाथ से छूटती हैं तो टूट ही जाती हैं। इसलिए जब सफलता करीब आ रही हो तो पूरी मेहनत से जुटे रहें, संतुलित रहे। बड़ाई मिले या बुराई, उसे सिर चढ़ाने के बजाय समतामय, सहिष्णु, शांत और शालीन बनें। सफलता दिमाग पर हावी न हो और हार दिल पर। आज दरकते रिश्तों के जीवन में हर रिश्ते को संवेदना से जीने की जरूरत है, इसके लिये जरूरी है प्रेम एवं विश्वास। प्यार एवं विश्वास दिलों को जोड़ता है। इससे कड़वे जख्म भर जाते हैं। प्यार की ठंडक से भीतर का उबाल शांत होता है। हम दूसरों को माफ करना सीखते हैं। इनकी छत्रछाया में हम समूह और समुदाय में रहकर शांतिपूर्ण जीवन जी सकते हैं। लेखिका रोंडा बायन कहती हैं कि जितना ज्यादा हो सके हर चीज, हर व्यक्ति से प्यार करें। ध्यान केवल प्यार पर रखें। पायेंगे कि जो प्यार आप दे रहे हैं, वह कई गुणा बढ़कर आप तक लौट रहा है। हम समाज में एक साथ तभी रह पाते हैं जब वास्तविक प्रेम एवं संवेदना को जीने का अभ्यास करते हैं। उसका अभ्यास सूत्र है-साथ-साथ रहो, तुम भी रहो और मैं भी रहूं। या 'तुम' या 'मैं' यह बिखराव एवं विघटन का विकल्प है। 'हम दोनों साथ नहीं रह सकते' यह नफरत एवं द्वेष का प्रयोग है। विरोध में सामंजस्य स्थापित किया जा सकता है। जो व्यक्ति दूसरे के साथ सामंजस्य स्थापित करना नहीं जानता, वह परिवार एवं समाज में रह कर शांतिपूर्ण जीवन नहीं जी सकता। दूसरों के साथ हमारे रिश्ते में सबसे बड़ा रोड़ा है अहंकार। यह बड़ी चतुराई से अपनी जगह बनाता है। अहंकारी अपने फायदे के लिए ही दूसरों के पीछे भागता है। बड़ों से संबंध जोड़ता है और छोटों एवं कमजोर की अनदेखी कर देता है। प्रेम हंसाता है तो अहंकार चोट पहुंचाता रहता है। अहंकार गले लगाकर भी दूसरे को छोटा ही बनाये रखता है। यह केवल दूसरों से पाने की चाह रखता है। जब हम अपने हिस्से में से दूसरों को भी देना सीख जाते हैं और अपनी खुशियां दूसरों के साथ बांटना सीख जाते हैं तो जीवन एक प्रेरणा बन जाता है। पारिवारिक एवं सामाजिक शांति एवं सौहार्द के लिए सहिष्णुता के साथ विनय और वात्सल्य भी आवश्यक है। आज का पढ़ा लिखा आदमी विनम्रता को गुलामी समझता है। उसका यह चिंतन अहंकार को बढ़ा रहा है। विनय भारतीय संस्कृति का प्राणतत्व रहा है। जिस परिवार एवं समाज में विनय की परंपरा नहीं होती, उसमें शांतिपूर्ण जीवन नहीं हो सकता। एक विनय करे और दूसरा वात्सल्य न दे तो विनय भी रूठ जाता है। वात्सल्य मिलता रहे और विनय बढ़ता रहे तो पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन में शांति का संचार बना रहता है। सामंजस्य, समझौता, व्यवस्था, सहिष्णुता, विनय और वात्सल्य इन्हें जीवन में उतारें तभी पारिवारिक एवं सामाजिक शांति बनी रहेगी। जब तक आप दिमाग से संचालित होते हैं, आपको सच्चा प्रेम नहीं हो सकता। प्रेम का एहसास हो सकता है, लेकिन वह सच्चा प्रेम नहीं होता। मसलन- हममें से ज्यादातर लोगों ने अपने जीवन में महसूस किया होगा कि उन्हें प्यार हो गया है। लेकिन वास्तव में एक-दो लोग ही होते हैं, जो सचमुच प्यार में होते हैं। ज्यादातर लोगों में कुछ समय बाद ही प्यार का एहसास समाप्त हो जाता है। जरूरी है हम पहले अपनी मदद करना सीखें तभी दूसरों की मदद कर पायेंगे। खुद को थामे रखे बिना दूसरों को पकड़ने की कोशिश निराशा ही देती है। यहां तक कि आप अपने लोगों पर ही बोझ बन जाते हैं। इसलिए दूसरों को बदलने से पहले हम खुद को भी बदलना सीख लें। हमारे दुश्मन दूसरे कम होते हैं, हम खुद ज्यादा होते हैं। और लेखिका आयरीन बटर कहती हैं, 'दुश्मन वो है, जिसके बारे में हमें पता नहीं। जीवन में ऊँचाई और गहराई का समन्वय आवश्यक है।

**जीव-विज्ञान बायोलोजी के अनुसार जीव-जंतुओं की वे ही प्रजातियाँ अपना अस्तित्व सुरक्षित रख सकती हैं जिनमें हर परिस्थिति और चुनौती को झेलने की क्षमता एवं समता होती है।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### आईये सुने अश्वत्थामा की कथा

अश्वत्थामा के सर पर एक मणि थी जो कि उसे किसी भी राक्षस, असुर, मानव, जानवर, देव के सामने निडर बनाये रखती थी। अश्वत्थामा के सर की मणि उसके जन्म से ही थी। इनकी माता का नाम कृपि था। कृपि और द्रोणाचार्य काफी संघर्षपूर्ण जीवन व्यतीत किया। अश्वत्थामा को दूध भी पीने को नहीं मिलता था। जब उनकी गरीबी चरम सीमा पर पहुँच गई। तब द्रोणाचार्य ने हस्तिनापुर जाने का निर्णय लिया। वहां उन्होंने कौरवो और पांडवो को शिक्षा दी, पांडवो और कौरवो के साथ-साथ ही उन्होंने अश्वत्थामा को भी शस्त्र और शास्त्र विद्या का ज्ञान दिया। अश्वत्थामा, महाभारत के महान योद्धाओं में से एक था। जो सर्वश्रेष्ठ धनुधारी कहलाता था। लेकिन अश्वत्थामा ने ये गलती की कि उन्होंने कौरवो का साथ दिया क्योंकि उनके पिता द्रोणाचार्य ने भी कौरवो का साथ दिया था। द्रोणाचार्य ने ये सोचकर कौरवो का साथ दिया था कि राज्य से निष्ठा रखते हुए वे राज्य के खिलाफ लड़ नहीं सकते थे। युद्ध के समय उन्हें किसी भी कौरव या अन्य योद्धा की जरूरत नहीं थी। द्रोणाचार्य और अश्वत्थामा ही एक समय पांडवो की सेना पर भारी पड़ रहे थे। तब भगवान श्री कृष्ण को युक्ति आई उन्होंने सोचा कि क्यों न गुरुदेव को बल से नहीं छल से पराजित किया जाये भीम पुत्र घटोत्कच के जीवन के बारे में कुछ ऐसे तथ्य जिन्हें जानकर आप भी चौक जायेंगे.. भगवान कृष्ण ने युधिष्ठिर से कहा की आप गुरु द्रोण को कहिये की अश्वत्थामा युद्ध में मारा गया जिससे गुरुदेव शोक में डूबकर अपने हथियार त्याग देंगे। युधिष्ठिर ने कहा की धर्म की रक्षा के लिए मैं गुरुदेव के खिलाफ छल करने के लिए भी तैयार हूँ। कृष्ण भीम एक हाथी की और इशारा करते हुए कहा की उस हाथी का नाम तो बताइए मजले भैया

(क्रमशः)

# मुकदमों का अंबार, न्याय के मंदिरों की समस्या अपार



रमेश सर्राफ धमोरा

**न्याय** शब्द आशा और उम्मीद का प्रतीक है। जब किसी को लगता है कि उसकी बात अच्छी तरह सुनी जायेगी तथा उसे अपनी बात कहने का पूरा अवसर मिलेगा, तो वह न्याय है। न्याय शब्द एक नई रोशनी लेकर आता है। व्यक्ति के मन में एक उम्मीद जगाता है कि उसकी बात को पूरी तरह सुनकर ही निर्णय किया जायेगा। न्याय एक बहुत ही सम्मानित वह संतुष्टि प्रदान करने वाला शब्द है। आज भी जब दो व्यक्तियों के बीच में झगड़ा होता है तो दोनों एक दूसरे से कहते हैं कोर्ट में आ जाना फैसला हो जायेगा। यह लोगों की न्याय के प्रति आस्था का एक जीता जागता उदाहरण है। न्याय पाना हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार होता है। कोई भी सरकार या व्यवस्था तभी सफल मानी जाती है, जिसमें हर व्यक्ति को निष्पक्ष रूप से न्याय मिल सकें। हमारे देश में तो सदियों से न्यायिक प्रणाली बहुत मजबूत रही है। रजवाड़ों के जमाने की न्याय प्रक्रिया के उदाहरण हमं आज भी देते हैं। भारत के महान सम्राट राजा विक्रमादित्य की न्याय प्रणाली की आज भी हर जगह चर्चा और सराहना होती है। हमारा देश जब स्वतंत्र हुआ तो संविधान के निर्माताओं ने न्यायपालिका को कार्यपालिका और विधायिका से अलग रखा। न्याय के लिए सशक्त कानून बनाये गये। देश के लोगों को सही व निष्पक्ष न्याय मिल सके इसके लिए लोअर कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक की स्थापना की गई । देश में न्यायपालिका की स्वतंत्रता का उदाहरण इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते आया फैसला है। उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पद के अयोग्य ठहरा दिया था। इससे अधिक न्यायपालिका की स्वतंत्रता और मजबूती कहां देखने को मिल सकती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में कानून के शासन के तहत अदालतों को न्याय एवं अन्याय में फर्क करने का अधिकार हासिल है। सही क्या है तथा गलत क्या है यह अदालत विधान की पुस्तकों के आधार पर तय करती हैं। आज लम्बित मामलों की संख्या को देखकर कहा जा सकता है, इंसाफ चाहने वाले पीड़ित लोगों की संख्या दिन-ब- दिन बढ़ती जा रही हैं। देश की विधायी व्यवस्था में न्याय की शीर्षस्थ संस्था न्यायालय हैं। हर साल दुनिया भर के लोग 17 जुलाई को इस दिवस को मनाते हैं। यह दुनिया में आधुनिक न्यायालय प्रणालियों की स्थापना का भी स्मरण कराता है। यह दिन मौलिक मानवाधिकारों की वकालत और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्याय को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। 17 जुलाई 1998 को 120 से अधिक देश अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के लिए रोम संविधि नामक एक संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए एक साथ आए थे। यह न्यायालय सबसे गंभीर अंतरराष्ट्रीय अपराधों वाले व्यक्तियों का विश्लेषण करता है और उन पर आरोप लगाता है। इनमें नस्लीय हत्या, युद्ध अपराध, मानवता के अपराध और आक्रामकता के अपराध शामिल हो सकते हैं। बहुत से लोगों से अक्सर यह सवाल सुनने को मिलता है कि न्याय कहां मिलता हैं। इस प्रश्न का होना भी यह बताता है कि आज भी आम आदमी को आसानी से न्याय नहीं मिल पा रहा हैं। न्याय के बारे में एक पुरानी अंग्रेजी कहावत है कि न्याय में देरी करना न्याय को नकारना है और न्याय में जल्दबाजी करना न्याय को दफनाना है। यदि इस कहावत को हम भारतीय न्याय व्यवस्था के परिपेक्ष्य में देखें तो पाएंगे कि इसका पहला भाग पूर्णतः सत्य प्रतीत होता है। सीमित संख्या में हमारे जज और मजिस्ट्रेट मुकदमों के बोझ तले दबे प्रतीत होते हैं।

**न्याय एक बहुत ही सम्मानित वह संतुष्टि प्रदान करने वाला शब्द है। आज भी जब दो व्यक्तियों के बीच में झगड़ा होता है तो दोनों एक दूसरे से कहते हैं कोर्ट में आ जाना फैसला हो जायेगा।**

**न्याय**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# नेपाल : जनकपुर से उठ सकती है हिंदू राष्ट्र की मांग



यशोदा श्रीवास्तव

**नेपाल** में हिंदू राष्ट्र की मांग यदा कदा उठती रहती है। हालांकि नेपाल फिर अपने हिंदू राष्ट्र के स्वरूप में वापस आ पायेगा इसकी संभावना बेहद कम है फिर भी नेपाल के हिंदू संगठन इस मांग को लेकर सक्रिय रहते हैं। उन्हें भारत के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का साथ मिलता रहता है। पिछले दिनों काठमांडू में भारत से गये आरएसएस के पदाधिकारियों ने न केवल कई दिनों तक अपनी शाखाएं चलाई, हिंदू संगठनों को हिंदू राष्ट्र की मांग के लिए प्रेरित भी किया। आर एस एस की इस शाखा में काठमांडू के हिंदुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। ज्ञात हुआ है कि आर एस एस के भारतीय पदाधिकारियों की काठमांडू में औद्योगिक और एविएशन सेक्टर से जुड़े हिंदू धर्मावलंबियों के साथ उनके घरों में बैठक हुई जिसमें नेपाल के हिंदू राष्ट्र की बहाली पर गहन मंत्रणा हुई। भारत में हिंदुत्व का परचम लहराने की शुरूआत राम की नगरी अयोध्या से हुई जिसमें गोरक्ष पीठ के पूर्व और वर्तमान मंहतों का योगदान अतुलनीय है। नेपाल के हिंदूवादी संगठन जिसमें हिंदू स्वयं सेवक संघ प्रमुख है,की कोशिश हिंदू राष्ट्र की मांग का श्रीगणेश जनकपुर से हो। जनकपुर सीता माता का मायका है। भारत में जैसे अयोध्या का महत्व है वैसे ही नेपाल में जनकपुर का महत्व है। आर एस एस की तर्ज पर नेपाल के एच एस एस( हिंदू स्वयं सेवक संघ) की जड़ें जनकपुर में ही है। जनकपुर में जब भारत के पीएम मोदी का आगमन हुआ था तब यहां का हर दूसरा घर केशरिया में रंग उठा था वह भी सरकारी खर्चे पर। जनकपुर नगरपालिका के मेयर रहे किशोरी लाल शाह ने बताया कि उन्होंने ऐलान कर दिया था कि भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में सड़क किनारे के लोग यदि अपने घरों का बाहरी हिस्सा केशरिया में रंगवाते हैं तो इसका खर्च नगरपालिका उठायेगी। इसका असर हुआ और 70 प्रतिशत से अधिक लोगों ने अपने घरों को केशरिया रंग में रंगवा लिया। बता दें कि विश्व के फलक पर नेपाल की पहचान हिंदू राष्ट्र की थी। लोकतंत्र बहाली के बाद नेपाल में उसकी यह खास शिनाख्त मिटा दी गई है और अब यह संवैधानिक रूप से धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र की श्रेणी में शामिल हो गया। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने नेपाल के तत्तकालीन सरकार के इस निर्णय को हिमालयी भूल कहते हुए इसे नेपाल के विभिन्न समुदाय के बहुसंख्यक हिंदुओं का अपमान कहा था। योगी तब गोरखपुर से सांसद थे। बतौर सांसद नेपाल पर योगी के इस कथ्य का असर यह था कि 2017 के आम चुनाव में नेपाली कांग्रेस के शेर बहादुर देउबा को यह कहने को मजबूर होना पड़ा था कि यदि उनकी सरकार बनती है तो वे नेपाल के हिंदू राष्ट्र के स्वरूप को बहाल करेंगे। देउबा सरकार सत्ता में वापसी नहीं कर पाई इसलिए यह सवाल जहां का तहां रह गया। नेपाल में जातीय अंकगणित पर गौर करें तो 2022 की जनगणना के अनुसार वहां करीब 85 प्रतिशत हिंदू हैं,1.76 प्रतिशत ईसाई हैं,5.09 प्रतिशत मुस्लिम हैं और 8.02 प्रतिशत बौद्ध हैं। हिंदू राष्ट्र की चाहत रखने वाले हिंदू वादी संगठनों का तर्क है नेपाल जब बहुसंख्यक हिन्दू आबादी वाला राष्ट्र है तो हिंदू राष्ट्र क्यों नहीं? नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियां जिसका प्रभाव पहाड़ तथा पहाड़ी लोगों तक था, अब भारत सीमा से सटे नेपाली भू -भाग तक फैल गया है। भारत की चिंता यह है कि इसमे वे तमाम हिंदू भी शामिल हो रहे हैं जिन्हें भारत परस्त की दृष्टि से देखा जाता रहा।

**पिछले दिनों काठमांडू में भारत से गये आरएसएस के पदाधिकारियों ने न केवल कई दिनों तक अपनी शाखाएं चलाई, हिंदू संगठनों को हिंदू राष्ट्र की मांग के लिए प्रेरित भी किया।**

**धर्म**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## NEWS इन ब्रीफ

### दक्षिण 24 परगना के बासंती में तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता को मारी गोली

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के बाद भी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही। पुलिस ने बताया है कि दक्षिण 24 परगना के बासंती इलाके में देररात तृणमूल कांग्रेस के कार्यकताओं के साथ आईएसएफ कार्यकताओं की झड़प हुई। इस दौरान गोलीबारी हुई। तृणमूल कार्यकर्ता को गोली लगी है इसके अलावा ताजा चुनावी हिंसा पर सुर्खियों में रहे दक्षिण 24 परगना के भांगड़ में रात को स्थानीय बाहुबली तृणमूल नेता अराबुल इस्लाम और शौकत मोल्ला को हिंसा प्रभावित क्षेत्र में जाने से रोक दिया गया। इसके पहले दिन में स्थानीय विधायक नौशाद सिद्दीकी को मौके पर जाने से पुलिस ने रोक थ दिया था। नौशाद ने आरोप लगाया था कि तृणमूल के इशारे पर उन्हें जाने से रोका गया। अब तृणमूल नेताओं को भी वहां जाने से रोक दिया गया है। रविवार को सुबह से इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस की तैनाती है। धारा 144 लागू है।

### ग्वालियरः शिक्षक की पिटाई से घायल हुए 12 वर्षीय छात्र की मौत

**ग्वालियर।** टीचर की पिटाई से घायल हुए 12 वर्षीय छात्र की रविवार सुबह मौत हो गई। ग्वालियर में टीचर की पिटाई से घायल छात्र की रविवार सुबह मौत हो गई। इस मामले में मृत छात्र के परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला बहोड़ापुर थाना इलाके के हनुमान नगर स्थित फोर्ट व्यू स्कूल का है। 8वीं के छात्र कृष्णा चौहान (12) की कुछ दिन पहले टीचर ने पिटाई की थी। टीचर की पिटाई से अस्वस्थ हुए छात्र को इलाज के लिए प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। हालत नहीं सुधरी तो यहां से जयारोग्य चिकित्सालय के ट्रॉमा सेंटर लाया गया। यहां रविवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। छात्र के पिता कोक सिंह चौहान ने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। स्कूल मालिक आकाश श्रीवास्तव भाजपा के मंडल अध्यक्ष बताए जा रहे हैं।

### मप्र में कांग्रेस निकालेगी आदिवासी स्वाभिमान यात्रा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में आदिवासी अत्याचार के विरोध में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी आदिवासी स्वाभिमान यात्रा निकालने जा रही है। जिसका संयुक्त नेतृत्व मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया और मप्र आदिवासी कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष रामू टेकाम करेंगे। रविवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में एक पत्रकार वार्ता कर युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने इसकी जानकारी दी।

विक्रांत भूरिया ने आरोप लगाते हुए कहा कि आदिवासियों पर अत्याचार अब एक आम घटना की तरह बनकर रह गयी है। प्रदेश के मुखिया शिवराजसिंह चौहान जहां एक तरफ खुद को आदिवासी हितैषी होने का दंभ भरते हैं तो दूसरी तरफ उनकी ही पार्टी के विधायक प्रतिनिधि एक आदिवासी पर पेशाब करने जैसे घृणित कृत्य को अंजाम देते हैं। ऐसा नहीं है कि सीधी की घटना कोई एक मात्र घटना हो, ठीक से देखें तो इसी हफ्ते में इंदौर में दो आदिवासी भाइयों को कमरे में बंद करके बेरहमी से पीटा गया। कुछ महीनों पहले ही महू में पुलिस की गोली से आदिवासी युवक ने अपनी जान गंवाई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में जंगलराज बढ़ रहा है इसलिए कांग्रेस ने तय किया है कि अब वह सड़क पर उतरकर प्रदेश भर के आदिवासी भाई-बहनों के बीच जाएंगी और उनको इस बात से पुनः अवगत कराएंगे कि यह सरकार आपको आदिवासी मानने से भी इनकार करती है।

### मुख्यमंत्री ने सभी वर्गों से किया स्कूल चलें हम अभियान से जुड़ने का आग्रह, कहा

# बच्चों को स्कूल जाने को करें प्रेरित



**एजेंसी। भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्कूल चलें हम अभियान से सभी वर्गों द्वारा जुड़ने की जरूरत बताई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी बच्चे स्कूल जाएं और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसके लिए अभियान से सामाजिक कार्यकताओं, कलाकारों, खिलाड़ियों, उद्योगपतियों, सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों को जुड़ना चाहिए। ऐसा कर हम अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश जारी किया है, जिसमें उन्होंने सभी वर्गों से स्कूल चलें हम अभियान से जुड़ने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि स्कूल चलें हम अभियान-2023-24 में जनसहभागिता के लिए 17 से 19 जुलाई तक तीन दिवसीय भविष्य से भेंट कार्यक्रम हो रहा है। एजुकेशन पोर्टल के माध्यम से पंजीयन करवाने और इन दिनों में से किसी एक दिन बच्चों के बीच स्कूल जाने के लिए शिक्षा विभाग ने पहल की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूल जाकर बच्चों को एक पीरियड पढ़ाने और उन्हें अपने अनुभव से अवगत करवाने की जरूरत है। स्कूल के पूर्व-विद्यार्थी यह सोचें कि आज जीवन में जहां भी पहुंचे हैं, उनका जीवन स्कूल ने संवारा है अतः स्कूल के प्रति अपना दायित्व निभाना चाहिए। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूलों में गतिविधि शुरू हुई है। सभी माता-पिता बच्चों को स्कूल भेंजे। कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित नहीं रहना चाहिए। हमें बच्चों से मित्रवत व्यवहार करना है। बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित करना है। जो लोग जीवन में विशेष स्थान पर पहुंचे हैं, वे अपना पुराने विद्यालय एक बार जरूर जाएं। अन्य सभी पूर्व विद्यार्थी भी अपने बचपन के स्कूल में जाकर विभिन्न प्रकार से योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक नहीं है कि पुराने विद्यालय को योगदान का कार्य अर्थ के माध्यम से ही किया जाए, बल्कि अपने जीवन अनुभव विद्यार्थियों को बताए जा सकते हैं। किसी विषय का ज्ञान और नई जानकारियां साझा की जा सकती हैं। भावी नागरिकों को आवश्यक दिशा दी जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन और पाठ्यपुस्तकों का निःशुल्क प्रदाय किया जा रहा है। दो जोड़ी गणवेश देने के साथ ही पांचवीं और आठवीं पास कर छठवीं और नौंवी कक्षा में निर्धारित दूरी के शासकीय स्कूल में प्रवेश पर बेटा-बेटियों को निःशुल्क सायकिल की सुविधा प्रदान की गई है। कक्षा बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर लेपटॉप के लिए राशि दी जा रही है। यही नहीं अपने विद्यालय में कक्षा बारहवीं में सबसे ज्यादा नम्बर प्राप्त करने पर ई-स्कूटी की सुविधा भी प्रारंभ की गई है। शिक्षा के क्षेत्र में यह सब सुविधाएँ देने का उद्देश्य विद्यार्थियों का जीवन संवारना है। किसी ग्राम, कस्बे और नगर में कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए हर नागरिक सजग रहे। यह हम सभी का सामाजिक और नैतिक दायित्व है।

### नाबालिग से गैंगरेप का मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**कानपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र से कार में बैठाकर अमार्पुर के जंगल में ले जाकर नाबालिग से गैंगरेप करने वालों में मुख्य आरोपित को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। दूसरे आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दबिश तेज कर दी है। घटना में प्रयुक्त वैन कार भी बरामद हुई है। कल्याणपुर के इको गार्डेन में दो सहेलियों के साथ डूडा कॉलोनी अंबेडकरपुरम निवासी 14 वर्षीय किशोरी शुक्रवार को पैदल जा रही थी। किशोरी अभी नवाब होटल के पास ही पहुंची थी तभी मोहल्ले में रहने वाला अभिषेक अपने दोस्त आर्यन के साथ वैन लेकर आ गया और बात करने लगा। लिफ्ट देने की बात कहकर किशोरी और उसकी दो सहेलियों को वैन में बैठा लिया। कुछ दूर जाने के बाद अभिषेक ने दोनों सहेलियों को बहाना बनाकर कार से उतार दिया और किशोरी को अमार्पुर की ओर लेकर भाग निकला। आरोप है कि जंगल में झाड़ियों के बीच दोनों ने किशोरी के साथ गैंगरेप किया। विरोध करने पर पीटा और दांत काटने के साथ ही नोंचकर हैवानियत की। चीखने पर मुंह में गमछा ठूंस दिया।

# पांच महीने में गिर जायेगी टीएमसी सरकारः शांतनु



**एजेंसी। उत्तर 24 परगना**

पंचायत चुनाव के बाद भाजपा ने एक बार फिर राज्य की तृणमूल सरकार को उखाड़ फेंकने की धमकी दी है। पंचायत चुनाव से पहले राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी से लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तक बंगाल सरकार के गिरने की भविष्यवाणी कर चुके हैं। इस बार केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर ने सरकार गिराने का दावा किया है। शांतनु ने दावा किया अगले पांच महीनों में उनकीसरकार गिर जाएगी.शनिवार शाम को भाजपा ने उत्तर 24 परगना के गायघाटा फुलशरा पंचपोटाय इलाके की पंचायत में विजयी उम्मीदवारों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया। केंद्रीय जहाजरानी राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर, बनगांव सांगठनिक जिला भाजपा अध्यक्ष रामपद दास समेत कई भाजपा नेता वहां मौजूद थे। स्वागत समारोह के मच से शांतनु ठाकुर ने कहा, "शासक दल ने राज्य में एक महीने के अंदर ही वोट कर दिया। पुलिस भी निष्क्रीय रही। आयोग भी निष्क्रीय रहा। इस बात का तो जिक्र ही नहीं किया जा रहा है कि तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने भाजपा नेताओं और कार्यकताओं पर किस प्रकार से अत्याचार किया। पंचायत चुनाव में भाजपा जितना वोट मिला उससे दस गुना ज्यादा वोट मिलना था। मुझे उम्मीद है, माननीय अदालत हमारे पक्ष में सकारात्मक फैसला देगी और जहां परिणाम नकारात्मक है, वहां दोबारा चुनाव कराने का आदेश देगी। हमें कई जगह जीतना चाहिए था लेकिन हम हार गए।"

# समस्या निस्तारण सरकार की प्राथमिकताः योगी आदित्यनाथ



**एजेंसी। गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन के दौरान रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में 400 लोगों से मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं। सबकी समस्या के निस्तारण को सरकार की प्राथमिकता बताई। उन्होंने कहा सबके साथ न्याय होगा।

एक-एक शिकायतकर्ता की बातों को सुनते और उनके हाथों से समस्याओं से जुड़े प्रार्थना पत्रों को लेते हुए उन्हें अधिकारियों को थमाते गये। समस्याओं का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण करने का निर्देश दिया।

गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी ने समस्या निस्तारण का भरोसा देते हुए कहा कि उनके रहते किसी को चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। सबकी समस्या पर प्रभावी कार्रवाई कराई जाएगी। कुछ लोगों के बिजली बिल संबंधी परेशानी पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ओटीएस योजना से लोगों को राहत प्रदान की जाए।

जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर शासन को भेजें। इलाज के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की समस्याओं को निस्तारण समयबद्ध तरीके से करें ताकि लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने न पड़ें। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए काम कर रही है। और ऐसे में किसी भी प्रकार की कोताही अगर होती है तो लोग तुरंत इसकी शिकायत करें त्वरित कार्रवाई होगी।

# लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए जाने जाते हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार : नीरज कुमार



**एजेंसी। बेगूसराय**

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने एक बार फिर भाजपा पर जोरदार निशाना साधा है। भाजपा के साथ ही उन्होंने बेगूसराय के सांसद और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को भी निशाने पर लिया है।

रविवार को बेगूसराय अतिथि गृह में पत्रकारों से बात करते हुए नीरज कुमार ने कहा कि हनुमान चालीसा पढ़ने से इतिहास का ज्ञान नहीं हो जाता है। दुनिया में सबसे बड़ा तानाशाह हिटलर को माना जाता है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हिटलर की वंश परंपरा को कायम रखा। भाजपा सावरकर को वीर मानता हैं, जबकि वीर सावरकर ने अंग्रेजों से पांच बार माफी मांगी और पेंशन लेकर अपना गुजारा किया। भाजपा द्वारा नीतीश कुमार की तुलना किम जॉन से करने पर नीरज कुमार ने कहा है वीर सावरकर हिटलर को अपना आदर्श मानता था। जबकि, नीतीश कुमार लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए जाने जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ साल में भाजपा ने हिंदू को बेहाल कर दिया। लोग हैरान परेशान हैं और भाजपा विकास के मुद्दे के बदले लोगों को इधर-उधर भटका रही है। बेगूसराय गिरिराज सिंह का संसदीय क्षेत्र है। भाजपा अपने को हिंदुत्व का हितैषी कहती है। लेकिन सिर्फ बेगूसराय की बात की जाए तो यहां 13 मंदिरों को तोड़ा गया। जिसे बिहार सरकार बनवा रही है। नीरज कुमार ने कहा कि हिंदू का नाम लेने वाली भाजपा के सांसद और विधायक प्रावधान होने के बावजूद कभी एक रुपया मंदिर निर्माण के लिए नहीं देते हैं। नरेन्द्र मोदी की सभा में बेगूसराय के एक व्यक्ति की मौत हुई थी, उनके परिवार को नौकरी देने का वादा किया था। लेकिन कहां है नौकरी, भाजपा वाले उसका नियुक्ति पत्र दिखाएं। धर्म के राजनीतिक दुश्मन के रूप में भाजपा नए दौर में मोदी और शाह के रूप में आई है।

17 और 18 जुलाई को बेंगलुरु में होने वाली महागठबंधन की बैठक को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा पंचांग को भी नहीं मानती है। पटना में महागठबंधन की बैठक पंचमी के दिन हुई थी। इसका असर यह हुआ कि अब दलों की संख्या बढ़ने वाली है। वे अब तक कहते थे कोई बैठक में आएगा नहीं, जबकि अधिक राजनीतिक दल आ रही है। महागठबंधन के सभी दलों का एक ही फैसला है 2024 में नरेन्द्र मोदी की सरकार को हटाना। नीतीश कुमार ने जब यह फैसला लिया तो हनुमान जी ने इनको कर्नाटक में गदा दे दिया।

# ओडिशा में अधिकतम लोकसभा सीटें जीतने को बूथ प्रबंधन पर फोकस कर रही भाजपा




**एजेंसी। भुवनेश्वर**

अगले लोकसभा चुनाव नजदीक आने के साथ, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ओडिशा में अधिकतम लोकसभा सीटें जीतने के लिए मिशन मोड पर है। ओडिशा में 21 लोकसभा सीटें हैं, इनमें से 2019 में बीजेपी ने आठ सीटें जीती थीं, जबकि बीजेडी को 12 सीटें मिली थीं और एक अन्य कांग्रेस के खाते में गई थी। ओडिशा में बीजेपी की लोकसभा सीटें 2019 में एक से बढ़कर आठ हो गई हैं। इसलिए, इसने पार्टी को 2024 के चुनावों में लोकसभा सीटों की संख्या को और अधिक बढ़ाने के लिए मिशन मोड में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया है। जहां केंद्रीय मंत्री लोकसभा प्रभास योजना के तहत लगातार विभिन्न संसदीय क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं, वहीं प्रदेश प्रभारी सुनील बंसल सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता निर्वाचन क्षेत्रों में आधार मजबूत करने की रणनीति तैयार करने के लिए बैठकें कर रहे हैं। दौरे के दौरान, केंद्रीय मंत्री ने अपने मंत्रालयों की योजनाओं और कल्याण कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने यह भी फीडबैक लिया कि केंद्र सरकार की योजनाएं जमीनी स्तर तक पहुंच रही हैं या नहीं। अब, ऐसा लगता है कि बीजेपी ने सत्तारूढ़ बीजद के खिलाफ अपनी लड़ाई में टॉप गियर लगा दिया है। पार्टी ने ओडिशा के सत्ता केंद्र पर तीखा हमला बोला है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा की हालिया ओडिशा यात्रा से शुरू होकर, राज्य नेतृत्व ने विभिन्न मुद्दों पर नवीन पटनायक सरकार पर विवादास्पद हमला किया। साथ ही पार्टी बूथ मैनेजमेंट पर भी जोर दे रही है। हाल ही में भोपाल में आयोजित पीएम नरेंद्र मोदी की कार्यशाला में ओडिशा के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से दो विस्तारक शामिल हुए थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, भाजपा ने 13 लोकसभा क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है। पार्टी ने प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र के लिए एक विशिष्ट रणनीति तैयार करने का निर्णय लिया है।

# ओम प्रकाश राजभर का कोई ठिकाना नहीं : शिवपाल यादव



**एजेंसी। लखनऊ**

समाजवादी पार्टी(सपा) के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के एनडीए में शामिल होने को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

गोसाईगंज के टिकानिया मऊ गांव पहुंचे शिवपाल यादव ने एक पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए कहा है कि ओम प्रकाश राजभर का कोई ठिकाना नहीं है। कब कहां चले जाएं उनका कोई भरोसा नहीं है। अभी कुछ दिन पहले वह मायावती को प्रधानमंत्री बना रहे थे। अब वह एनडीए में शामिल हो गए हैं। उन पर विश्वास नहीं किया सकता है। राजभर जहां से चुनाव लड़ेंगे वहां से हारेंगे। जहूराबाद में राजभर की जमानत जब्त होगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष मजबूत हो रहा है और 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने वाली नहीं हैं। शिवपाल ने कहा कि एक बड़बोले नेता कह रहे थे कि सपा समाप्त हो गई है लेकिन वह कौशाम्बी में हमसे चुनाव हार गए। इतना हीं नहीं समाजवादी पार्टी ने अपने अधिकारिक ट्वीटर हैंडल से ओमप्रकाश राजभर की कई वीडियो सार्वजनिक की है। जब वह चुनाव के दौरान जनता को सम्बोधित करते हुए भाजपा के नेताओं को गालियां दे रहे थे। ट्वीट में आगे कहा है कि अखिलेश यादव के पीडीए एलान यानी पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक एकता के बाद से भाजपा घबराई हुई है और गाली खाकर भी गालीबाज को शामिल कर रही है।

**उपलब्धि** निखर उठा मुख्यमंत्री योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट विंध्य कॉरिडोर

# विंध्यधाम की बदलेगी सूरत, खुलेंगे तरक्की के द्वार



**एजेंसी। मीरजापुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ड्रीम प्रोजेक्ट विंध्य कॉरिडोर गुलाबी पत्थर की आभा से निखर उठा है। अब विंध्य कॉरिडोर मूर्तरूप लेने लगा है। लगभग 60 प्रतिशत काम पूरा हो गया है यानी विंध्य कॉरिडोर का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। अब बस उसे सजाने का काम चल रहा है। भूमिगत नाली, पानी व विद्युत व्यवस्था शेष है, जो जल्द ही पूर्ण कर ली जाएगी। हालांकि दिसंबर 2023 तक निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री की इच्छाशक्ति व दूरगामी सोच से विंध्यधाम की सूरत बदलेगी ही, तरक्की के द्वार भी खुलेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के बाद अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट विंध्य कारिडोर का अद्भुत, अलौकिक व अविस्मरणीय स्वरूप जल्द ही देश-दुनिया के सामने होगा। आदिशक्ति जगज्जननी मां विंध्यवासिनी धाम का नया स्वरूप धार्मिक संकल्पना को साकार करेगा ही, कला-संस्कृति की झलक भी दिखेगी। विंध्य कॉरिडोर का निर्माण होने से जिस प्रकार विंध्यधाम का अकल्पनीय विस्तार हुआ, उसी प्रकार पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। संकरी व तंग गलियां, उबड़-खाबड़ रास्ते नहीं, अब आकर्षक प्रवेश द्वार देश-विदेश से विंध्यधाम आने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत करेंगे। यही नहीं, विश्व प्रसिद्ध मां विंध्यवासिनी धाम आने वाले श्रद्धालुओं को आस्था के सम्मान के साथ विश्व स्तरीय सुविधाएं भी मिलेंगी। विंध्यवासिनी मंदिर के चारों तरफ 50 फीट चैड़ा दो मंजिला परिक्रमा पथ निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। सड़कों के चैड़ीकरण का काम भी लगभग 60 प्रतिशत पूरा हो गया है। वहीं विंध्य कारिडोर के माडल को गढ़ने के लिए देश के विभिन्न प्रांत के कुशल कारीगर भक्ति-भावना के साथ दिन-रात काम कर रहे हैं। उधर, कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम का भी दावा है कि दिसंबर 2023 तक विंध्य कारिडोर का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएगा। मां विंध्यवासिनी मंदिर के चार प्रवेश द्वार पर गेट बनाया गया है। नई वीआईपी, पुरानी वीआईपी, कोतवाली गली व पक्का घाट मार्ग के मुख्य द्वार पर भव्य गेट का निर्माण तीव्र गति से हो रहा है। नई वीआईपी पर गेट का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। गुलाबी पत्थर से सुशोभित प्रवेश द्वार की भव्यता व सुंदरता देख हर किसी की निगाहें ठहर सी जाएंगी। पहले तो गलियां, दुकानें और मंदिर ही दिखा करती थीं, लेकिन अब भव्य मां विंध्यवासिनी मंदिर के साथ 50 फीट चौड़ा दो मंजिला परिक्रमा, 50 फीट चौड़ी सड़कें-गलियां व कला-संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। बहुप्रतीक्षित विंध्य कॉरिडोर का निर्माण कार्य पूर्ण होने से देश-विदेश के श्रद्धालुओं का इंतजार खत्म हो जाएगा, तब मां विंध्यवासिनी के आंगन में आस्था का ज्वार नजर आएगा और भव्य-दिव्य विंध्य कॉरिडोर आस्था के सम्मान के साथ सफल भक्ति का अहसास कराएगा।

### गर्भपात से महिला की मौत, कांग्रेस अध्यक्ष गिरफ्तार

**उत्तर दिनाजपुर।** गर्भपात के दौरान महिला की मौत के आरोप में चोपड़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोसीरुद्दीन को गिरफ्तार किया गया है। रविवार दोपहर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। हालांकि इसे कांग्रेस ने साजिश बताया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पेशे से दवाई दुकान चलाने वाला चोपड़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोसीरुद्दीन पर गर्भपात के दौरान एक महिला की मौत का आरोप लगा है। जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। शिकायत के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि घिरनीगांव के लालबाजार इलाके में मोसीरुद्दीन की दवा दुकान को प्रशासन ने पिछले मार्च में सील कर दिया था। मोसीरुद्दीन ने कहा कि यह एक राजनीतिक साजिश है। वहीं, कांग्रेस नेता अशोक राय ने कहा कि पुलिस ने आज उसके ब्लॉक अध्यक्ष को गिरफ्तार किया है।

# लक्ष्य सेन अमरीकी ओपन से बाहर, सेमीफाइनल में फेंग से हारे

**एजेंसी। काउंसिल ब्लफ्स**

भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन को अमरीकी ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में चीन के ऑल इंग्लैंड चैंपियन ली शी फेंग से संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और यहां तीसरी वरीयता प्राप्त सेन दूसरी वरीयता प्राप्त फेंग के खिलाफ 17-21, 24-22, 17-21 से हार गए। शनिवार की रात को खेला गया बीडब्ल्यूएफ सुपर



300 टूर्नामेंट का यह मुकाबला एक घंटे 16 मिनट तक चला। विश्व में सातवें नंबर के खिलाड़ी फेंग और 12वीं रैंकिंग के सेन के बीच यह मुकाबला काफी करीबी रहा। शुरूआती गेम में दोनों खिलाड़ी 17 अंकों तक बराबरी पर थे लेकिन के बाद चीन के खिलाड़ी ने आक्रामक रवैया दिखाया जबकि भारतीय खिलाड़ी ने कुछ गलतियां की। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता सेन ने हालांकि दूसरे गेम में अच्छी वापसी की। पहले गेम की तरह दूसरे गेम में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों खिलाड़ियों ने लंबी रैलियां की और 22 अंक तक दोनों बराबरी पर थे। लक्ष्य ने इसके बाद लगातार दो अंक बनाकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया।

तीसरा और निर्णायक गेम पहले गेम की पुनरावृति था। फेंग ने शुरू में बढ़त बनाई और इंटरवल तक वह 11-8 से आगे थे। सेन ने हालांकि हार नहीं मानी और 17 अंकों तक स्वयं को मुकाबले में बनाए रखा। चीन के खिलाड़ी ने इसके बाद दबाव बनाया तथा मैच अपनी झोली में डाला। सेन का फेंग के खिलाफ जीत हार का रिकॉर्ड 5-2 है। उन्होंने पिछले सप्ताह कनाडा ओपन में चीन के खिलाड़ी को 21-18, 22-20 से हराकर अपना दूसरा बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 खिताब जीता था।

## वास्को ने रेमन डियाज को मुख्य कोच नियुक्त किया

**रियो डी जनेरियो।** वास्को डी गामा फुटबॉल क्लब ने अर्जेंटीना के पूर्व अंतरराष्ट्रीय स्ट्राइकर रेमन डियाज को 2023 के बाकी सत्र के लिए अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 63 वर्षीय खिलाड़ी मौरिसियो बारबेरी की जगह लेंगे, जिन्हें ब्राजीलियाई सीरी ए सीजन में क्लब की खराब शुरूआत के बाद जून के अंत में हटा दिया गया था। रियो डी जनेरियो संगठन ने एक बयान में कहा, डियाज के साथ सहायक कोच एमिलियानो डियाज और जुआन रोमानजी भी शामिल होंगे।

## आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने मणिपुर में शांति, सद्भाव की अपील की



**एजेंसी। इंफाल।**

महान एथलीट और राज्यसभा सदस्य पी.टी. उषा ने शनिवार को मणिपुर में शांति और सद्भाव की अपील की, जहां जातीय हिंसा ने 150 से अधिक लोगों की जान ले ली है और 600 से अधिक अन्य घायल हो गए हैं। उषा भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष भी हैं, उन्होंने मणिपुर के लोगों को एक खुले पत्र में कहा : आइए, एक साथ मिलकर प्रगति करें, आइए, उन मुस्कुराहट को वापस लाएं और बेहतर भविष्य के लिए सद्भाव व आशा के साथ एक नए दिन की शुरूआत करें। उन्होंने लिखा : हमारी ताकत हमारी ताकत है, हमारी सफलता हमारी समावेशी विविधता है। आज आइए प्रतिज्ञा करें कि हम शांति और सद्भाव का स्वागत करने के लिए खुद को समर्पित करके अपने मणिपुरी भाइयों और बहनों के दिल और दिमाग में उन मुस्कुराहट और गर्मजोशी को वापस लाएंगे। शुक्रवार को लॉन्च किए गए भारत के चंद्रमा मिशन का जिक्र करते हुए उषा ने कहा कि औद्योगिक विकास, विनिर्माण और प्रौद्योगिकी में भारत की सफलता की कहानी दुनिया को प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा, विकास के हमारे पथ में हम एक हैं, हम भारतीय हैं और भारतीय वही हैं जो हम सभी हैं। एक एथलीट के रूप में मेरे करियर और मेरी विनम्र उपलब्धियों का सभी ने जश्न मनाया और मेरे पदक सभी भारतीयों की महत्वाकांक्षाओं को दशार्ते हैं। उन्होंने कहा, एम.सी. मेरी कॉम, कुंजारानी देवी, सरिता देवी, मीराबाई चानू, देवेंद्रो सिंह, संजीता चानू, लौरेम्बम ब्रोजेशोरी, खुमुजम टोम्बी, लिकमाबम सुशीला, लिनथोई चानंबम, लैशराम बोम्बायला, पुखरामबम सुशीला चानू, बाला देवी जैसे अत्यधिक कुशल और मेहनती मणिपुरी, एलंगबाम पंथोई चानू, मोइरांगथेम मंदाकिनी देवी और ओइनम बेमबेम और हमारे प्रिय दिवंगत डिंग्को सिंह ने देश के लिए कई पदक जीते।"

आईएओ अध्यक्ष ने कहा, उनकी जीत और सफलता लाखों भारतीयों को उत्कृष्टता हासिल करने और उनके सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करती है और मणिपुर के इन दिग्गजों को भारत की बहुमूल्य संपत्ति और हमारे मुकुट रत्नों के रूप में सम्मानित किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत एक ऐसा राष्ट्र है, जहां विभिन्न जातियों, धर्मों और भाषाओं के लोग सद्भाव से रहते हैं, और आत्मविश्वास के इस नए युग में एक साथ प्रगति करते हैं।

## पाक पेसर शाहीन अफरीदी ने 100वां टेस्ट विकेट लिया

**एजेंसी। गॉल**

पाकिस्तानी तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने रविवार को गॉल इंटरनेशनल स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच के दौरान अपना 100वां टेस्ट विकेट हासिल किया और यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे पाकिस्तान के 19वें खिलाड़ी बन गए। अफरीदी ने खेल के दूसरे ओवर में श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज निशान मदुष्का को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। पहले टेस्ट के पहले दिन पाकिस्तानी गेंदबाजी की शुरूआत करने के बाद 23 वर्षीय खिलाड़ी ने आधिकारिक तौर पर टेस्ट क्रिकेट में वापसी की। वह लगभग एक साल बाद पाकिस्तान के लिए टेस्ट खेल रहे हैं। पिछले साल गॉल में ही श्रीलंका के खिलाफ एक मैच में गेंद रोकने की कोशिश में बाउंड्री लाइन पर उनके घुटने में चोट लग गई थी। तेज गेंदबाज ने पिछले साल अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया में पुरुष टी20 विश्व कप के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी की, लेकिन फाइनल में पहले से चोटिल उनका दाहिना घुटना मुड़ गया, जिसके कारण वह इंग्लैंड (टेस्ट)



और न्यूजीलैंड (टेस्ट और वनडे) के खिलाफ घरेलू श्रृंखला खेलने से चूक गए। वह आखिरकार इस साल की शुरूआत में लाहौर कलंदर्स के लिए लौटे। मैच से पहले शाहीन ने हंबनटोटा में पीसीबी डिजिटल को बताया, मैं उस देश में टेस्ट में वापसी करने के लिए बहुत उत्साहित था जहां मैं घायल हो गया था। चोटें एक एथलीट के जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन वापस आना अच्छा है।

# बांग्लादेश को भारत ने 152 रन पर समेटा

## अमनजोत कौर के डेब्यू वनडे में चार विकेट

**एजेंसी। मीरपुर**

भारत की युवा तेज गेंदबाज अमनजौत कौर ने वनडे में पदार्पण पर 31 रन देकर चार विकेट हासिल किये जिससे बांग्लादेश की टीम रविवार को यहां बारिश से प्रभावित शुरूआती एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में 43 ओवर में 152 रन पर सिमट गई। इस 23 साल की गेंदबाज ने सलामी बल्लेबाज मुर्शिदा खातून, फरगना हक, कप्तान निगार सुल्ताना और राबिया खान के विकेट झटके जिससे बांग्लादेश की टीम बारिश के कारण 44-44 ओवर के किये गये मैच में जूझती नजर आयी। निगार सुल्ताना घरेलू टीम के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं, उन्होंने शेरे बांग्ला राष्ट्रीय स्टेडियम में 39 रन की पारी खेलने के अलावा



फरगना हक (27 रन) के साथ 49 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई। बांग्लादेश की अंतिम बल्लेबाज शोर्ना अख्तर 44वें ओवर में बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरी क्योंकि वह चोटिल थीं। इससे पहले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। अमनजोत और बायें हाथ की स्पिनर अनुषा बारेड्डी ने वनडे पदार्पण किया जबकि शीर्ष क्रम की बल्लेबाज प्रिया पूनिया ने 2021 के बाद पहली बार भारतीय टीम में वापसी की। बांग्लादेश के लिए शोर्ना अख्तर ने अपना वनडे पदार्पण किया।

# अगले महीने आयरलैंड दौरे से वापसी करेंगे जसप्रीत बुमराह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह लंबी चोट से उबरने के बाद अपनी पूरी फिटनेस हासिल करने के करीब हैं। अगले महीने आयरलैंड दौरे के साथ उनकी टीम में वापसी की संभावना है। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, मार्च में पीठ की सर्जरी कराने और बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में सफलतापूर्वक रीहैबिलिटेशन के बाद बुमराह ने पिछले महीने गेंदबाजी फिर से शुरू कर दी है और धीरे-धीरे पूरी क्षमता से गेंदबाजी की तरफ लौट रहे हैं। एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण की निगरानी में वह अपना रिहैब कर रहे हैं। वह इन दिनों नेट्स पर पूरे जोश के साथ गेंदबाजी कर रहे हैं। वह रोजाना 8-10 ओवर गेंदबाजी कर रहे हैं। चयनकर्ता और टीम प्रबंधन सितंबर में एशिया कप के लिए बुमराह को शामिल करना



चाह रहे थे, लेकिन पिछले कुछ सप्ताह में उन्होंने जो प्रगति की है उसका मतलब है कि वह अगले महीने दूसरी पंक्ति की भारतीय टीम के साथ आयरलैंड की यात्रा कर सकते हैं। उनकी यात्रा पर फैसला आने वाले दिनों में लिया जाएगा। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि उन्हें जिस तरह की चोट थी उसे देखते हुए बुमराह के मामले में अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है। वह पिछले साल सितंबर से ही प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेले हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, ...बुमराह को नेट्स पर कोई परेशानी नहीं दिख रही है। वह रोजाना ट्रेनिंग कर रहे हैं। ऐसे संकेत हैं कि बुमराह एनसीए में कुछ अभ्यास मैच भी खेल सकते हैं, जहां शिविर चल रहे हैं। एशिया कप और आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप से पहले यह भारतीय क्रिकेट टीम के लिए एक शुभ समाचार है। भारत अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप की मेजबानी कर रहा है। इस बीच, एक अन्य भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा, जिनकी लम्बर स्ट्रेस फ्रैक्चर की सर्जरी हुई थी, ने दोबारा गेंदबाजी शुरू कर दी है। 27 वर्षीय तेज गेंदबाज चोट के कारण आईपीएल 2023 से चूक गए थे। आखिरी बार उन्होंने अगस्त 2022 में जिम्बाब्वे में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। तब से वह स्ट्रेस फ्रैक्चर से जूझ रहे हैं, जिसके बाद अंततः उन्हें सर्जरी करानी पड़ी।

## संगीता फोगाट ने हंगरी रैंकिंग सीरीज में कांस्य पदक जीता

**एजेंसी। बुडापेस्ट**

भारत की संगीता फोगाट ने हंगरी के बुडापेस्ट में पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल रैंकिंग सीरीज कुश्ती चैंपियनशिप में शनिवार को तीसरे-चौथे स्थान के मैच में हंगरी की विक्टोरिया बोरसोस को हराकर 59 किग्रा में कांस्य पदक जीता। संगीता ने तीसरे-चौथे स्थान के मैच में अपने हंगेरियन प्रतिद्वंद्वी को निर्णय द्वारा जीत (वीपीओ1) में 6-2 से हराया। संगीता ने टेकडाउन मूव के साथ बढ़त बना ली और हालांकि हंगरी की पहलवान ने स्कोर 2-2 से बराबर कर लिया, लेकिन भारतीय पहलवान ने उग्र हमला किया। संगीता, जो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया की पत्नी और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता गीता फोगट की बहन हैं, संयुक्त राज्य अमेरिका की जेनिफर पेज रोजर्स से करारी हार के साथ



अपने अभियान की शुरूआत करने के बाद रेपेचेज राउंड के माध्यम से सेमीफाइनल में पहुंची थीं। उन्होंने तीसरे दौर में एक अन्य अमेरिकी पहलवान ब्रेंडा ओलिविया रेयना को तकनीकी श्रेष्ठता (वीएसयू1) से जीत के लिए 12-2 से हराकर वापसी की। संगीता ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया और तेज चाल से 4-2 की बढ़त बना ली और तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर मुकाबला जीत लिया। तीसरे राउंड में जीत से संगीता को सेमीफाइनल में जगह तो मिल गई लेकिन वह फाइनल में आगे नहीं बढ़ सकीं।

# पारूल चौधरी ने 5000 मीटर में रजत के साथ दूसरा पदक जीता



**एजेंसी। बैंकॉक**

भारत की लंबी दूरी की दिग्गज धाविका पारूल चौधरी ने रविवार को यहां एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक के साथ अपना दूसरा पदक जीता। शुक्रवार को 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक जीतने वाली पारूल ने 5000 मीटर में 15 मिनट 52.35 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता। जापान की युमा यामामोटो ने 15 मिनट 51.16 सेकेंड के समय से शीर्ष पर रहीं। पारूल के नाम पर 5000 मीटर स्पर्धा का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है जो 15 मिनट 10.35 सेकेंड का है। अंकिता ने इसी स्पर्धा में 16 मिनट 3.33 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। इससे पहले किशन कुमार और केएम चंदा ने अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पुरुष और महिला 800 मीटर दौड़ में रजत पदक जीते। किशन एक मिनट 45.88 सेकेंड के समय के साथ कतर के अबुबाकर एच अब्दाला (एक मिनट 45.53 सेकेंड) के बाद दूसरे स्थान पर रहे।

चंदा ने महिलाओं की 800 मीटर दौड़ में दो मिनट 1.58 सेकेंड का समय लिया। श्रीलंका की एमके दिसानायका दो मिनट 0.66 सेकेंड के समय के साथ शीर्ष पर रहीं।

### प्रियंका ने 20 किमी पैदल चाल में रजत और विकास ने कांस्य पदक जीता



**भारत** की प्रियंका गोस्वामी और विकास सिंह ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन रविवार को यहां क्रमशः महिलाओं और पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक जीते। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रियंका ने महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल में एक घंटा, 34 मिनट और 24 सेकंड का समय लेकर चीन की यांग लिउजिंग (1:32:37) के बाद दूसरा स्थान हासिल किया।

## दलीप ट्रॉफी : दक्षिण क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र को हराकर जीता खिताब

**बेंगलुरु।** दक्षिण क्षेत्र ने अपना दबदबा कायम रखते हुए रविवार को यहां पश्चिम क्षेत्र को 75 रन से करारी शिकस्त देकर दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता। पश्चिम क्षेत्र ने 298 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें दिन सुबह अपनी दूसरी पारी पांच विकेट पर 182 रन से आगे बढ़ाई और उसकी टीम 222 रन बनाकर आउट हो गई। दक्षिण क्षेत्र की तरफ से बाएं हाथ के स्पिनर साईं किशोर और तेज गेंदबाज वासुकी कौशिक ने चार चार विकेट लिये। दक्षिण क्षेत्र में 14वीं बार दलीप ट्रॉफी का खिताब जीता है। इससे उसने पश्चिम क्षेत्र से पिछले साल मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। पिछले साल फाइनल में पश्चिम क्षेत्र ने दक्षिण क्षेत्र को 294 रन से हराया था। प्रियांक पंचाल ने सुबह अपनी पारी 92 रन से आगे बढ़ाई लेकिन वह इसमें केवल तीन रन जोड़कर पवेलियन लौट गए। उन्होंने तेज गेंदबाज विदवथ कावेरप्पा की गेंद पर विकेटकीपर रिकी भुई को कैच थमाया। इससे पश्चिम क्षेत्र की रही सही उम्मीद ही समाप्त हो गई। कावेरप्पा को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

## निराशा | चहल ने आरसीबी की अनदेखी पर निकाली भड़ास

# 'मैंने उनके लिए 114 मैच खेले'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) द्वारा उन्हें रिटेन नहीं किए जाने पर अपनी निराशा के बारे में खुलकर बात की है। 2022 आईपीएल मेगा नीलामी पर उन्होंने कहा कि उन्हें वास्तव में बहुत बुरा लगा क्योंकि आठ साल तक फ्रेंचाइजी के लिए खेलने के बावजूद प्रबंधन की ओर से कोई फोन नहीं आया और न ही कोई बात हुई। मैंने उनके लिए 114 मैच खेले हैं। चहल 2014 संस्करण के बाद से आरसीबी के अभिन्न अंगों में से एक थे और उन्होंने 114 मैचों में फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने आईपीएल में गेंदबाजों के लिए सबसे कठिन स्टेडियमों में से एक एम चिन्नास्वामी में प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ अपनी छाप छोड़ी, जहां छोटी सीमाएं आमतौर पर बल्लेबाजों को रोकना गेंदबाजी पक्ष के लिए कठिन बना देती हैं। हालांकि आरसीबी ने 2022 आईपीएल मेगा नीलामी से पहले अपने स्टार स्पिनर को



रिलीज कर दिया और उसे वापस नहीं खरीदा। चहल ने कहा, 'निश्चित रूप से, मुझे बहुत दुख हुआ। मेरी यात्रा आरसीबी के साथ शुरू हुई। मैंने उनके साथ आठ साल बिताए। आरसीबी ने मुझे मौका दिया और उनकी वजह से मुझे इंडिया कैप मिली। पहले ही मैच से विराट भैया ने मुझ पर भरोसा दिखाया। इसलिए बुरा लगा, क्योंकि जब आप एक टीम में 8 साल बिताते हैं तो यह लगभग परिवार जैसा लगता है।'

चहल ने कहा, 'बहुत सारी अफवाहें आईं, जैसे कि मैंने बहुत बड़ी रकम मांगी। मैंने उस समय स्पष्ट किया कि ऐसा कुछ नहीं था। मुझे पता है कि मैं किस लायक हूं। मुझे वास्तव में जो बात बुरी लगी वह यह थी कि कोई फोन नहीं और कोई बात नहीं हुई थी।' कम से कम बात तो करें। मैंने उनके लिए 114 मैच खेले हैं। नीलामी में उन्होंने मुझसे वादा किया था कि वे मेरे लिए हर संभव प्रयास करेंगे। मैंने कहा, ठीक है। जब मुझे वहां नहीं चुना गया, मैं बहुत गुस्से में था। मैंने उन्हें 8 साल दिए। चिन्नास्वामी मेरा पसंदीदा मैदान था। मैंने आरसीबी के कोचों से बात नहीं की। मैंने उनके खिलाफ जो पहला मैच खेला, उसमें मैंने किसी से बात नहीं की।'

32 वर्षीय चहल 187 विकेट के साथ आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं और उन्होंने स्वीकार किया कि राजस्थान रॉयल्स में जाने से एक गेंदबाज के रूप में उनमें सुधार हुआ क्योंकि उन्होंने डेथ ओवरों में गेंदबाजी करना शुरू कर दिया था। उन्होंने कहा, 'मुझे एहसास है कि नीलामी एक बहुत ही अप्रत्याशित जगह है। इसलिए, मैंने इस तथ्य से समझौता कर लिया कि जो कुछ भी होता है, अच्छे के लिए होता है। आरआर में मैंने डेथ ओवरों में गेंदबाजी करना शुरू किया। आरसीबी में अक्सर मेरा कोटा 16 ओवर से पहले पूरा हो जाता था। मुझे लगता है कि मैं आरआर में एक क्रिकेटर के रूप में भी विकसित हुआ हूं। इसलिए, जो कुछ भी हुआ, अच्छे के लिए हुआ।'



## NEWS इन ब्रीफ

### मैरिको को खाद्य कारोबार चालू वित्त वर्ष में 850 करोड़ रुपए होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** दैनिक उपभोग के सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी मैरिको को चालू वित्त वर्ष में घरेलू बाजार में खाद्य कारोबार 850 करोड़ रुपए हो जाने की उम्मीद है। मैरिको ने हाल ही में जारी अपनी सालाना रिपोर्ट में यह संभावना जताई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, मैरिको के तेल ब्रांड सफोला ने सेहतमंद उत्पादों की पेशकश से अपने बाजार को बढ़ाकर लगभग 10,000 करोड़ रुपए के ऊपर पहुंचा दिया है। कंपनी ने कहा, खाद्य उत्पादों से मिलने वाला राजस्व वित्त वर्ष 2022-23 में 600 करोड़ रुपए के करीब पहुंचने के बाद उसे वित्त वर्ष 2023-24 में 850 करोड़ रुपए तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

### 31 जुलाई तक जल्द से जल्द दाखिल करें आईटीआर

**नई दिल्ली।** राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने कहा कि वित्त मंत्रालय आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की 31 जुलाई की समयसीमा को बढ़ाने पर विचार नहीं कर रहा है। उन्होंने साथ ही आयकरदाताओं से जल्द से जल्द अपना रिटर्न दाखिल करने को कहा। मल्होत्रा ने कहा, हमें उम्मीद है कि इस साल पिछले वर्ष से ज्यादा रिटर्न दाखिल होंगे... हमें उम्मीद है कि यह पिछले साल से ज्यादा होना चाहिए।" पिछले साल 31 जुलाई तक लगभग 5.83 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए थे, जो आकलन वर्ष 2022-23 के लिए रिटर्न दाखिल करने का आखिरी दिन था। उन्होंने कहा, हम आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों को धन्यवाद देना चाहते हैं, क्योंकि आईटीआर दाखिल करने की गति पिछले साल की तुलना में बहुत तेज है।

### विदेशी निवेशकों का भारतीय शेयरों पर भरोसा बरकरार

# जुलाई में किया 30,600 करोड़ रुपये का निवेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**




विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजारों में निवेश का सिलसिला लगातार जारी है। जुलाई के पहले पखवाड़े में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 30,600 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया है। देश की मजबूत आर्थिक वृद्धि तथा कंपनियों के तिमाही नतीजे बेहतर रहने के बीच भारतीय बाजारों के प्रति एफपीआई का आकर्षण कायम है। यदि एफपीआई का यही रुख जारी रहता है, तो जुलाई में शेयरों में में उनके निवेश का आंकड़ा मई और जून को पार कर सकता है। विदेशी निवेशकों ने मई में शेयरों में 43,838 करोड़ रुपए और जून में 47,148 करोड़ रुपए का निवेश किया था। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल अबतक शेयर बाजारों में एफपीआई का निवेश 1.07 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि भारतीय शेयरों में एफपीआई प्रवाह का परिदृश्य सकारात्मक बना हुआ है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, चिंता की बात सिर्फ बढ़ता मूल्यांकन है।

### अप्रैल-जून तिमाही में वाहनों का निर्यात 28 प्रतिशत घटा

# यात्री वाहनों का एक्सपोर्ट 1,52,156 इकाई रहा

**एजेंसी नई दिल्ली।** देश से वाहनों का निर्यात चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून तिमाही) में 28 प्रतिशत घट गया है। 30 जून को समाप्त पहली तिमाही में कुल वाहन निर्यात 10,32,449 इकाई रहा। जो पिछले साल की समान अवधि में 14,25,967 इकाई रहा था। अफ्रीका और विभिन्न अन्य विकासशील देशों में मौद्रिक संकट के कारण भारत के वाहन निर्यात में गिरावट आयी है। वाहन विनिमार्ताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने यह जानकारी दी है। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि पहली तिमाही में सभी वाहन खंड में निर्यात घटा है। निर्यात के कई गंतव्यों खासकर अफ्रीका और अन्य



विकासशील देशों में मुद्राओं का अवमूल्यन होने से वाहनों की मांग घटी है, जिसका निर्यात पर असर पड़ा। उन्होंने कहा कि इन देशों को विदेशी मुद्रा की उपलब्धता की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे वाहनों की बिक्री सीमित रही है। हालांकि इन देशों में वाहनों की उपभोक्ता मांग बरकरार है। लेकिन यह अभी अन्य आवश्यक वस्तुओं के आयात पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। सियाम के आंकड़ों के अनुसार, जून तिमाही में यात्री वाहनों का कुल निर्यात पांच प्रतिशत घटकर 1,52,156 इकाई रह गया। पिछले साल की अप्रैल-जून तिमाही में यह आंकड़ा 1,60,116 इकाई रहा था। समीक्षाधीन अवधि में यात्री कारों का निर्यात एक साल पहले की समान अवधि के 1,04,400 इकाई के आंकड़े से घटकर 94,793 इकाई रह गया। इसी तरह चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उपयोगिता यानी यूटिलिटी वाहनों का निर्यात 55,419 इकाई रहा। जो पिछले साल की समान अवधि में 55,547 इकाई रहा था। वाहन निर्यात में मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) शीर्ष पर रही। अप्रैल-जून में मारुति का निर्यात 62,857 इकाई रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में मारुति ने 68,987 यात्री वाहनों का निर्यात किया था। इसके बाद हुंदै मोटर इंडिया का स्थान रहा। समीक्षाधीन अवधि में हुंदै ने 35,100 वाहनों का निर्यात किया। एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 34,520 इकाई रहा था।

### सरकार ने बफर स्टॉक' के लिए तीन लाख टन प्याज खरीदा

**नई दिल्ली।** सरकार ने चालू वित्त वर्ष में बफर स्टॉक' (भंडारण) के लिए 20 प्रतिशत अधिक यानी कुल तीन लाख टन प्याज खरीदा है। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित सिंह ने रविवार को बताया कि सरकार प्याज को अधिक समय तक सुरक्षित रखने के लिए भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) के साथ काम कर रही है। वित्त वर्ष 2022-23 में सरकार ने बफर स्टॉक के लिए 2.51 लाख टन प्याज रखा था। बफर स्टॉक कम आपूर्ति वाले मौसम में कीमतों को काबू में रखने के लिए मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के तहत रखा जाता है। सिंह ने कहा, त्योहारी सीजन में किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सरकार ने इस साल बफर स्टॉक में भारी बढ़ोतरी करते हुए तीन लाख टन प्याज खरीदा है।

### टॉप 10 में से 6 कंपनियों का मार्केट कैप 2,03,010.73 करोड़ बढ़ा

# रिलायंस-टीसीएस को सर्वाधिक लाभ

**एजेंसी। मुंबई**




बीते सप्ताह शेयर बाजार में अच्छी बढ़त देखने को मिली। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 780.45 अंक या 1.19 प्रतिशत के लाभ में रहा। वहीं अंतिम कारोबारी विगत शुक्रवार को सेंसेक्स नये सर्वकालिक उच्चस्तर 66,060 ।90 पर बंद हुआ। शेयर बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच सेंसेक्स की टॉप 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण सामूहिक रूप से 2,03,010.73 करोड़ बढ़ गयी। इससे रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) सबसे अधिक लाभ में रहीं। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 69,990.57 करोड़ के उछाल के साथ 18,53,033.73 करोड़ पर पहुंच गया। टीसीएस की बाजार हैसियत 68,168.12 करोड़ की बढ़ोतरी के साथ 12,85,058.84 करोड़ पर पहुंच गयी। इंफोसिस का मार्केट वैल्यूएशन 39,094.81 करोड़ बढ़कर 5,91,547.67 करोड़ हो गया। वहीं भारती एयरटेल के मूल्यांकन में 10,272.84 करोड़ रुपये का उछाल आया और यह 4,95,116.94 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बीते सप्ताह आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 10,135.42 करोड़ की वृद्धि के साथ 6,72,837.72 करोड़ पर पहुंच गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 5,348.97 करोड़ बढ़कर 5,87,951.43 करोड़ पर पहुंच गयी। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 8,695.25 करोड़ के नुकसान के साथ 9,19,962.74 करोड़ पर आ गयी। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार मूल्यांकन 8,299.89 करोड़ कम होकर 5,21,598.94 करोड़ रह गया।

### अगले साल मार्च तक 70% कर्मचारी कार्यालय से काम करने लगेंगे : सीईओ

**नई दिल्ली।** एचसीएल टेक्नोलॉजीज को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष के अंत तक उसके लगभग 70 प्रतिशत कर्मचारी दफ्तर से काम करने लगेंगे। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सी विजय कुमार ने कहा कि कंपनी अनुकूल और जरूरतों के हिसाब से हाइब्रिड (घर से या कार्यालय पहुंचकर, दोनों तरीकों से) मॉडल जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल एचसीएल टेक्नोलॉजीज में कार्यालय आने वाले कर्मियों की संख्या में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो रही है। कोविड-19 महामारी के बाद आईटी उद्योग में हाइब्रिड मॉडल की शुरूआत हुई थी। महामारी के बाद स्थिति सामान्य होने पर कई आईटी कंपनियां कर्मचारियों को कार्यालय आकर काम करने को कह रही हैं।

# एयर इंडिया के यात्री ने सीनियर ऑफिसर को मारा थप्पड़

**एजेंसी। मुंबई**



हवा में विमान यात्री के असभ्य व्यवहार की एक और घटना सामने आई है। हाल में सिडनी से दिल्ली के लिए रवाना विमान में सवार यात्री ने एयर इंडिया (एआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी के साथ कथित तौर पर गाली-गलौज की और उन पर हमला कर दिया। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि यह घटना तब हुई जब सीट की खराबी के कारण बिजनेस क्लास से इकोनॉमी क्लास में डाउनग्रेड किए गए एयर इंडिया के अधिकारी ने अपने सह-यात्री को उसकी ऊंची आवाज के कारण टोकने की कोशिश की। सूत्र ने आरोप लगाया कि शारीरिक हमले के बावजूद एयर इंडिया के चालक दल के सदस्य ने अनियंत्रित यात्री को रोकने के लिए निरोधक उपकरणों का इस्तेमाल नहीं किया। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने अपने बयान में कहा, 9 जुलाई, 2023 को सिडनी-दिल्ली उड़ान भरने वाले विमान एआई-301 पर एक यात्री ने मौखिक और लिखित चेतावनियों के बावजूद उड़ान के दौरान अस्वीकार्य तरीके से व्यवहार किया, जिससे अन्य यात्रियों को परेशानी हुई जिनमें हमारा एक कर्मचारी भी शामिल है। एयरलाइन ने कहा कि दिल्ली में विमान के सकुशल उतरने पर यात्री को सुरक्षा एजेंसी के हवाले कर दिया गया और यात्री ने बाद में लिखित में माफी मांग ली।

## विदेश

### यूएस में भारतीय-अमेरिकियों ने खालिस्तानी हमलों के विरोध में की रैली

**वाशिंगटन।** भारतीय वाणिज्य दूतावास में हाल में खालिस्तान समर्थकों द्वारा आगजनी की कोशिश किये जाने के बाद बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकियों ने भारत के प्रति एकजुटता व्यक्त करने के लिए यहां वाणिज्य दूतावास के बाहर एक शांति रैली आयोजित की। खालिस्तान समर्थकों द्वारा 2 जुलाई को ट्विटर पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास में आगजनी का कृत्य दिखाया गया था। यह कुछ महीनों के भीतर हिंसा की दूसरी घटना थी। शुक्रवार को बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकियों ने हालिया हिंसा के कृत्य के खिलाफ यहां भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर एक शांतिपूर्ण रैली की और भारत का समर्थन किया। प्रदर्शनकारियों ने उक्त हिंसा को आतंकवादी कृत्य बताया और हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कठघरे में खड़ा करने की मांग की।

### तालिबान का पलटवार-अफगानिस्तान में नहीं कोई टीटीपी आतंकी

# आरोप के बजाए सबूत दे पाकिस्तान

**एजेंसी। इस्लामाबाद**



पाकिस्तान का आरोप है कि अफगान तालिबान ने आतंकियों को शरण दे रखी है, जो लगातार पाकिस्तानी सैनिकों को निशाना बना रहे हैं। पाकिस्तान ने ये भी आरोप लगाया कि तालिबान दोहा समझौते का सम्मान नहीं कर रहा है। इस पर अब अफगान तालिबान ने पलटवार किया है। अफगानिस्तान ने कहा कि पाकिस्तान दोहा समझौते का हिस्सा नहीं है, इसलिए उसे उस पर बोलने का हक नहीं है। द खोरासान डायरी कि रिपोर्ट के मुताबिक अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने जवाब देते हुए कहा कि दोहा समझौता पाकिस्तान की जगह इस्लामी अमीरात अफगानिस्तान और अमेरिका के बीच हुआ था। उन्होंने आगे कहा कि क्योंकि अफगानिस्तान पाकिस्तान को एक मुस्लिम भाईचारा वाला पड़ोसी मानता है, इसलिए वह दोहा समझौता के बाहर भी पाकिस्तान से संबंध बना कर रखता है। अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल पाकिस्तान के खिलाफ नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के अस्थिर होने से पूरे क्षेत्र में असुरक्षा पैदा होगी, जो अफगानिस्तान के हित में नहीं है। प्रवक्ता ने दावा किया कि अफगानिस्तान में टीटीपी नहीं है। अगर पाकिस्तान के पास कोई सबूत है तो वह हमसे साझा करे। हम इस पर विचार करेंगे और कार्रवाई करेंगे। शनिवार को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने फटकार लगाते हुए कहा था, 'अफगानिस्तान की जमीन पाकिस्तान के खिलाफ इस्तेमाल की जा रही है। इसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।' सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने भी एक्शन लेने की बात कही थी। ख्वाजा आसिफ ने कहा था कि अफगानिस्तान पड़ोसी और भाई होने का अधिकार नहीं निभा रहा और दोहा समझौते का पालन नहीं कर रहा। 50-60 लाख अफगानियों को 40-50 साल के लिए पाकिस्तान में सभी अधिकारों के साथ शरण मिली हुई है। आगे उन्होंने कहा, 'इसके विपरीत पाकिस्तानियों का खून बहाने वाले आतंकियों को अफगानिस्तान की धरती पर शरण मिल रही है। यह अब और नहीं चल सकता।

### कंगाली | पाकिस्तान से भी खराब है ईरान देश के हालात

# इंस्टाग्राम पर किडनी बेचने को मजबूर लोग

**एजेंसी। तेहरान**

पाकिस्तान की आर्थिक कंगाली जग जाहिर है लेकिन एक और इस्लामिक देश है जिसके हालात पाक से ज्यादा खराब हो गए हैं। यह पाकिस्तान का पड़ोसी देश ईरान है। ईरान की बर्बाद हो चुकी अर्थव्यवस्था के बीच लोगों को अपना जीवन चलाने के लिए बहुत खतरनाक कदम उठाना पड़ रहा है। द नेशनल की रिपोर्ट के मुताबिक ईरानी लोग पैसे की खातिर अब अपने शरीर के अंग तक बेचने को मजबूर हो गए हैं। इंस्टाग्राम पर ईरानी लोग अपनी किडनी, लीवर और अन्य अंगों को बेच रहे हैं। यही नहीं ईरान की गलियों में कई ऐसे विज्ञापन लगे हैं जिसमें ब्लड ग्रुप, उम्र और फोन नंबर तक लिखे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की राजधानी तेहरान के वलिअस्त्र चौक पर ये विज्ञापन लगे हुए हैं। यहां रहने वाले केयहान कहते हैं कि मैं गिनती नहीं कर सकता हूं कि कितने लोगों ने किडनी खरीदने के




लिए संपर्क किया है। केयहान ने कहा कि उन्होंने इसका विज्ञापन ट्विटर, इंस्टाग्राम और टेलीग्राम पर दिया था। यहां पर कई अंग बेचने वाले चैनल्स के 10 हजार से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। कभी कंस्ट्रक्शन का काम करने वाले केयहान ने कहा कि उन्हें इस धंधे से अपना गुजारा करना भी मुश्किल हो गया। यही नहीं फजीवाड़े के कारण उन्हें धन भी गंवाना पड़ा। उन्होंने बताया कि एक बार जब खरीददार मिल जाएगा और अंतिम कीमत का फैसल हो जाएगा तो उन्हें मेडिकल टेस्ट कराना होगा। केयहान का कहना है कि जो लोग अपनी किडन या लीवर बेच रहे हैं, उनके पास अपने जीवन को चलाने का और कोई विकल्प नहीं है। ईरान दुनिया में एकमात्र ऐसा देश है जहां पर किडनी बेचना गैरकानूनी नहीं है। साल 1980 के दशक से ही ईरान की सरकार ने 1 करोड़ रियाल फिक्स दाम रखा है लेकिन काला बाजार में इससे कहीं ज्यादा पैसा मिल रहा है। कई ऐसी संस्थाएं हैं जो लोगों को अपने अंग बेचने से रोकती हैं लेकिन वित्तीय मदद सीमित है और इतना नहीं रहती है कि लोग अपने अंग बेचने से पीछे हट जाएं। एक सर्वे के मुताबिक साल 2011 से लेकर अब तक ईरान में 10 फीसदी परिवार गरीबी में चले गए हैं। इस बीच ईरान में महंगाई की दर 49 फीसदी के स्तर को भी पार कर सकती है।

### अमेरिका के अलास्का में 7.2 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के अलास्का प्रायद्वीप क्षेत्र में रविवार सुबह 7।2 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) की शुरूआती रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गयी है। अभी जान या माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। यूएसजीएस ने बताया कि भूकंप अलास्का प्रायद्वीप के अपतटीय क्षेत्र में 21 किलोमीटर की गहराई पर केंद्रित था। इसने शुरूआत में भूकंप की तीव्रता 7।4 बताई थी लेकिन बाद में इसमें सुधार कर इसे 7।2 कर दिया। भूकंप का केंद्र अलास्का के सेंड पॉइंट से 55 मील दूर था। अलास्का भूकंप केंद्र के अनुसार, भूकंप के झटके अलास्का प्रायद्वीप, अलूशन आइलैंड्स और कुक इनलेट क्षेत्रों में महसूस किये गये।अमेरिका में भूकंप के झटके से अलास्का के द्वीप पर भयंकर कंपन महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर जब इस भूकंप की तीव्रता मापी गयी तो 7।2 के आंकड़े ने सबके माथे पर चिंता की लकीरें उकेर दीं।

## पेज एक के शेष

### राज्य कई जिलों में ...

की वजह से मक्का के फसल भी लक्षित 03 लाख 12 हजार 560 हेक्टयर की जगह सिर्फ 65 हजार 525 हेक्टेयर क्षेत्र (20.96%) में लगा है। दलहन की बात करें तो राज्य में इस वर्ष 06 लाख 12 हजार 900 हेक्टेयर जमीन पर दाल की फसल लगाने का लक्ष्य था। जिसमें से महज 41 हजार 527 हेक्टेयर (6.78%) में ही दलहन की फसल लगाई जा सकी है। राज्य में इस वर्ष तिलहन के लिए 60 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसमें से महज 07 हजार 39 हेक्टेयर (11.73%) के ही तिलहन की फसल लगाई जा सकी है।

**पिछले 24 घंटे में गुमला जिले में हुई है सबसे अधिक वर्षा:** मौसम केंद्र से मिले आंकड़ें के अनुसार, राज्यभर में पिछले 24 घंटें में मानसून सक्रिय और अनुकूल रहा है। रांची, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम, डाल्टनगंज, बोकारो सहित कई जिलों में कहीं अच्छी तो कहीं मध्यम दर्जे की वर्षा हुई है। जगरनाथपुर में भारी बारिश 92 मिमी रिकॉर्ड किया गया है।

### राजधानी रांची में होटल...

रुपये लेवी (रंगदारी) की मांग की गई थी।रंगदारी नहीं मिलने परकमरुल हक को जान से मार देने की धमकी भी दी गई थी। इस मामले को लेकर कमरुल हक ने रातों थाने में प्राथमिकी भी दर्ज करवाई थी।

अपराधियों के निशाने पर कमरुल हक ही थे क्योंकि अपराधियों के आने से मात्र 5 मिनट पहले ही कमरुल होटल के पास ही मौजूद थे। अपराधियों को यह बताया गया था कि कुर्ता पजामा पहने हुए व्यक्ति को गोली मारना है।

कमरुल भी कुर्ता पजामा पहन कर ही होटल के बाहर बैठे हुए थे , लेकिन अपराधियों के हमले से ठीक 5 मिनट पहले वह किसी जरूरी काम से वहां निकल गए। जब अपराधी मौके पर पहुंचे तो होटल के दोनों कर्मचारी चाय पी रहे थे दोनों में से एक कुर्ता पजामा पहने हुए थे ऐसे में अपराधियों को लगा कि वही कमरुल है और कुर्ता पजामा पहने हुए व्यक्ति को निशाना बनाकर अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में 2 लोगों को गोलियां लगी इसके बाद अपराधी मौके से फरार हो गए।

**रंगदारी का मामला :** रांची के ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि कमरुल हक ने 2 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करवाई थी दोनों को हिरासत में लिया गया है और उसे पूछताछ की जा रही है। अपराधियों की तलाश में पुलिस के द्वारा छापेमारी भी की जा रही है।

### संजय हत्याकांड...

में सोनू द्वारा हथियार सप्लाई करने की बात पुलिस को बतायी थी। इसके बाद पुलिस ने जब मामले की तफ्तीश की तो पता चला कि आरोपी सोनू हत्या के एक मामले में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद हैं। पुलिस आरोपी के जमानत की जानकारी इक्ट्ठा की।

इसी क्रम में पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी सोनू का जमानत शनिवार को हो चुका है। शाम हो जाने की वजह से वह जेल से बाहर नहीं निकल सका। रविवार की सुबह से ही पुलिस की टीम जेल के बाहर सादे लिबास में तैनात हो गयी। जैसे ही आरोपी जेल से बाहर निकलकर अपने घर की ओर जाने लगा। तभी सादे लिबास में तैनात पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया। उसे पकड़कर पुलिस सीधे सुखदेवनगर थाना लायी। सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मधुकम निवासी बिल्डर कमल भूषण की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। राहुल कुजूर ने बिल्डर की पुत्री से शादी कर ली थी। इसको लेकर दोनों के बीच दुश्मनी शुरू हो गयी थी। इसी क्रम में बिल्डर ने राहुल की हत्या करने की धमकी दी थी। इसी वजह से राहुल ने शूटरों के जरीए कमल की 30 मई 2022 को रातू रोड में गोली मारकर हत्या करवा दी थी। इस मामले में राहुल, उसकी मां सुशीला समेत कई अपराधियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा था। इस मामले में शूटर सोनू यादव फरार था। उसने ही कमल भूषण को गोली मारी थी। कुछ दिन कोर्ट में सोनू ने सरेंडर किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया था।

### झारखंड के लिए ...

यह जागरुकता के माध्यम से ही होगा। न्यायाधीश एसके द्विवेदी ने कहा कि झारखंड में इस तरह के मामलों की संख्या ज्यादा है। इसके कई कारण हैं। जागरुकता और त्वरित न्याय ही इससे बचाव का रास्ता है। इस अवसर पर झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस चंद्रशेखर, जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद, जस्टिस रोगन मुखोपाध्याय, गुजरात हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस सोनिया कोगानी के अलावा अधिवक्ता और पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### 'चंद्रयान-3' की सफल ...

सुरक्षित रूप से अंतरिक्ष में भेजने और वापस लाने की प्रणाली विकसित करने पर प्रयोग चल रहे हैं। इसके लिए प्रक्षेपण यान में एक क्रू एस्केप सिस्टम जोड़ा जाएगा। आपको बता दें कि क्रू एस्केप सिस्टम एक रॉकेट पर स्थापित एक विशेष प्रणाली है, जो अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाती है। इन प्रणालियों का उद्देश्य किसी भी विफलता की स्थिति में अंतरिक्ष यात्रियों को बचाना है। वर्तमान रॉकेट जिसका उपयोग उपग्रहों के पिछले प्रक्षेपणों के लिए किया गया था, उसमें वह प्रणाली नहीं है। चूंकि इसमें मानव जीवन शामिल है, इसलिए इस प्रणाली को प्रक्षेपण यान की तुलना में अधिक विश्वसनीयता की आवश्यकता होती है। गगनयान मिशन का उद्देश्य मनुष्यों को पृथ्वी के 400 किलोमीटर के दायरे में लाना और उन्हें सुरक्षित वापस लाना है। गगनयान उसी एलवीएम 3 एम4 रॉकेट का उपयोग करेगा, जिसका उपयोग चंद्रयान 3 को लॉन्च करने के लिए किया गया था।

जिस समय चंद्रयान मिशन के लिए रॉकेट का उपयोग किया गया था, उस समय रॉकेट पर इसके लिए विशेष व्यवस्था सफलतापूर्वक स्थापित की गई थी। चंद्रयान 3 की सफल लॉन्चिंग के बाद इसरो काफी आश्वस्त है। अगर यह मिशन पूरी तरह सफल रहा तो इसरो धीरे-धीरे गगनयान के सपने की ओर चलना शुरू कर देगा।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



**CHAMBER**

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# भारत-इंडोनेशिया वार्ता में निवेश व्यापार पर रहेगा जोर : सीतारमण

**एजेंसी। गांधीनगर**

भारत-इंडोनेशिया आर्थिक और वित्तीय वार्ता में द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने, वित्तीय सेवाओं और बुनियादी ढांचे के विकास आदि पर जोर रहेगा। वार्ता की शुरूआत की घोषणा करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह वार्ता उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के परिप्रेक्ष्य से मुद्दों पर आम समझ तक पहुंचने और वैश्विक एजेंडे को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने यहां आयोजित जी20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की तीसरी बैठक के मौके पर कहा कि यह वार्ता वैश्विक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में योगदान करते हुए भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के बीच बेहतर सहयोग प्रदान करेगी। सोमवार से यहां शुरू हो रही दो



दिवसीय वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक की सह-अध्यक्षता सीतारमण और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास करेंगे।

उन्होंने कहा कि दोनों देश साझा हित के मुद्दों पर चर्चा करेंगे, जो रिश्तों को बढ़ाने में पारस्परिक रूप से लाभकारी हैं। वित्त मंत्री ने कहा, सहयोग के क्षेत्रों में द्विपक्षीय निवेश, वित्तीय सेवाएं और बुनियादी ढांचे का विकास और अन्य रहेंगे। उदाहरण के लिए, भारत ने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में विशेषज्ञता विकसित की है तो यह सुविधाजनक और किफायती डिजिटल भुगतान के लिए समाधान प्रदान कर सकता है। यह इंडोनेशिया को अपने वित्तीय समावेशन लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता कर सकता है। भारत और इंडोनेशिया दोनों तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं हैं और कई मायनों में समान हैं। उन्होंने कहा कि दोनों जी20, डब्ल्यूटीओ और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन जैसे बहुपक्षीय संगठनों के सक्रिय सदस्य हैं। भारत ने इंडोनेशिया से जी20 की अध्यक्षता ली है और कई पिछले मुद्दे हैं जिन्हें हम अपनी अध्यक्षता के दौरान आगे बढ़ाना जारी रख रहे हैं।

## देश के विकास में इन्फ्रास्ट्रक्चर निवेश अहम : भूपेन्द्र पटेल



**मुख्यमंत्री** भूपेन्द्र पटेल ने रविवार को गांधीनगर के गिफ्टसिटी में जी-20 समिट के इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टर्स डायलॉग की शुरूआत कराई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसी भी देश की तरक्की और समृद्धि में इन्फ्रास्ट्रक्चर निवेश सबसे अहम है। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय स्थिरता सामाजिक विकास के साथ ही आर्थिक विकास व निवेश के अवसर सार्थक हो सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गिफ्ट परिसर को देश का प्रथम इन्टरनेशनल फाइनांस सर्विस सेंटर (आईएफएससी) होने का गौरव हासिल है। यह गिफ्ट सिटी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को साकार करने वाला है। यह परिसर पहली बार इन्टरनेशनल डिस्कशन प्लेटफार्म बना है। मुख्यमंत्री ने गुजरात को बिजनेस और फाइनेंशियल हब बनाने की इच्छा जताते हुए कहा कि राज्य में पिछले दशकों से लगातार बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आ रहा है, यह गुजरात पर ग्लोबल बिजनेस के भरोसे का प्रमाण है। वर्ष 2022-23 के दौरान गुजरात में 4.7 बिलियन डॉलर से अधिक एफडीआई मिला है। गुजरात में वर्ल्ड क्लास बिजनेस इको सिस्टम है। गतिशीलता, उद्यमशीलता, स्कील्ड वर्कफोर्स और कन्ड्यूसिव बिजनेस एन्वायरमेंट जैसी सुविधाएं गुजरात के पिछले दो दशक से अधिक समय से विकासयात्रा के मूल में हैं।

## म्यांमार के विदेश मंत्री से मिले जयशंकर

# ड्रग्स-मानव तस्करी का मुद्दा उठाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को अपने म्यांमार के समकक्ष यू. थान स्वे के समक्ष ड्रग्स और मानव तस्करी का मुद्दा उठाया। उन्होंने पड़ोसी देश में मौजूदा मानवीय स्थिति पर नई दिल्ली की चिंता से भी उन्हें अवगत कराया। जयशंकर ने दोनों देशों के सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने मुलाकात के बाद ट्वीट किया, ये हाल में काफी अशांत क्षेत्र रहे हैं। स्थिति को खराब करने वाली किसी भी कार्रवाई से बचना चाहिए। जयशंकर ने बैंकॉक में मेकांग गंगा सहयोग (एमजीसी) बैठक के इतर स्वे से मुलाकात की। वह शनिवार को जकार्ता से बैंकॉक पहुंचे थे, जहां उन्होंने आसियान विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लिया था। जयशंकर ने स्वे के साथ बैठक के बाद ट्वीट किया, आज बैंकॉक में मेकांग गंगा सहयोग (एमजीसी) की बैठक के मौके पर महामहिम



यू. थान स्वे से मुलाकात हुई। मानव और मादक पदार्थों की तस्करी के बारे में चिंताओं को उजागर किया। तस्करी के पीड़ितों की शीघ्र वापसी के लिए संबंधित पक्षों के बीच मजबूत सहयोग का आग्रह किया। एक निकटस्थ पड़ोसी के रूप में भारत 'म्यांमार में मानवीय स्थिति को लेकर चिंतित हैं।'' विदेश मंत्री ने बैठक के दौरान स्वे के समक्ष म्यांमार में गंभीर चुनौतियों के समाधान के लिए जन-केंद्रित पहल का भी प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा, हमारी चर्चा कनेक्टिविटी पहल पर केंद्रित है जिसका क्षेत्रीय महत्व काफी ज्यादा है। आज दोपहर एमजीसी की बैठक में भी इन पर चर्चा की जाएगी। हाल के दिनों में चुनौतियों का सामना करने वाली परियोजनाओं में तेजी लाने के महत्व पर जोर दिया गया, खासकर भारत-म्यांमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग में।'' जयशंकर ने म्यांमार के विदेश मंत्री के साथ बैठक में कहा कि भारत म्यांमार में लोकतांत्रिक परिवर्तन प्रक्रिया का समर्थन करता है। उन्होंने शांति तथा स्थिरता की वापसी की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे ट्वीट किया, हम इस संबंध में आसियान के साथ अपनी नीति का बारीकी से समन्वय करेंगे।

# एनसीपी की बागी टीम ने शरद पवार से की मुलाकात, लिया 'आशीर्वाद'

**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र में एक नए राजनीतिक घटनाक्रम में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के टूटे हुए गुट ने रविवार दोपहर एनसीपी के संस्थापक-अध्यक्ष शरद पवार से अचानक मुलाकात की। मुलाकात करने वालों में उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे सहित कई मंत्री और अन्य वरिष्ठ नेता शामिल थे। बैठक के बाद पटेल ने कहा कि वे सभी शरद पवार का बहुत सम्मान करते हैं, वह उनके मार्गदर्शक और गुरु हैं। पटेल ने कहा, हम उनका आशीर्वाद लेने और काम करने तथा पार्टी को एकजुट रखने के लिए उनसे मिलने गए थे। उन्होंने धैर्यपूर्वक हमारी बात सुनी लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। रविवार की अचानक 30 मिनट की मुलाकात अजीत पवार के अपनी चाची (शरद पवार की पत्नी) प्रतिभा पवार से मिलने के दो दिन बाद हुई, जिनकी शुक्रवार को हाथ की सर्जरी हुई थी। शरद पवार से मुलाकात के बाद, अजीत पवार ने चचेरी बहन सुप्रिया सुले से भी बातचीत की। इसके बाद अजीत पवार ने कहा, राजनीति एक तरफ, परिवार हमेशा पहले। उन्होंने यह भी कहा कि वह अपनी अंतरात्मा की आवाज पर अपनी बीमार चाची से मिलने के लिए भी गए थे।

## जम्मू-कश्मीर में मोर्टार का जंग लगा गोला बरामद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास मोर्टार का जंग लगा गोला मिला है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार देर शाम बीएसएफ के जवानों ने सीमा चौकी चडवाल इलाके में जारी निर्माण कार्य के दौरान खुदाई में मोर्टार का जंग लगा गोला बरामद किया। अधिकारियों के मुताबिक, बम निरोधक दस्ते ने नियंत्रित विस्फोट कर मोर्टार के गोले को नष्ट कर दिया।

# यूपीए सरकार का मतलब अत्याचारः नड्डा

**एजेंसी। जयपुर**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस की यूपीए (संप्रग) सरकार का मतलब उत्पीड़न, पक्षपात और अत्याचार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ काम कर रही है। जयपुर के बीलवा में एक रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कांग्रेस की यूपीए का मतलब उत्पीड़न, पक्षपात



और अत्याचार है। ऐसा करने में वह शीर्ष पर है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ काम कर रही है। राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए भाजपा नेता ने कहा, यह यूपीए की सरकार है और यूपीए क्या है... यूपीए में यू का मतलब उत्पीड़न पी का मतलब पक्षपात और ए का मतलब अत्याचार है इसलिए यूपीए की सरकार उत्पीड़न, पक्षपात और अत्याचार करने वाली है। वह राज्य की कांग्रेस सरकार के खिलाफ नहीं सहेगा राजस्थान अभियान की शुरूआत करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यह अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जायेगा। राज्य में साल के अंत तक चुनाव प्रस्तावित हैं। नड्डा ने बटन दबाकर अभियान और एक थीम वीडियो जारी किया, जिसमें महिलाओं के खिलाफ अपराध, उदयपुर के कन्हैया लाल की हत्या, सांप्रदायिक दंगे और अन्य मुद्दों पर प्रकाश डाला गया है। उन्होंने राज्य सरकार का फेल कार्ड भी जारी किया। भाजपा अध्यक्ष ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह लोगों को लूटती है और उसने दलितों, आदिवासियों, महिलाओं पर अत्याचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं। उन्होंने आरोप लगाया, ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

# भारत ने नेपाल को 34 एम्बुलेंस 50 स्कूल बसें उपहार में दीं

**एजेंसी। काठमांडू**

भारत ने रविवार को नेपाल के विभिन्न संगठनों को 34 एम्बुलेंस और 50 स्कूल बसों सहित 84 वाहन उपहार में दिए। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नेपाल के शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री अशोक कुमार राय की उपस्थिति में प्रतिनिधि संगठनों को वाहनों की चाबियां सौंपीं। नेपाल में भारतीय दूतावास के एक बयान के अनुसार, श्रीवास्तव ने कहा कि यह स्वास्थ्य-शिक्षा क्षेत्रों में अपने बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए नेपाल सरकार के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए नेपाल-भारत विकास साझेदारी कार्यक्रम के तहत भारत सरकार की लंबे समय से चली आ रही परंपराओं में से एक रही है। उन्होंने कहा कि यह भारत-नेपाल के बीच बहुत मजबूत विकास साझेदारी का हिस्सा है, जिसका एक लंबा इतिहास और विरासत है, और पूरे नेपाल में भौगोलिक रूप से फैला हुआ है, जो लोगों के जीवन को प्रभावित करता है तथा नेपाल की विकास यात्रा में मजबूत गति देता है। देश में विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के लिए भारत सरकार की सराहना करते हुए, नेपाल के मंत्री ने उम्मीद जताई कि इससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे।

# किसान अपने अधिकारों के लिए करें संघर्ष : राहुल गांधी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राहुल गांधी ने 8 जुलाई को हरियाणा के सोनीपत में किसानों से मुलाकात की थी। रविवार को उन्होंने कहा कि विनम्र किसान अपने अधिकारों को समझते हैं और जब जरूरत होती है तो वे तीन कृषि कानूनों जैसे कानूनों के खिलाफ खड़े होते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्विटर पर किसानों के साथ बातचीत का लिंक साझा करते करते हुए कहा, "धान की रोपाई, रोटी- किसान भारत की ताकत हैं। भारत को एकजुट करने में किसानों का बहुत बड़ा योगदान है। उनका उगाया हुआ अनाज देश की हर थाली का हिस्सा है, लेकिन उनकी



तपस्या को सही प्रतिफल और सम्मान नहीं मिलता है। राहुल गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा अपने अगले चरण में हरियाणा के सोनीपत के खेतों में रुकी। सोनीपत, हरियाणा में मेरी मुलाकात दो किसान भाइयों, संजय मलिक और तसबीर कुमार से हुई। वो बचपन के जिगरी दोस्त हैं, जो कई सालों से एक साथ किसानी कर रहे हैं। उनके साथ मिल कर खेतों में हाथ बंटाया, धान बोया, ट्रैक्टर चलाया, और दिल खोल कर कई बातें हुईं। गांव की महिला किसानों ने अपने परिवार की तरह प्यार और सम्मान दिया और घर की बनी रोटियां खिलाईं। सच्चे और समझदार हैं भारत के किसान - अपनी मेहनत भी जानते हैं, अपने अधिकार भी पहचानते हैं। जरूरत आने पर काले कानूनों के खिलाफ डट जाते हैं तो साथ में एमएसपी और बीमा की सही मांग भी उठाते हैं। अगर हम उन्हें सुनें, उनकी बात समझें तो देश की कई समस्याएं भी सुलझ सकती हैं।




## जब शाहरुख खान से मिलने पहुंचे रैपर बादशाह, सलमान को देख रह गए दंग



**'जुगनू',** 'अभी तो पार्टी शुरू हुई है', 'डीजे वाले बाबू' और कई अन्य गानों के लिए मशहूर रैपर बादशाह ने हाल ही में उस समय को याद किया जब उन्होंने बॉलीवुड के दो सबसे बड़े सुपरस्टार शाहरुख खान और सलमान खान से मुलाकात की थी। उस वक्त दोनों एक्टर्स का पांच साल चला विवाद खत्म ही हुआ था। रैपर ने खुलासा किया कि उनके मैनेजर ने उनसे कहा था कि शाहरुख उनसे मिलना चाहते हैं। जब वह वहां पहुंचे तो उन्होंने सलमान को शाहरुख के साथ पाया। दोनों एक-दूसरे के साथ अपने किस्से शेयर करने में बिजी थे। बादशाह ने कहा, ''मैं शाहरुख खान और सलमान खान से एक अवॉर्ड शो के बैकस्टेज पर मिला था। मुझे लगता है कि जाहिर तौर पर उनका अभी-अभी पैच-अप हुआ था। मुझे याद है कि मेरे मैनेजर ने मुझसे कहा था, 'शाहरुख सर आपको बुला रहे हैं। मैं उनसे मिलने गया, सलमान सर भी वहां थे।''

## फिल्म 'कन्नीवेदी' में नजर आएंगी कीर्ति सुरेश



**राष्ट्रीय** पुरस्कार विजेता अभिनेत्री कीर्ति सुरेश 'मामनन' की सफलता से उत्साहित होकर अपनी आने वाली फिल्म 'कन्निवेदी' की घोषणा की है। अभिनेत्री ने फिल्म को लेकर पूजा सेरेमनी की फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की। अभिनेत्री ने लिखा, ''मेरी अगली फिल्म 'कन्निवेदी' के लिए आप सभी के प्यार और समर्थन की जरूरत है।'' गणेश राज द्वारा निर्देशित कन्निवेदी' एक थ्रिलर स्टोरी है। ड्रीम वॉरियर प्रोडक्शंस की यह फिल्म रविवार को चेन्नई में लॉन्च की गई। अभिनेत्री अगली बार फिल्म 'भोला शंकर' में नजर आएंगी।

## आनंद देवरकोंडा की 'बेबी' देखकर रो पड़ीं रश्मिका

**अल्लू अर्जुन** अभिनीत फिल्म 'पुष्पा द राइज' में अपने काम के लिए मशहूर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के हाल ही में तेलुगु फिल्म 'बेबी' देखते समय आंसू आ गए। जिसमें अभिनेता विजय देवरकोंडा के छोटे भाई आनंद देवरकोंडा हैं। रश्मिका ने विजय देवरकोंडा के साथ फिल्म देखी और बाद में फिल्म की समीक्षा साझा करने के लिए अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर की। अभिनेत्री ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, ''मुझे बेबी मूवी देखने का मौका मिला, परफॉर्मेंस देखकर मेरी आंखों में आंसू आ गए। मुझे लगता है कि ये सीन लंबे समय तक मेरे दिल में अंकित रहेंगे, मैं टीम को बधाई देती हूं।'' विशेष स्क्रीनिंग के बाद सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में रश्मिका की आंखों में आंसू थे और वह लिफ्ट की




ओर दौड़कर कार्यक्रम स्थल से बाहर चली गईं। बेबी में वैष्णवी चैतन्य और विराज अश्विन भी मुख्य भूमिका में हैं, जबकि साई राजेश इस फिल्म के लेखक और निर्देशक हैं। गीता आर्ट्स और मास मूवी मेकर्स बैनर के तहत एसकेएन द्वारा निर्मित इस फिल्म ने दर्शकों के बीच महत्वपूर्ण चर्चा पैदा की है। इस बीच, रश्मिका की 'एनिमल' और 'पुष्पाः द रूल' रिलीज के लिए तैयार हैं।

**उपलब्धि** | फ्रांसीसी सफ्रान-एचएएल भारत में बनाएंगे नई पीढ़ी के हेलीकॉप्टर

# बेंगलुरु में स्थापित होगी संयुक्त उद्यम कंपनी

### नया संयुक्त उद्यम भारत-फ्रांस के बीच वर्तमान सहयोग के क्षेत्र को और विस्तार देगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बेंगलुरु में अपनी नई संयुक्त उद्यम कंपनी स्थापित करने का निर्णय लिया है। यहां से नई पीढ़ी के हेलीकॉप्टर इंजनों की डिजाइन, विकास, उत्पादन और बिक्री की जाएगी। कंपनी का पहला उद्देश्य भारतीय रक्षा मंत्रालय (एमओडी) के लिए नई पीढ़ी के 13 टन वाले भारतीय मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर (आईएमआरएच) बनाना है। इसका नौसैनिक संस्करण डेक आधारित मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर (डीबीएमआरएच) भी बनाया जाना है। यह फ्रांस के साथ भारत का पहला घरेलू इंजन डिजाइन और विनिर्माण संयुक्त उद्यम होगा। एचएएल और फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान के बीच इस बारे में 08 जुलाई, 2022 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर और एयरो इंडिया-2023 के दौरान दोनों भागीदारों के बीच वर्क शेयर पर एक समझौता किया गया था। भारतीय और फ्रांसीसी एयरोस्पेस प्रमुख विशेष रूप से



रक्षा प्रौद्योगिकियों में भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण का समर्थन कर रहे हैं। सफ्रान और एचएएल इस हेलीकॉप्टर इंजन के संयुक्त उद्यम को अपने मजबूत, संतुलित और बढ़ते संबंधों में एक स्वाभाविक कदम के रूप में देख रहे हैं। सफ्रान हेलीकॉप्टर इंजन के सीईओ सेड्रिक गॉबेट ने कहा, हम भारतीय बाजार और भविष्य के निर्यात अवसरों के लिए इस नए टर्बोशॉफ्ट इंजन संयुक्त उद्यम को तैयार करने के लिए एचएएल और भारत के साथ साझेदारी करके वास्तव में उत्साहित हैं। यह न केवल हमारी दोनों कंपनियों के बीच, बल्कि भारत और फ्रांस के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। हम साथ मिलकर भारत में नए हेलीकॉप्टर इंजनों के डिजाइन और उत्पादन पर गर्व करेंगे।'' एचएएल के सीएमडी सीबी अनंतकृष्णन ने कहा, सफ्रान हेलीकॉप्टर इंजन कई दशकों से हमारा मूल्यवान भागीदार रहा है। हम दोनों ने 15 से अधिक प्रकार के विमानों और हेलीकॉप्टर इंजनों के निर्माण में एचएएल के अनुभव और टर्बोशॉफ्ट इंजन डिजाइन करने में सफ्रान हेलीकॉप्टर इंजन की विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए एक नई यात्रा शुरू की है। इसका उद्देश्य आईएमआरएच और डीबीएमआरएच पर तत्काल ध्यान केंद्रित करते हुए भारत में टर्बोशॉफ्ट इंजनों का सह-विकास और सह-उत्पादन करना है। यह साझेदारी आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में भारतीय रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को शामिल करेगी। फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान ने एक बयान में कहा कि एचएएल के साथ पहले से ही हेलीकॉप्टर पावर प्लांट पर कई सफल साझेदारियां हैं, जिसमें शक्ति इंजन भी शामिल है। एचएएल में निर्मित हेलीकॉप्टरों ध्रुव, रुद्र और लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच प्रचंड) के लिए 500 से अधिक शक्ति इंजन का उत्पादन पहले ही किया जा चुका है।